देना चाहते हैं तो हमको अपनी आर्थिक नीतियों में परिवर्तन करना होगा। 1970 के बाद से आज तक जो कुछ भी हमने किया है, उसका अगर सही अध्ययन किया जाए, विश्लेषण किया जाए, तो जाहिर होगा कि उसका लाभकारी प्रभाव समाज के पिछड़े वर्गों पर पड़ा है और जो भूमि और सम्पत्ति का हस्तान्तरण होना चाहिए और जिस के लिए हम चेष्टा कर रहे हैं, आज तमाम कठिनाइयों के बावजूद भी बहुत दूर तक वह हासिल हो सका है मैं यह नहीं कहता हूं कि ये सारे काम पूरे हो गये हैं मैं यह नहीं कहता हूं कि जो काम हम को करने चाहिएं, उनकी उपलब्धि हमें हो गई है लेकिन इस सदन का ध्यान इस ओर अवश्य दिलाना चाहूंगा और इस देश के जो आम लोग हैं, खास तौर से जो ग़रीब लोग हैं, उन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आज इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में गठित सरकार जिन नीतियों का पालन कर रही है, उन का सब से बड़ा फ़ायदा अगर किसी को हो सकता है, तो वह समाज के शोषित, पीड़ित और ग़रीब वर्ग को ही होगा और किसी दूसरे वर्ग को नहीं होगा। मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप सही माइनों में इस देश में लेफस्टिस्ट पालिसीज; वामपंथी नीतियों को प्रबल बनाना चाहते हैं तो आप का भी यह कर्त्तव्य है कि आप इस मौके पर जहां देश में इतनी ग़रीबी है, बेकारी है और इतनी समस्याएं हैं, तो हमारी सही नीतियों में समर्थन देने की कोशिश करें। हमारे सी० पी० आई० के मित्र कहते हैं और काफ़ी दूर तक हमारे सी० पी० एम० के मित्र कहते हैं कि हम वैदेशिक नीतियों में इस सरकार का समर्थन करते हैं लेकिन जहां तक आंतरिक नीतियों का सम्बन्ध है, उन में हम समर्थन नहीं करते। मैं आप से पूछना चाहता हूं कि यह कम्पार्टमेण्टेलाइज्ड थिंकिंग आप को कहां ले जाएगी? हमारे समाज में और हमारे इस देश में सोचने का तरीका इस तरह का बंटा हुआ नहीं होना चाहिए कि एक जगह तो आप समर्थन करें, और जोरदार समर्थन करें और दूसरी ओर उतना ही जोरदार विरोध करें। मैं आप को धन्यवाद देना चाहता हूं कि जहां तक वैदेशिक नीतियों का सवाल है, उसमें आप समर्थन देते हैं लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि जहां तक आन्तरिक नीतियों का सवाल है क्या आप देश की एकता बनाए रखने के लिए हमारी सरकार का समर्थन देने के लिए तैयार नहीं हैं? जहां आज साम्प्रदायिक तत्व इस देश में फिर से सिर उठाने की तैयारी कर रहे हैं या मैं यूं कहूं कि तीन साल तक जनता पार्टी के राज्य में जो उन्होंने ताकत हासिल की है, उसको बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं, क्या आप इस मद्दे पर, इस मोर्चे पर हमारा समर्थन करने के लिए तैयार नहीं हैं? मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं और गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि पिछले वर्ष भी इस मौके पर बोलते हुए मैंने मांग की थी कि पब्लिक प्लेसेज में, सार्वजनिक स्थानों में आर एस एस को अपनी शाखाएं लगाने पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए और मुझे खुशी है कि अभी समाचारपत्रों में पढ़ने पर यह जानकारी मिली है कि सरकार ने इस आशय की हिदायत जारी की है और राज्य सरकारों को ये प्रतिबन्ध लागू करने के लिए आदेश दिये हैं। क्या आप इन सवालों पर सरकार का समर्थन करने के लिए तैयार नहीं हैं? मैं यह कहना चाहूंगा कि इन प्रश्नों पर आप गहराई से सोचें। आप विरोधी दल में बठे हुए हैं, इसलिए नहीं, आप विरोधी दल से ऊपर उठकर भी अपनी जिम्मेदारी हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों के प्रति निभाएं। वे आप से भी उम्मीद करते हैं कि आप राष्ट्रीय नीतियों के मामले में सही दिशा में अपनी भूमिका अदा करें और आप यह

[श्री चन्द्रशेखर सिंह]

विश्वास रखें कि अगर आप सही मुद्दों पर सलाह देने की कोशिश करेंगे, तो आज जिन अभावों की तरफ आप हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं, जिन को आप हमारी कमजोरी समझते हैं, हमारी कमियां मानते हैं, वे कमियां भी आप के समर्थन से, आप के सहयोग से दूर की जा सकगी और हम सही माइनों में देश को एक दिशा दे सकते हैं। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आज जो एक फ्रण्ट बनाने की चेष्टा हो रही है, उस के लिए आम लोगों पर इस का कोई असर नहीं है और मैं आप से कहना चाहता हूं, कि केवल दल के दृष्टिकोण से हमारे लिए यह कोई चिन्ता का विषय नहीं है। आप कितना ही मोर्चा बनाएं, कितना ही फ्रण्ट बनायें, राजतोति में दो-दो मिल कर हमेशा चार नहीं होते हैं, दो-दो मिल कर एक भी हो जाता है। इसलिए मैं वामपंथी साथियों से कहना चाहता हूं कि इस से आपका ताकत बढ़ने वाली नही। वह गिरेगी, आपकी छवि धूमिल होती चली जाएगी। इस से आपकी छवि अच्छी होने वाली नहीं है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह प्रश्न केवल दल का नहीं है और नाही मैं यह केवल एक दल के नाते कह रहा हूं। आज देश में जो गरीबी है, उन गरीब इंसानों के दृष्टिकोण से हमको और आपको सोचना है और उनके लिए चेष्टा करनी है। अगर आप उन लोगों की समस्याओं का निदान चाहते हैं तो आपको इस मौके पर हमारे दल और हमारी सरकार जो कि प्रगतिशील नीतियों और शक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है, उसका समर्थन करने के लिए आपको आगे बढ़ना होगा और देश के लिए आपको सही रूप से अपना योगदान देना होगा।

इन शब्दों के साथ मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं।

**श्री कमला मिश्र मधुकर :** उपाध्यक्ष जी, मैं गृह मंत्रालय की मांगों का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं (व्यवधान) घबराइये नहीं, क्यों मैं यह कर रहा हूं, यह मैं आपको बता रहा हूं।

केरल में आपने जोड़ तोड़ का मंत्रिमण्डल कायम किया। उस समय हम लोगों ने मांग की थी कि वहां चुनाव होने चाहिए। वहां आपने चुनाव नहीं कराये। फ़िर अल्पमत वाले मंत्रिमण्डल का जो हृस होना था वह हुआ। पश्चिम बंगाल में चुनाव की आवाज उठ रही है। इसी तरह से दिल्ली में भी चुनाव की मांग उठ रही है और आप इन्हें टालने की कोशिश कर रहे हैं। आपने देश में नासा, मीसा, अशांत क्षेत्र जैसे कानून बनाए और उनके जरिए आप मजदूर आन्दोलनों को कुचलने का प्रयत्न करते रहे। पिछली जनवरी में मजदूरों ने अपनी मांगों की पूर्ति के लिए हड़ताल की और इन नासा और मीसा के अन्दर मजदूरों को गिरफ्तार किया। हमारे श्री भोगेन्द्र झा को भी गिरफ्तार करने का प्रयत्न किया। पुलिस ने पूरा जोर लगाया लेकिन उसके वावजूद वह हड़ताल हुई।

देश आज एक भयंकर खतरे से गुजर रहा है। राष्ट्रीय एकता को खतरा है। विघटनकारी शक्तियां देश में काम कर रही हैं। हिन्दू-मुस्लिम एकता खतरे में पड़ रही है। असम, मणिपुर मेघालय में समस्याएं बनी हुई हैं। आप असम की समस्या हल नहीं कर सके हैं। पंजाब में खालिस्तान की मांग उठ रही है

ग्रौर कश्मीर में जमायते इस्लामी का काम खतरनाक हो गया है । भाषाई, जातीय ग्रौर प्रादेशिक सवालों को ले कर देश में विघटनकारी शक्तियां साजिश कर रही हैं ।

यह सब देश में क्यों हो रहा है ? इसलिए हो रहा है कि देश पूंजीवाद की राह पर चलाया जा रहा है । ग्राज पूंजीवाद संकट में है । जब पूंजीवाद संकट में होता है तो इसी प्रकार से होता है । ग्रापने जापान ग्रौर ग्रमेरिका में जो हुग्रा, उसके बारे में देखा होगा । जहां पूंजीवाद चलता है वहां घूसखोरी ग्रौर भ्रष्टाचार चलता ही है । ग्रापके करने से इसमें कुछ नहीं होगा । इसलिए ग्राज देश भयंकर संकट से गुजर रहा है । ग्राप कितना ही मोर्चा बनाएं, कितना ही फ्रंट बनायें, राजनीति में दो-दो-मिल कर हमेशा चार नहीं होते हैं, दो-दो मिल कर एक भी हो जाता है । इसलिए मैं वामपंथी साथियों से कहना चाहता हूं कि इस से ग्रापकी ताकत बढ़ने वाली नहीं । वह गिरेगी, ग्रापकी छवि धूमिल होती चली जाएगी । इस से ग्रापकी छवि ग्रच्छी होने वाली नहीं है ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह प्रश्न केवल दल का नहीं है ग्रौर नाहीं मैं यह केवल एक दल के नाते कह रहा हूं । ग्राज देश में जो गरीबी है, उन गरीबीं इंसानों के दृष्टिकोण से हमको ग्रौर ग्रापको सोचना है ग्रौर उनके लिए चेष्ठा करनी है । ग्रगर ग्राप उन लोगों की समस्याग्रों का निदान चाहते हैं तो ग्रापको इस मौके पर हमारे दल ग्रौर हमारी सरकार जो कि प्रगतिशील नीतियों ग्रौर शक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है, उसका समर्थन करने के लिए ग्रापको ग्रागे बढ़ना होगा ग्रौर देश के लिए ग्रापको सही रूप से ग्रपना योगदान देना होगा ।

इन शब्दों के साथ मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं ।

ग्राज सारे देश में नारे लग रहे हैं—
बन्देमातरम् गायेगा नहीं तो,
भारत से जायेगा ।
धर्मनिरपेक्षता तभी तक हिन्दू
बहुमत जभी तक ।

ग्रापने इनके बारे में क्या किया है ? क्या ग्राप ग्रसावधान हैं ? हिन्दू मुस्लिम सवाल को ग्रापने हल नहीं किया है । मुसलमानों को उनकी जन संख्या के ग्राधार पर ग्रापने नौकरियां नहीं दी हैं । उन के साथ ग्रापने भेदभाव किया है । उर्दू के सवाल को ग्रापने ठीक से हल नहीं किया है । इतिहास के पृष्ठों को लिखने में गड़बड़ियां की गई हैं, ग्रन्तर्राष्ट्रीयवाद के नाम पर । गलत सलत जो तारीख लिखी गई है, उसको ठीक करने की कोशिश नहीं की गई है । यह जरूरी था । यह जरूरी है कि देश में राष्ट्रीय शक्तियों का, सक्युलर शक्तियों का एक मंच बनाया जाए । राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है । मुस्लिम समुदाय को ग्रपने साथ ग्राप लेने का प्रयत्न करें । उनके सवालों को हल करने में झिझक नहीं होनी चाहिए । उनकी लैंगुएज के सवाल को ग्राप हल करें, उनकी संस्कृति के सवाल को ग्राप हल करें । उनके नौजवानों को ग्राप तरजीह दें ताकि उनके ग्रन्दर जमाते इस्लामी जो काम कर रही है वह न कर सके । यह संयोग की बात है कि जमाते इस्लामी ग्रौर ग्रार एस एस जो ग्रपोज़िट डायरेक्शन में चलनी चाहिए, एक ही डायरेक्शन में चल रही है दोनों एक साथ मिल कर काम कर रही हैं । ऐसा मालूम देता है कि दोनों ग्रपने सपनों को साकार

[श्री कमला मिश्र मधुकर]

करने के लिए एक हो गई हैं। हिन्दू मुस्लिम को लड़ा कर देश को बरबाद करने के लिए दोनों एक हो गई हैं। इस खतरे से आपको सावधान रहना चाहिए। इसको आपको हल करना चाहिए। तमाम जो धर्म निरपेक्ष शक्तियां हैं जैसा चन्द्र-शेखर बाबू ने कहा उनको एक होकर इनका मुकाबला करना चाहिए, पोलिटिकल प्लेन पर यह किया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो देश की एकता कायम नहीं रहेगी।

सी० आई० ए० की एक्टिविटीज भी बहुत जोर से चल रही है। क्रिस्चियन मिशनरीज़ उत्तर पूर्व के इलाके में बहुत सक्रिय हैं। उनसे आपको सावधान रहना होगा। ऐसा आपने नहीं किया तो देश की एकता और अखण्डता खंडित हो जाएगी।

कुरप्शन की हालत यह है कि अन्तुले साहब तक को हटना पड़ा है। ** का नाम आ रहा है। उनको भी हटना पड़ेगा। पता नहीं कितने लोग जाएंगे। जो सोसाइटी कुरप्शन पर आधारित हो उस में से आप कुरप्शन तब तक दूर नहीं कर सकेंगे, जब तक आप सोसाइटी में आमूल-चूल परिवर्तन नहीं करते हैं। सोसाइटी के ढांचे को आपको बदलना पड़ेगा। व्यवस्था ही कुरप्ट है। जब तक आप व्यवस्था को नहीं बदलेंगे तब तक कुरप्शन दूर नहीं होगा। फिर आप चाहे कितनी ही हाय तोबा क्यों न मचाएं, यह समस्या हल नहीं होगी। जो सोसाइटी पूंजीवाद पर आधारित होती है उसमें से कभी कुरप्शन दूर नहीं हो सकती है। इसी वास्ते हमारे देश में भी कुरप्शन रेम्पेंट है। इस को आपको देखना होगा और आमूल-चूल परिवर्तन आपको करने होंगे।

ला एण्ड आर्डर की समस्या को आप लें। यह कितनी बिगड़ गई है इसका पता आप इसी से लगा सकते हैं कि पश्चिम चम्पारन जिले के डिस्ट्रिक्ट जज ने अपनी एक जजमेंट में यहां तक लिखा है कि टू पैरेलल गवर्नमेंट्स आर रनिंग इन चम्पारन। डकैत किसी बड़े आदमी को पकड़ कर ले जाते हैं और पैसा मांगते हैं अगर पैसा मिल जाने पर उसको छोड़ देते हैं। आपकी सी० आर० पी० बी० एस० एफ० और जितनी बिहार की पुलिस है कुछ नहीं कर पाती है। सब प्रयत्नों के बावजूद जगन्नाथ मिश्र की सरकार पश्चिमी चम्पारन और पूर्वी चम्पारन के डकैतों को रोकने में असमर्थ रही है। यह ला एण्ड आर्डर की आज हालत है। दिल्ली तक की क्या अवस्था है, यह आप को रोज़ अखबारों में पढ़ने को मिल जाता है। पार्लियामेंट में कितनी ही बार इस पर चर्चा हो चुकी है। ग्रह मंत्रालय की रिपोर्ट में भी यही बताया गया है। ज्यों-ज्यों दवा की, मर्ज बढ़ता ही गया वाली लोकोक्ति चरितार्थ हो रही है।

हरिजनों और आदिवासियों की करोड़ों में संख्या है। उनकी समस्याएं हल नहीं हो सकी हैं। हरिजनों पर रोज़ अत्याचार होते हैं। मैं आंकड़ों में नहीं जाऊंगा। सामूहिक ढंग से हरिजनों के घरों को जलाना, उनकी हत्याएं करना एक आम बात हो गई है। उनको संरक्षण नहीं मिलता है। उनका सामाजिक बहिष्कार होता है। उनके वास्ते पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। उनको आवास तक के लिए भूमि नहीं दी गई है। सामाजिक तौर पर उनका बहिष्कार होता है, जातपात के आधार पर उनके साथ भेदभाव किया जाता है। उनकी समस्याओं को आप हल नहीं कर सकते हैं तो किस बात के लिए आप गृह मंत्री हैं

**Not recorded.

ग्रौर क्यों ग्रापने यह गृह मंत्रालय सम्भाल रखा है ?

हरिजन ग्रौर ग्रादिवासी ग्राज जाग रहे हैं ग्रौर ग्रपने ग्रधिकारों की मांग कर रहे हैं। जो चेतना गरीब लोगों में ग्रपने ग्रधिकारों के प्रति जग रही है उसको ऊंची जाति ग्रौर पैसे वाले लोग कबूल नहीं करते हैं। इसीलिए ग्रापको भूमि सुधार कानून को सख्ती से लागू करना पड़ेगा तभी यह समस्या हल हो सकती है ग्रौर उनके जीवन में ग्रात्मोन्नति ग्रा सकती है।

ग्राज बेकारी का भी यही हाल है, बढ़ती जा रही है। नौजवान जो बेकार हैं वह निश्चित रूप से क्राइम में जायेंगे। देहातों में ऐसे लोगों को छोटे छोटे हथियार मिल रहे हैं जिनके लिए लाइसेंस की कोई जरूरत नहीं है। गांवों में बड़े समुदाय के द्वारा छोटी जातियों को दबाया ग्रौर लूटा जा रहा है। ग्रापके ग्रांकड़े बताते हैं कि देश में बेकार नौजवानों की संख्या 4 करोड़ 60 लाख होने जा रही है। तो फिर यह बेकार नौजवान तूफ़ान मचायेंगे, जिसमें ग्राप तिनके की तरह उड़ जायेंगे।

बंधुग्रा मजदूरों का सवाल लीजिए। श्रम मंत्री ने कहा था कि 10 राज्यों में यह समस्या है। ग्रापने इस सवाल को हल नहीं किया जब कि 34 वर्ष ग्राजाद हुए हमको हो गये। इस समय में भी ग्रगर ग्राप इस कुप्रथा को नहीं मिटा सके, तो ग्राप किस मर्ज की दवा हैं ? इसको समाप्त करने के लिए ग्रापको तेज़ी से काम करना होगा।

ग्रापने तमाम तरह के काले कानून लागू कर रखे हैं जैसे एन० एस० ए०, डिस्टर्ब्ड एरियाज़ एक्ट, ई० एस० एस० एम० ए०, इन काले कानूनों को ग्राप वापस लीजिए क्योंकि वह जनवाद ग्रौर जनता विरोधी कानून हैं। इसी तरह से गरीबी रेखा का सवाल है। जितनी पंचवर्षीय योजनाएं खत्म होती गई गरीबी की रेखा के नीचे लोगों की संख्या बढ़ती ही गई ग्रौर ग्राज 50 फ़ीसदी लोग उस रेखा के नीचे पहुंच गये हैं। जहां यह हालत हो वहां क्या भयंकर स्थिति हो सकती है, इसका ग्रनुमान ग्राप सहज लगा सकते हैं। ग्रगर ग्रापके दिल में दर्द है तो ग्राप स्वयं कल्पना कर सकते हैं; माननीय चन्द्रशेखर बाबू ने कहा कि श्रीमती इन्दिरा गांधी का कार्यक्रम गरीबों की समस्याग्रों को हल करने के लिए ही है। ग्राप बतायें इतने सालों के ग्रन्दर ग्रगर गरीबी की रेखा के नीचे जाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही हो तो ऐसी सरकार का समर्थन कैसे किया जाय ? क्या ग्राप चाहते हैं कि एन० एस० ए०, ई० एस० एस० एम० ए० को रिपोर्ट करें, कम्युनल राइट्स ग्रौर हरिजनों पर होने वाले ग्रत्याचारों को सपोर्ट करें ?

ग्रापने ग्रधिकार ले लिया है, जो सर्वसत्तावाद की प्रवृत्ति बढ़ रही है ग्रौर कैबिनेट सिस्टम की जगह प्रसीडेंशियल फार्म ग्राफ गवर्नमेंट स्थापित करना चाहते हैं, जनतन्त्र को खत्म करना चाहते हैं, इसका हम कैसे समर्थन कर सकते हैं ?

डकैतियां रोकने में क्या हो रहा है ? एक नया शब्द एनकाउण्टर गढ़ा गया है जिसके सहारे निर्दोष लोगों को मारा जा रहा है। ** ग्रपने विरोधियों को ऐनकाउण्टर के नाम पर मरवाया, सारे उतर प्रदेश में हल्ला मचा हुग्रा है। माननीय गृह मंत्री जी बताये क्या ** ग्रधिकार था एनकाउण्टर के नाम पर बहुत से लोगों की हत्या कराने का ?

*Expunged as ordered by the Chair.

**श्री चन्द्रशेखर सिंह** : माननीय सदस्य एक मंत्री का नाम ले रहे हैं और वह हाउस में मौजूद नहीं हैं अपने को डिफेंड करने के लिए ।

MR. DEPUTY SPEAKER: I will go through the record.

**श्री कमला मिश्र मधुकर** : आप थोड़ा सावधानी से काम लीजिए क्योंकि इसमें विदेशी शक्तियों का हाथ है और यह साम्राज्यवादी शक्तियां आपके देश को और सरकार को कमज़ोर करना चाहती हैं । ऐसी शक्तियों से आपको डटकर मुकाबला करना पड़ेगा जहां तक भाषा का सवाल है, हिन्दुस्तान बहु-भाषी देश है, यहां तमाम भाषाएं तमिल, तेलगु, मलयालम, हिन्दी, बंगला वगैरह बोली जाती हैं, इन तमाम भाषाओं के विकास की गुंजाइश है, इनका विकास होना चाहिए ताकि राजभाषा हिन्दी का विकास हो सके । हमारी पार्टी नहीं मानती है कि हिन्दी को गैर-हिन्दी प्रदेशों पर थोप दिया जाये, लेकिन हिन्दी का विकास होना चाहिए और दूसरी रीजनल लैंगुएजेज का भी विकास होना चाहिए ।

बिहार में मांग हो रही है कि मैथिली और भोजपुरी को भी प्रदेशीय भाषाएं माना जाये । हमारी मांग है कि इस चीज को हल करने की दिशा में ध्यान दिया जाये ।

आज तमाम पुलिसकर्मियों में, सी० आर० पी० और आई० पी० एस० में असंतोष है उसको दूर किया जाना चाहिए । उनका जब असंतोष दूर होगा तभी वह मौके पर तैयार रहेंगे और गोली चलाने के लिए तैयार होंगे । वह एडमिनिस्ट्रेशन के हथियार हैं । जितना पुलिस का विस्तार होता है पूंजीवादी राज्य में, वह एडमिनिस्ट्रेशन का विस्तार होता है, लेकिन आज इनमें जो असंतोष है, उसको दूर करने की दिशा में कदम उठाइये ।

आज जरूरत इस बात की है कि इस देश में जो जातीय, भाषाओं और धार्मिक सवालों को ले कर तनाव बन रहा है, उसको हल करने के लिए एक एकता मंच की स्थापना की जानी चाहिए ।

आपके राज्य में गृह मंत्रालय में नौकरशाही का विकास बहुत तेज़ी से हुआ है । इसका प्रमाण है । आपने 44 नगर निगमों का चुनाव नहीं कराया है । दिल्ली में भी चुनाव नहीं कराया है । इसलिए नौकरशाही को दूर करने की दिशा में भी काम किया जाये क्योंकि नौकरशाही से जनतंत्र के खिलाफ बातें होती हैं ।

आप नक्सलवादियों से लड़ने की कोशिश करते हैं । हम भी नक्सलवादी सिद्धान्त के खिलाफ हैं । लेकिन नक्सलवादियों से लड़ने के लिए जो तरीका आपने अपनाया है, उससे नक्सलवादी खत्म होने वाले नहीं हैं । आप उनको मार देते हैं गोली से, लेकिन उनका विश्वास नहीं लेते हैं । इसलिए उनकी समस्याओं को हल करना बड़ा जरूरी है, तभी नक्सलवाद से आप लड़ पायेंगे ।

आप होम मिनिस्ट्री की मांगों के लिए डिमांड कर रहे हैं, लेकिन गढ़वाल में आपने जो नमूना पेश किया चुनाव का, उसको कैसे भुलाया जा सकता है । आप गढ़वाल में आज भी चुनाव को टाल रहे हैं ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIR AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Mr. Deputy Speaker, Sir, may I point out one thing? I rise on a Point of Order. I will just take only one second. He made certain allegations against a Deputy Minister.

MR. DEPUTY SPEAKER: I have already said about it. He has said something and I have already told him that I would go through the record.

श्री कमला मिश्र मधुकर : इलैक्शन के सवाल को हमारी पार्टी सही मानती है। बिहार में जो फार्मूला निकाला है, उसको हम सही मानते हैं और उसके आधार पर सारे देश में काम करना चाहिए। हम यह भी मानते हैं कि उसका आधार आर्थिक होना चाहिए, जातीय नहीं होना चाहिए।

आपके सामने यह भी सवाल है कि देश को तरक्की करने के लिए गृह-मंत्रालय की मांगें आती रहेंगी, समस्याएं बनी रहेंगी, लेकिन इन समस्याओं का हल होने वाला नहीं है। इसलिए इन तमाम जन विरोधी और जनता विरोधी कार्यवाहियों को समाप्त करने के लिए वामपंथी जनवादी मोर्चे की जरूरत है, उसके आधार पर ऐसी व्यवस्था की जरूरत है कि पूंजीवादी मार्ग से हटकर सामन्तवाद विरोधी, मोनोपली विरोधी और जनता विरोधी सुधारों को ले कर देश को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

नहीं तो यह मांग बढ़ती रहेगी, इससे भ्रष्टाचार वगैरह तमाम चीजें मिटने वाली नहीं हैं। यह बात सही है कि इसे मिटाने के सिलसिले में वामपंथी मोर्चे के निर्माण के सम्बन्ध में हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी से सम्बन्ध स्थापित नहीं करेगी। इन चीजों की सहूलियत हम चाहते हैं। हम चाहते हैं कि गृह मंत्रालय की मांग मंजूर की जानी चाहिए, लेकिन एक राष्ट्रीय नीति देश में पूंजीवाद को मिटाने के लिए नई व्यवस्था लाने के लिए होनी चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं मांगों का समर्थन करता हूं।

**13.54 hrs.**

[SHRI HARINATHA MISRA *in the Chair*]

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: MR. Chairman, Sir, our party members will get 10 to 15 minutes. And, I request you, Sir, that the time schedule given to each Member may be kept up. I know, Sir, that you are a very liberal-minded Cnairman and I make an appeal to you.

MR. CHAIRMAN: Only when there is adequate time at our disposal, I am liberal, even generous.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Yes,—I will add the word 'generous' also.

श्री अरविन्द नेताम (कांकेर) : सभापति महोदय, मैं गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

**सभापति महोदय :** मंत्री महोदय ने जो अनुरोध किया है; उसको आप भी ध्यान में रखें ।

**श्री अरविंद नेताम :** जी हां । सब से पहले मैं गृह मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि ऐसा लगता है कि गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट हर साल अधिक छोटी होती जा रही है ।

**सभापति महोदय :** अगर रिपोर्ट छोटी हो, तो उसका अर्थ यही है कि सवाल कम हैं ।

**श्री अरविन्द नेताम :** इतने बड़े मंत्रालय की रिपोर्ट छोटी हो, यह बात तो समझ में आती है, लेकिन जो इन-फ़मशन इस रिपोर्ट में है, वह भी पूरी नहीं है ।

मैं आदिवासी क्षेत्र से आता हूं, इस लिए मैं अपनी बात ट्राइबल डवलपमेंट से शुरू करना चाहूंगा । प्रधान मंत्री जी ने पांचवीं पंच-वर्षीय योजना में आदि-वासियों और हरिजनों के विकास को, और ख़ासकर आदिवासियों को भूमि देने के कार्यक्रम को, एक नई दिशा दी है । इसमें कोई संदेह नहीं कि काफ़ी विकास हुआ है, परन्तु इसके साथ साथ दो क्षेत्रों में काफ़ी गम्भीर समस्याएं सामने आ रही हैं, जिनकी ओर मैं गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । उनमें से एक है ज़मीन के मामले और दूसरा जंगल । ज़मीन के बारे में बहुत से राज्यों ने जो कानून बनाए हैं, इस रिपोर्ट में उनका ज़िक्र किया गया है । लेकिन मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जितने भी कानून बने हैं, उनकी उपलब्धि बहुत कम है । 1980 तक करीब 65,880 हैक्टेयर भूमि आदिवासियों को दी गई है, जो कि बहुत कम है और इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है ।

जैसा कि आप जानते हैं, जहां तक आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का सम्बन्ध है, उनकी आर्थिक समस्याएं मुख्यतया ज़मीन से सम्बन्धित हैं । इस देश में आज़ादी के बाद जो भी विकास-कार्य हुए हैं, उनका मुख्य आधार ज़मीन, नदियां और खनिज-सम्पदा रही हैं । हमारे देश में 80 प्रतिशत खनिज-सम्पदा आदि-वासी क्षेत्रों में है । वहां बड़े बड़े कल कारख़ाने बने, हाइडल पावर स्टेशन बने, बहुत से बांध बने । इन निर्माण-कार्यों से सब से ज्यादा प्रभावित आदिवासी क्षेत्र और वहां रहने वाले लोग हुए हैं, लेकिन भारत सरकार के द्वारा उन लोगों को फिर से बसाने की योजना पर बहुत कम ध्यान दिया है । चूंकि यह समस्या गंभीर होती जा रही है, इसलिए मैं चाहूंगा कि जहाँ भी विकास-योजनाएं चलाई जाएं, वहां पर आदिवासियों को फिर से बसाने की योजना भी साथ-साथ बनानी चाहिए, नहीं तो आदिवासी क्षेत्रों में जो जन-असंतोष बढ़ता जा रहा है, वह एक दिन बहुत विकराल रूप धारण कर सकता है । इसलिए भारत सरकार बहुत सख्ती से राज्य सरकारों को यह निर्देश दे कि लैंड रिफ़ार्म्ज और ज़मीन के बारे में राज्यों में जो कानून बन रहे हैं, उनका पालन ठीक ढंग से किया जाए ।

14.00 hrs.

जहां तक जंगलात के पहलू का सम्बन्ध है, माननीय गृह मंत्री जी ने पिछले साल 30 अक्तूबर को आदिवासी संसद सदस्यों की एक बैठक बुलाई थी, उसमें गृह मंत्री जी से एक बात कही गई थी कि आदि-

वासी रिएक्ट नहीं करते, वे ऐक्शन पर विश्वास करते हैं। आजादी के बाद उनके अधिकारों पर जितना नियन्त्रण किया गया है, आजादी के पहले उतना नियन्त्रण नहीं था। इसीलिए गृह मंत्री जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है :

"The left wing extremist movement has shown a rise in intensity notably in Andhra Pradesh, West Bengal and Bihar."

इसमें तीन स्टेटों का जिक्र किया है लेकिन अगर यही रफ्तार रही तो आने वाले सालों में और स्टेट्स के नाम भी इसमें जोड़ने होंगे। फारेस्ट पालिसी के बारे में भारत सरकार को एक बात साफ कर देनी चाहिए कि कामर्शियलाईज़ेशन आफ फारेस्ट्स को नीति के अन्तर्गत जो वहां जंगलों में रहने वाले हैं उनकी सुविधाओं के बारे में क्या होगा। अभी तक कार्मशिलाईज़ेशन आफ फलारेस्ट्स की जो पालिसी एडाप्ट की गई है उसके चलते आदिवासियों की तकलीफें बढ़ रही हैं। आप जानते हैं आदिवासियों का सारा जीवन और उनकी सारी एकानामी जंगल पर ही निर्भर करती है इसलिए इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ऐसी नीति अपनाए जिससे उनको सुविधाएं मिल सकें।

गृह मंत्री जी का ध्यान अभी कुछ दिन पहले इस देश के करीब 16 एन्वायरनमेंटलिस्ट्स की ओर गया होगा जिन्होंने अपने मेमोरैंडम अधिकांश संसत्सदस्यों को भेजे थे। मैं भी गृह मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि जैसा कि मैंने सुना है, इस सत्र में फारेस्ट पालिसी के बारे में सरकार नया बिल लाना चाहती है। मैं इस मामले में प्रेस का भी आभारी हूं जिसके माध्यम से बहुत कुछ प्रकाशित हुआ है। अखबारों के अनुसार तो नये बिल के अन्तर्गत आदिवासियों का जंगल से भगा कर कार्मशियलाईज़ेशन आफ फारेस्ट किया जायेगा। यदि ऐसा होता है तो मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप पुरानी समस्या को सुलझाने के बजाए एक नई समस्या और खड़ी कर देंगे। इस पर गृह मंत्री जी को बहुत ही गम्भीरता पूर्वक विचार करना होगा। आप यह कह सकते हैं कि यह तो कृषि मंत्रालय का काम है, वे ही इस बात को देखेंगे, लेकिन मैं बहुत ही विनम्रता पूर्वक आपसे कहना चाहता हूं कि नये फारेस्ट बिल में कृषि मंत्रालय तो केवल जंगलों का ही ध्यान रखेगा, वहां पर रहने वाले इन्सानों के बारे में नहीं क्योंकि उनका उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। उन लोगों की जिम्मेदारी तो आप लोगों के ऊपर है इसलिए उसमें आपका भी कंट्रिब्यूशन होना चाहिए।

**सभापति महोदय** : जिम्मेदारी तो सम्मिलित है।

**श्री अरविन्द नेताम** : जिम्मेदारी तो सम्मिलित है लेकिन इसमें गृह मंत्रालय की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आदिवासियों का जो समुदाय है उनके हितों की रक्षा करने की मुख्य जिम्मेदारी गृह मंत्रालय को है। इसीलिए मैं चाहूंगा कि जो नया बिल जंगलात के सम्बन्ध में आने वाला है, उसके सम्बन्ध में थोड़ा-बहुत प्रकाश यहां पर डाला जाए। अखबारों के अनुसार तो ऐसा लग रहा है कि आदिवासियों के सारे अधिकार छीनने का प्रयास इस बिल में किया जायेगा।

जैसा कि आप जानते हैं आदिवासियों का जीवन तो जंगलों से जुड़ा हुआ है। इसीलिए "इंडिया टुडे" के लेटेस्ट इश्यू में "चिल्ड्रेन आफ दि फारेस्ट" के टाइटल के अन्तर्गत जो छपा है उसको मैं यहां पर कोट करना चाहता हूं :

[श्री अरविन्द नेताम]

"They are children of the forest, and the forest represents for them a whole way of life; a home, a culture worship, food and other wherewithal, employment and income. As civilisation advanced the Adivasis were pushed into the forest hills of Middle India and the North-East. These residual tribal homelands are now threatened."

उसके आगे एक पैराग्राफ में आदिवासियों को किस ढंग से एक्सप्लाएट किया गया है उसके सम्बन्ध में भी लिखा है, मैं उसको उद्धृत करता हूं—

"With development, the 'outsider' has penetrated the tribal homelands. Dams, power stations, mines, steel and aluminium plants, railway and telecommunication installations and related townships have brought in skilled workers, engineers, managers, administrators, policemen, traders and supporting services. The tribal has been a very small participant or beneficiary in all this activity. He has become an outsider in his own home — alienated and exploited."

उस बिल के द्वारा जो नई स्थिति आ रही है, मैं चाहूंगा कि गृह मंत्री जी उस के सम्बन्ध में कुछ प्रकाश डालें, क्योंकि जो आप ने एक्सट्रीमिस्ट एलीमेण्ट्स की बात कही है, विशेष कर तीन राज्यों में और मेरे राज्य मध्य प्रदेश में भी शुरू हो गई है, वैंकटसुबैया जी अपनी स्टेट से मेरी स्टेट को तरफ़ भेज रहे हैं...

**सभापति महोदय :** आप का कहना है कि गृह मंत्री जी भेज रहे हैं ?

**श्री अरविन्द नेताम :** मेरा मतलब आन्ध्र प्रदेश से आ रहे हैं ।

**सभापति महोदय :** आप ज़रा समय की तरफ भी ध्यान दीजिए, जल्दी समाप्त कीजिए ।

**श्री डी० पी० यादव :** ट्रेनिंग दे रहे हैं ।

**सभापति महोदय :** आपने मेरी बात का जवाब नहीं दिया, तीन मिनट में समाप्त कीजिए ।

**श्री अरविन्द नेताम :** आज प्रश्न यह है कि एक्सट्रीमिस्ट एलीमेन्ट क्यों पैदा हो रहे हैं, खास कर आदिवासी क्षेत्रों में, अगर आप इस की गहराई में जायेंगे तो पायेंगे कि बहुत कुछ उनकी समस्यायें जंगल से सम्बन्धित हैं । अभी पिछले महीने मेरे ज़िले बस्तर में जो स्थिति उत्पन्न हुई, उस के पीछे भी फारेस्ट पालिसी थी । जिस समय कान्ट्रेक्टर्स लकड़ी ले जा रहे थे, उनको आदिवासियों ने रोका, उस के बाद गोली चली । बस्तर से यह मांग भी लोग कर रहे हैं कि बस्तर को यूनियन टैरिटरी बनाया जाय। ये ऐसी चीजें हैं जो देश में, खास तौर से आदिवासी क्षेत्रों में हो रही हैं और जो बहुत शोचनीय हैं । इसी तरह की मांग झारखण्ड या दूसरे इलाकों से भी आ रही हैं । इन के पीछे मुख्य कारण यह है कि उन की जो समस्यायें हैं, वे अभी भी वहीं-की-वहीं हैं जहां पहले थीं । खास कर जो जंगल से सम्बन्धित बातें हैं उन को आप गम्भीरता से लें और इस बिल में आदिवासी हितों की पूरी रक्षा होगी इस बात का आश्वासन हम गृह मंत्री जी से चाहेंगे ।

आप का जो नया बिल है उस में विशेष तौर से केवल कमर्शियल पार्ट को ही रखा जा रहा है, फारेस्ट आफिसर्स को उस के अन्तर्गत अन-लिमिटेड पावर्स देने की बात

सोची जा रही है। जो देश के लिये और खास कर आदिवासी क्षेत्रों के लिये बहुत घातक होगी। मैं चाहूंगा कि गृह मंत्री जी इस सम्बन्ध में विशेष ध्यान दें और जगलों से सम्बन्धित जो स्थिति उत्पन्न हो रही है उस को गम्भीरता के साथ लेकर राज्य सरकारों से बात करें।

छठी पंच वर्षीय योजना में जो ट्राइबल सब-प्लान है, उन का जो वर्किंग ग्रुप था उसने 1000 करोड़ रुपया रिकमेण्ड किया था, परन्तु भारत सरकार ने केवल 470 करोड़ रुपया ही फिक्स किया है। छठे प्लान में बीच में यह भी कहा गया है कि हम इस को रिव्यू करेंगे। मैं आप से यह निवेदन करना चाहता हूं कि अब वह समय आ गया है कि आप इस को रिव्यू करें और 1000 करोड़ न सही लेकिन कम से कम 600 करोड़ तो जरूर रखिये।

**सभापति महोदय** : 5 मिनट आप ने ले लिये हैं। आप के लिये मंत्री महोदय ने 15 मिनट का अनुरोध किया था, वह समय हो चुका है। सभी विषय बड़े इम्पोर्टेन्ट होते हैं अगर इम्पोर्टेन्ट न हों तो कोई कैसे बोले। अब आप समाप्त कीजिये।

**श्री अरविन्द नेताम** : ट्राइबल एरियाज में सब-प्लान के बारे में खास तौर पर दो बातों की ओर भारत सरकार को विशेष ध्यान देने की बात है। एक तो यह है कि एडमिनिस्ट्रेटिव सेट-अप ट्राइबल एरियाज में क्या होना चाहिए। पिछली बार जो रिपोर्ट में बात कही गई थी, उसी बात को रिपोट कर दिया गया है। उस में क्या प्रगति हुई है, इस को बताना चाहिए। इस के अलावा, ट्राइबल एरियाज में सारे डेवलपमेंट की जो वीकनैस होती है, उस को आप ने राज्य सरकारों पर छोड़ दिया है और राज्य सरकारों ने जिला प्रशासन पर छोड़ दिया है। यह जो एडमिनिस्ट्रेटिव सेट-अप में वीकनैस है, इस को किस ढंग से दूर करना है और इस को क्या स्वरूप आप देने जा रहे हैं, इस के बारे में मैं जानना चाहूंगा।

दूसरी बात मोनीटरिंग की है। मैं एक बात साफ कर दूं कि जितना भी विकास के लिये पैसा खर्च हो रहा है, उस का मोनीटरिंग ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार मोनीटरिंग ठीक ढंग से करे। भारत सरकार गृह मंत्रालय की तरफ से हर आदिवासी राज्य में ठीक से मोनीटरिंग सैल स्थापित करे क्योंकि जब तक मोनीटरिंग ठीक से नहीं होगा, तब तक आप को अन्दाजा नहीं होगा कि क्या हो रहा है। आप का बहुत सा पैसा वेस्ट जा रहा है।

इस के अलावा मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारी एक बहुत पुरानी मांग है और वह यह है कि अगर आप 20 प्वान्ट प्रोग्राम को सफल बनाना चाहते हैं तो होम मिनिस्ट्री में आदिवासियों और हरिजनों के लिये अलग से एक डिपार्टमेंट बनाएं। इस पर मैं समझता हूं कि भारत सरकार को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए और होम मिनिस्ट्री को कोई एतराज नहीं होना चाहिए। अलग से एक विभाग उन के लिये खुले क्योंकि यह 20 पर सेन्ट पापुलेशन की बात है और उन की जो बुनियादी समस्याएं हैं वे हल हों।

अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि हम लोगों ने समय समय पर मांग की है कि जो ट्राइबल एरियाज के डेवलपमेंट का काम है, उस को कान्क्रेंट लिस्ट में जोड़ा जाए ताकि भारत सरकार सक्षमता से और द्रुत गति से वहां के विकास कार्यों को कर सके। कम से कम इस को तो कान्क्रेंट लिस्ट में लेना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं गृह मंत्रालय की अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं।

**श्री जगपाल सिंह** (हरिद्वार) : सभापति जी, मैं गृह मंत्रालय की मांगों का पूर्णतया विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं।

[श्री जगपाल सिंह]

आज हमारे मुल्क में ला एण्ड आर्डर की स्थिति ऐसी हो गई है कि पूरा देश उस के लिए चिंतित है सिवाय प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी के और माननीय गृह मंत्री श्री जैल सिह के, जो अभी चले गये हैं। जब भी ज्ञानी जैलसिह जो से संसद में या संसद के बाहर ला एण्ड आर्डर की बात होती है, अखबार वाले उन से इस के बारे में पूछते हैं, तो वे बहुत ही मजाकिया ढंग से उस का जवाब देते हैं मैं उसकी डिटेल्स में ज्यादा नहीं जाना चाहता लेकिन जब अखबार वालों ने ला एण्ड आर्डर की स्थिति के बारे में उनसे पूछा कि वह कैसी है, तो ज्ञानी जी ने हाथ जोड़ कर कहा कि देखिये जी, 'ला' की बात आप मुझ से क्यों पूछते हैं, ला, की बात तो ला मिनिस्टर बता सकते हैं और रही 'आर्डर' की बात, आर्डर तो मेडम ही दे सकती हैं, प्रधान मंत्री जी आर्डर दे सकती हैं। ऐसी हालत में, सभापति जी, मुल्क की हालत बिगड़ेगी या नहीं बिगड़ेगी।

दूसरी सबसे खतरनाक बात जो कांग्रेस पार्टी के राज्य में बढ़ी है, वह यह है कि कांग्रेस पार्टी के लोग, जिसमें एम. एल. ए., मिनिस्टर और दूसरे पदाधिकारी भी इनके हैं, वह यह है कि उनका गठजोड़ पुलिस और बदमाशों के साथ हो गया है। ऐसी स्थिति में मैं यह कहना चाहूंगा कि कोई भी पार्टी हो, जो चुनावों के अन्दर बदमाशों और पुलिस की संगीनों का सहारा लेती हो, तो वह सरकार या वह पार्टी कभी ला एण्ड आर्डर की स्थिति को क्या बदल सकती है? कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बदमाशों और पुलिस की संगिनों का जो सहारा लिया था, तो क्या वह देश में कानून व व्यवस्था में सुधार ला सकती है। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहूंगा लेकिन यह बताना चाहूंगा कि कानपुर के एक विधायक** अभी पिछले दिनों मध्यप्रदेश की सरकार ने एक थाने के अन्दर जो डकैती पड़ी थी, उसकी जब छानबीन की तो उसको पता चला कि उस डकैती में ** एक भतीजे शामिल थे। उनको गिरफ्तार किया गया।

SHRI JAMIL RAHMAN (Kishanganj): Mr Chairman, Sir, a man who is not in the House, should nor be named. If a : all the is to name the man he should inform the Chair. This is a matter of procedure. He must give in writing that he is going to name the man. He is at liberty to name him provided he informs the Chair that he is going to name a particular person, who is not a Member of the House.

MR CHAIRMAN : I am seized of this issue. You may have some patience.

SHRI JAMILUR RAHMAN : But you did not interfere at that time.

MR. CHAIRMAN : There is a rule of procedure. Under Rule 353....no allegation.

आप जो आरोप लगा रहे हैं उनके पक्ष में आपके पास प्रमाण हैं जिनसे कि आप उन्हें पुष्ट करेंगे ?

**श्री जगपाल सिंह** (हरिद्वार) : मेरे पास हैं। अभी इसके पहले एक माननीय सदस्य ने भी कहा था।

सभापति जी, कहां तक ये झुठलाये जा सकते हैं? देहुली में 27 हरिजनों की हत्या हुई। उसके हत्यारे * * के मकान में रहे।

**सभापति महोदय** : यहां पर जो कुछ

**Not recorded

भी आप कहें वह प्रमाण के साथ कहें, यह नियम है ।

SHRI JAMILUR RAHMAN: Mr. Chairman, Sir, this should not go on record.

श्री जगपाल सिंह : मेरे पास डाकुमेंटरी एवीडेंस है। आप कंट्राडिक्ट क्यों नहीं करते ? अब मैं नाम नहीं मेंशन करूंगा । मैं माफी चाहूंगा । देहुली कांड के हत्यारे कांग्रेस पार्टी ** एम. एल. ए. के घर पर रहे, यह प्रूव्ड हो चुका है। बाकायदा योजना बनाकर वहां के, उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने जब घोषणा की कि 24 दिसम्बर को इस्तीफा दूंगा, उस पर जितने भी वहां के ठाकुर एम. एल. ए. और मिनिस्टर थे, कांग्रेस पार्टी के थे, उन्होंने जिस गली में और जिस मकान में वह रहता था, उस मकान और गली से उसको गिरफ्तार कराने की योजना बनायी । जिस पेट्रोल पम्प से संतोषा को गिरफ्तार किया गया वहां उसके साथ उसके स्कूटर पर एक और आदमी था। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो आदमी उसके साथ स्कूटर पर था उसको गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया, क्यों उसको छोड़ा गया ? जरा-जरा से मामले को लेकर पुलिस घरों से लोगों को, गरीब लोगों को उठाकर ले जाती है और उन्हें गोलियों से भून देती है । जिस आदमी ने देहुली में 27 हत्याएं की हों, उसको पुलिस प्यार से, लाड़ से पकड़ कर ले जाती है, और एन्काउंटर के नाम पर उसको गोली नहीं मारी जाती है। आराम से पकड़ कर उसको जेल में भेज दिया जाता है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब आपकी पुलिस जरा-जरा से मामले को ले कर गोली मार देती है तो आपने संतोषा को क्यों गोली नहीं मारी, उसको अरेस्ट ही क्यों किया ? इस से सिद्ध होता है कि आपके इरादे क्या हैं ? इतना ही नहीं, सभापति जी, फरुखाबाद के एक एम. एल. ए.**

सभापति महोदय : नाम नहीं जाएगा।

श्री जगपाल सिंह : मैं माफी चाहूंगा । बाकायदा उत्तर प्रदेश के आई. जी. ने गवर्नमेंट को लिखा कि फरुखाबाद की कांस्टीच्युएंसीज के दो एम. एल. ए. हैं जिनके बारे में साबित हो चुका है कि उनके संबंध डकैतों से हैं और डकैत उनके यहां ठहरते हैं । यह साबित हुआ है और साबित होने के बाद गवर्नमैंट को लिखा गया । उस पर गवर्नमेंट ने लिखा कि वहां के एस. पी. को लिखा जाए कि कि कांग्रेस पार्टी के एम. एल. ए. की कोई बात नहीं मानी जाए ।

SHRI P. VENKATASUBAIAH: Sir, may I make a submission? The Hon. Member has got a right to make his speech and bring to the House several points. But, Sir, this purely is a law and order problems that concerns the Government of U.P. Sir, I hope that he should confine himself to the matters pertaining to the Home Ministry of the Government of India.

There is no use making allegations against the Government which cannot defend itself. He is making certain allegations against U.P. Government.

श्री जगपाल सिंह : यह उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट का आर्डर है। इनकी सरकार का आर्डर है। बाकायदा यह आर्डर है ।

सभापति महोदय : नियम और कानून की बात है। वह स्टेट सबजेक्ट है। लेकिन कभी कभी राज्य सरकार अपनी सहायता के लिए यहां से भी, केन्द्र से भी फोर्स की मांग करती है । इस तरह की फोर्स जब भेजी जाती है

**Not recorded

[सभापति महोदय]

या गई है, उस के खिलाफ जो शिकायतें है उनको अगर आप चाहते हैं तो आप जरूर जो से यहां पर रखिये।

SHRI G.M. BANATWALLA: No, Mr. Chairman. This is a very serious point which you are now dwelling upon. Law and order may be a State subject. But it has been the practice and convention here in this House—we have raised this question several times, ampteen times in this House Central Government cannot ignore the situation that is developing in the various States.

Further it is also the duty of the Central Government to keep a watch. Not only that : our Cabinet can advice the President of India to dismiss a particular Governmeny in the State, if that Government is not fulfilling its duties in accordance with the provisions of the Constitution, Therefore you should be very careful in making observations on this issue.

MR. CHAIRMAN: I am extra careful. In fact, I was going to say that he can say: 'This is the 'position', in a general manner. He can indicate what the situation has been like Otherwise it would not only amount to interference, but to too much of interference. That the law and order situation is bad, deplorable etc., you can certainly say but in a general way Not in a manner as if we are out to convert this debate into a discussion of a State subject.

**श्री जगपाल सिंह** : आप अपनी जिम्मेदारो से बच नहीं सकते हैं। जिस हत्याकांड का मैं ने जिक्र किया है वह हरिजनों से सम्बन्धित है। मंत्री जी यह कह कर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते कि यह प्रदेश का मामला है। वहां हरिजनों की हत्याएं हुई हैं। ** डकैतों के खिलाफ आप्रेशन के नाम पर हजारों बेगुनाह लोगों को घरों से उठवा कर उन को गोली मरवाई है। साढ़पुर के अन्दर हरिजनों की हत्या की गई। आप देखें किस किस तरह के जघन्य अपराध हुए हैं। घर के अन्दर बच्चा मिला, मां, बाप, बहन जो भी मिली गोली मार दी। इस तरह से 27 आदमियों को मारा गया। इस से ज्यादा बदतर ला एंड आर्डर की और क्या हालत हो सकती है। मध्य प्रदेश में कैस्तरां के अन्दर एक औरत घर से बाहर निकली, उसने हाथ पैर जोड़े माफी मांगी लेकिन उस को नंगा कर के पेड़ से बांध दिया गया और उसके सामने पूरे घर के अन्दर मिट्टी का तेल छिड़क कर उस को आग लगा दी। जो छत तोड़ कर ऊपर गए उन को बकायदा उस औरत के सामने ला कर कत्ल किया गया, उन के टुकड़े टुकड़े किए गए। सब लाशें उस औरत को दिखाई गई और बताया गया यह तुम्हारा बच्चा है, यह भाई है, यह बाप है, यह पति है, यह देवर की लाश है। इस के बाद उस औरत को भी कत्ल कर दिया गया। उस के टुकड़े टुकड़े कर दिए गए। एक जगह का यह किस्सा नहीं है। न जाने कितनी जगह इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस सब के बावजूद भी हमारे उधर बैठनें वाले मंत्री महोदय को बधाई देने से नहीं अघाते। कांग्रेस पार्टी के जो सदस्य बोल रहे हैं हरिजनों और गरीब लोगों के नाम पर सिर ऊंचा कर के, उन को शर्म आनी चाहिये कि 33 साल के राज्य में भी वे हरिजनों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सके हैं। हरिजन घास फूस की तरह आज भी पैदा होता है और घास फूस की तरह मर जाता है। डकैतों के साथ रूलिंग पार्टी के लोगों के सम्बन्ध हों और पुलिस उन को इस भय से पकड़ती न हो तो इस से ज्यादा भयंकर स्थिति क्या हो सकती है ?

माया त्यागी कांड से ले कर मुरादाबाद तक जो वहशानी कांड शुरू हुआ था उसको आप रोक नहीं सकते। मैं चाहता हूं कि सरकार

**Not recorded

आश्वासन दे इस सदन में कि इस देश के गरीब लोगों को आप वास्तव में उठाना चाहते हैं।

उत्तर प्रदेश का मुख्य मंत्री हिन्दू है, केन्द्र में प्रधान मंत्री भी हिन्दू है, इन के हिन्दू धर्म के हिसाब से चींटी, इन्सान, घोड़ा और हाथी, सब में बराबर आत्मा होती है। जब बहमई मैं फूलन देवी ने हत्याकांड किया तो उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने 60,000 रुपया दिलवाया। लेकिन जब साढ़ूपूर में हरिजन कत्ल हुए तो उन को 5,000 रु० ही दिया गया। मतलब यह कि इन्होंने इन्सान इन्सान में फर्क कर दिया। हरिजन भी हिन्दू धर्म के ही लोग थे। क्यों ठाकुरों को 60,000 रु० दिया गया और हरिजन मुसलमान का जब कत्ल होता है तो भीख की तरह से उन को 5,000 रु० दिया गया और उस में भी एस० डी० एम० ने शर्त लगायी कि इतना पैसा तब निकलेगा जब ए० डी० एम० मन्जूरी देगा। और तब ही बैंक से रुपया निकलेगा। कम से कम केन्द्रीय सरकार को इस मामले में शर्म आनी चाहिये।

बदायूं के अन्दर एक कवि सम्मेलन हुआ। वहां हालांकि उस से पहले चौधरी चरण सिंह और माननीय अटल बिहारी बाजपेयी पर भी व्यांगात्मक कवितायें पढ़ी गयीं, लेकिन जब एक कवि ने कहा छोटी दो या मोटी दो, इन्दिरा गांधी रोटी दो" तो स्टेज से कांग्रेस पार्टी के एक मंत्री उठ कर गये यह कह कर अभी आकर देखूंगा इस को इस ने यह कविता कैसे पढ़ी। तुरन्त 10, 15 बदमाशों को ला कर हमला किया गया और सारे कवियों की पिटाई हुई। अब शायद वहां कवि सम्मेलन नहीं होगा।

**सभापति महोदय** : कवि सम्मेलन था या कपि सम्मेलन ?

**श्री जगपाल सिंह** : एक डकैत की जेब से मिनिस्टर का लिखा हुआ पत्र मिला। जब डकैत की तलाशी ली गई तो मंत्री जीं का पर्चा उस जेब से मिला तुमने चुनाव में मुझ से पैसे, हथियारों और बदमाशों से सहायता दी है उस के लिए बहुत बहुत आभारी हूं। जब डकैत की जेब से मिनिटिस्र का पर्चा मिला तो वहां क्या हालत होगी। उस डकत के मरने के बाद जब तलाशी ली गई तो उस की जेब से यह पर्चा निकला आप के एक मिनिस्टर 50,000 रु० दे कर छूटे हैं। यह बहुत सीरियस बात है और इस पर सरकार को खास डायरेक्शन देनी चाहिये कि ऐसी स्थिति से अपने को बचावें :

फर्रुखाबाद के एक एम० एल० ए० की बात मैं बता सकता हूं। आप के सरकारी आंकड़े हैं जिन में कहा गया कि 27,00 डकैत मारे गये। बेलची की घटना जनता पार्टी के राज्य में हुई थी तो श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा था कि हम यू० एन० ओ० में जायेंगे क्योंकि हरिजनों के अधिकारों का हनन हो रहा है। आज जब हरिजन मारे जा रहे हैं तो न श्रीमती इन्दिरा गांधी ने और न उन की पार्टी के किसी सदस्य ने आज तक यह नहीं कहा कि हम यू० एन० ओ० में जायेंगे। क्योंकि इन्दिरा गांधी जी के राज्य में हरिजनों के मानवाधिकारों का हनन हो रहा है।

सभापति जी, गृह मंत्रालय की डिमान्ड्स पर चर्चा चल रही है और गृह मंत्री जी सदन में मौजूद नहीं हैं, मैं जानना चाहता हूं वह कहां गये हैं ?

**सभापति महोदय** : सम्मिलित जवाबदेही है, उद्योग मंत्री जी यहां बैठे हैं।

SHRI CHANDRAJIT YADAV (AZAMGARH): I want to raise a point of order (*Interruptions*) I am raising a point of order. I admit that one Cabinet Minister, Mr Tiwari is sitting here. But this has never happened. When this debate is going on the Home Minister and his colleagues are absent. He has got two persons in the Ministry to assist him—two Ministers of State none of them is present here It is a serious thing. Even in the Assembly it has not been allowed. I take very serious note of it. I think you should ask Mr. Tiwari to get at least one of the Ministers who is concerned with the Home Ministry to be present here I understand, he was (*Interruptions*). The Minister should be here.

THE MINISTER OF INDUSTRY AND STEEL AND MINES (SHRI NARAYAN DATT TIWARI): I am here, representing the Government and we have all a collective responsibility being a Member of the Cabinet itself... (*Interruptions*)

SHRI CHANDRAJIT YADAV: We are not fools, We do understand that you represent the Government. But it is a serious question that none of the persons concerned is present. This is an important debate, on the Home Ministry. I think time and again it has been raised (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I have understood your point of view. Lo, and behold, he has come,

**श्री जगपाल सिंह** : फैजाबाद के एक असगर नाम के आदमी को पुलिस ने घर से बड़े प्यार से बुलाया और कहा कि गिसी मामले में तुमसे बात करनी है और उस असगर को जंगल में ले जा कर गोली मार दी ।

मेरठ के बिसौली गांव में इमरत नाम के एक आदमी के घर पुलिस उस दिन गई जब उस की बेटी का शादी हो रही थी । पुलिस ने शादी में से उस को पकड़ कर खींच लिया और उस को गोली मार दी । उस का लड़का वहीं मर गया और उस को कई जगह गोली लगी लेकिन वह अस्पताल में बच गया । उसको जा कर यह कहा कि यह डकेत है ।

हर आजाद स्वतन्त्र देश में कुछ कानून होते हैं । हमारे यहां भी कानून हैं, आप एफ० आई० आर० लिखिये, इन्वस्टीगेशन कीजिये, चार्जशीट कीजिये लेकिन कोई प्रोसीजर पहले नहीं किया जाता । यह न्यायपालिका पर भी कितना बड़ा आघात है । यह न्यायपालिका की जिम्मेदारी होती है कि जब जुल्म साबित हो जाये तो उस को फांसी दे या कोई दूसरी सजा दे । सजा देने का राइट पुलिस को कहां से मिल गया ? अगर किसी ने कोई डकैती की है, छोटा जुर्म किया है तो पुलिस उसको घर से उठाकर गोली मार दे, ऐसा कहीं हो सकता है ? इसलिये मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि कम से कम एन-काउन्टर वाले मामले में वह सीरियस लाइन आफ एक्शन तय करें । । अब जो यह हो रहा है, यह बहुत भयानक है, इस से जुडीशियरी को डमोक्रसी को और जो फंडामैंटल राइट्स हैं उन को बहुत खतरा हो रहा है । कोई अधिकार नहीं है कि पुलिस तय करे कि किसी ने क्या जुर्म किया है । यह बड़ा भयानक मामला है ।

इस तरीके के कांग्रेस पार्टी के और भी विधायक गणों के मामले मेरे पास हैं लेकिन मैं उन को कहना नहीं चाहूंगा ।

**सभापति महोदय** : आप की पार्टी के और भी कई सदस्य बोलने वाले हैं । अब आप समाप्त कीजिये ।

**श्री जगपाल सिंह** : पुलिस बजट के बारे में मैं कहना चाहूंगा । पिछले साल जो यह 560 करोड़ रुपये था, उसे इस वर्ष आपने 650 करोड़ रुपये कर दिया है । इस

इस मामले में मैं यह कहना चाहूंगा कि पुलिस के जुल्म आजकल सब जगह चल रहे हैं। आप ने जो 650 करोड़ का बजट पुलिस का किया है, यह नहीं बनाना चाहिये था। अगर आप ने यह बनाया ही है तो आज देश में लाखों लोग पुलिस में सिपाही भर्ती होने के लिये फिर रहे हैं। अगर आप पुलिस के वर्किंग अवर्स 8 घंटे कर देते हैं तो जितने बेकार नौजवान हैं, जो देहातों के गरीब लोग हैं, वह सब सिपाही की नौकरी करना चाहते हैं। इस तरह से दोहरी पुलिस फोर्स आप की हो जायगी। एक तरफ आप बेरोजगारी को खत्म नहीं करते और दूसरी तरफ बजट बढ़ाते जा रहे हैं। साथ ही साथ एग्रीकल्चर में, सिचाई में, स्माल स्केल इंडस्ट्री में आपने बजट घटाया है। इसलिये मैं कहना चाहूंगा कि परसेंटेज के हिसाब से और इन-एब्सोल्यूट टर्म्स में दूसरी चीजों का बजट घटा है। इस से जाहिर होता है कि आप इस देश के लोगों की बेरोजगारी को खेती, स्माल स्केल इंडस्ट्री और दूसरी चीजों के माध्यम से दूर करने के लिये तयार नहीं हैं।

आज पूरे हिन्दुस्तान में, सब प्रदेशों में, पुलिस-असंतोष बढ़ रहा है। 1973 में पंडित कमलापति त्रिपाठी के समय में पुलिस ने बगावत की थी और केन्द्र ने उसे दबाने के लिये मिलिटरी भेजी थी। जजमेंट आया है कि 109 व्यक्तियों को 86, 86 वर्ष की वजा हुई है। पुलिस में अल्संतोष का कारण है कि उन से 24 घंटे काम लिया जाता है और उनको तनख्वाह नहीं बढ़ाई जाती है। आज भी उन्हें वही सुविधाएं दी जाती हैं, जो कि अंग्रेजों के जमाने में प्राप्त थीं। अंग्रेजों के समय मुलजिमों की डाइट के लिये जो आने और पैसे पुलिस वालों को मिलते थे, वे ज्यों के त्यों हैं। इस हालत में पुलिस वाले हवालात में मुलजिम को कहां से खाना खिलायेंगे? मैं प्रार्थना करूंगा कि जब पुलिस का बजट बढ़ाया गया है, तो पुलिस की तनख्वाहों को बढ़ाया जाए, उन के वर्किंग आवर्स को घटा कर पुलिस फोर्स को डबल करने पर विचार किया जाए।

पूर्वांचल में इस देश के लिए बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। पिछले कई सत्रों से हम इस बात को उठा रहे हैं। पूर्वांचल में जो स्थिति है, चाहे वह आसाम में हो, मिजोरम में हो या अरुणाचलम प्रदेश, नागालैंड में हो या गिरिजन की हो, वह इस देश की एकता के लिए बड़ी भयानक है। आसाम में कांग्रस पार्टी काफी दिनों से सरकार बनाने का तमाशा खेल रही है। जब वहां पर अनवरा तैमूर सरकार बनी, तो मैं ने इस हाउस में कहा था कि आसाम में जो स्थिति है—पूरी इकोनोमी डिसटर्ब्ड है, हमारी आयल रिफाइनरीज का काम ठप्प है—, उस में अनवरा तैमूर की सरकार न बनाई जाए। लेकिन वह सरकार बनी। श्रीमती इन्दिरा गांधी की जिद और पैंतरेबाजी के सामने कुछ नहीं किया जा सकता। वह हम नहीं कर सकते। वह सरकार बनी, लेकिन वह नहीं चली और गिर गई। फिर सरकार बनी और वह भी गिर गई।

मजे की बात यह है कि जो पैमाना श्रीमती इन्दिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी के लोग अपनी सरकार बनाने के लिए लागू करते हैं, वही पैमाना वे विरोधी दलों द्वारा सरकार बनाने पर लागू क्यों नहीं करते। आसाम में कांग्रेस पार्टी माइनारिटी में थी ही। जब उस की सरकार गिरी, तो अपोजीशन वालों को मौका क्यों नहीं दिया गया वहां पर सरकार बनाने का?

जहां तक केरल का सम्बन्ध है, हम ने इस बात का विरोध किया था कि 71 सदस्यों के समर्थन के बल पर सरकार बनाई जाए, क्योंकि आखिर स्पीकर के कास्टिंग वोट से वह सरकार कब तक चलेगी। लेकिन वह सरकार बनी

[श्री जगपाल सिंह]

और गिर गई ; जब 71 आदमियों के समर्थन से कांग्रेस पार्टी ने अपनी सरकार चलाई, और जब उन 71 में से एक आदमी उधर चला गया, तो 71 आदमियों के समर्थन से अपोजीशन वाले सरकार क्यों नहीं चला सकते ? उन्हें भी सरकार बनाने का मौका देना चाहिए था। जहां तक, आसाम और नागालैंड का सम्बन्ध है, हम चाइनीज की बात पढ़ रहे हैं। इस बात की पूरी शंका है कि इस पूरी बल्ट के लोग आपके साथ, मेरे साथ, इस मुल्क के लोगों के साथ ज्यादा दिन तक रहने के लिए तैयार नहीं हैं।

खालिस्तान का मामला ज्ञानी जैल सिंह से सम्बन्धित है ।

**सभापति महोदय** : ज्ञानी जी हाउस में हैं नहीं ।

**श्री जगपाल सिंह** : यह सीरियस बात है । जब खालिस्तान के मामले पर प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी, ने पंजाब के पार्टी के लोगों से बात की, तो मैं ने यह मामला उठाया। मैं ने ज्ञानी जी से सवाल किया था कि वह बताएं कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के डायरेक्शन पर विदेश मंत्री, श्री नरसिंह राव, जा कर खालिस्तान के मामले पर लोगों से बात करें, यह मामला क्या है । मैं आज भी पूछना चाहता हूं—गृह राज्य मंत्री बैठे हैं—कि क्या ज्ञानी जैल सिंह और श्री दरबारा सिंह के आपसी झगड़े की वजह से यह आंदोलन तो नहीं चल रहा है । आप ज्ञानी जैल सिंह से इसका क्लैरिफ़िकेशन दिलाइए । अगर ज्ञानी जी कहें कि नहीं, तो मैं पूछना चाहता हूं कि तब उनकी जगह पर, प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के कहने पर, हमारे, घरेलू मामलों पर, मुल्क के मामलों पर जिन पर गृह मंत्री बैठ कर बात करते, श्री नरसिंह राव बात करने क्यों गए ।**

**एक माननीय सदस्य** : इमपासिबल ।

**श्री जगपाल सिंह** : जब कभी हम यह मामला उठाते हैं, तो उसमें मज़ाक में लिया जाता है ।**

**आचार्य भगवान देव** (अजमेर) : श्री जार्ज फ़र्नाण्डीस पाकिस्तान के सैनिक तानाशाह से मिल कर आए हैं । वह उनके विशेष निमंत्रण पर वहां गए थे । **(व्यवधान)**

**सभापति महोदय** : विदेशी मामलों के सम्बन्ध में सवाल न उठाइए ।

**श्री जगपाल सिंह** : जगजीत सिंह चौहान जगाधरी, यमुना नगर तक मांग कर रहा है ।

**सभापति महोदय** : अब आप समाप्त कीजिए ।

**श्री जगपाल सिंह** : जहां तक दिल्ली में चुनाव कराने का सवाल है, मैं पूरे अपाज़ीशन की तरफ से मांग करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि आप दो साल से वहां की जनता का यह अधिकार नहीं दे रहे हैं। यहां का एडमिनिस्ट्रेशन ठीक नहीं चल रहा है, दिल्ली की व्यवस्था बिगड़ती ही जा रही है, आप दिल्ली की जनता का अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार क्यों नहीं दे रहे हैं ? इन्दिरा जी दिल्ली वासियों से उनका वोट का अधिकार छीन रही हैं जिसके कारण आज जमहूरियत और जुडीशियरी खतरे में है । जस्टिस मुत्थू जो हैं उन्होंने जुडीशियरी सिस्टम का बदलने के लिए पूरे देश में पेपर डिस्ट्रीब्यूट किया है और कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के जजेज को पालिटिकली कमिटेड होना

** Expunged as ordered by the Chair.

चाहिए—मैं जानना चाहता हूं प्रधान मंत्री ने उनका ऐसा करने से क्यों नहीं रोका ? **

इस प्रकार से हम देख रहे हैं कि जुडीशियरी खतरे में है ।

**सभापति महोदय** : आप कृपया समाप्त कीजिए ।

**श्री जगपाल सिंह** : मैं समाप्त ही कर रहा हूं । मैं कहना चाहता हूं कि आप दिल्ली में लोगों को वोट डालने का अधिकार दीजिए, यहां पर जल्दी चुनाव कराइये । यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो देश में असंतोष फैलेगा ।

SHRI JAGDISH TYTLER (Delhi Sadar): Sir, on a point of order. I want to ask an important question. The hon. Member is talking of Judges and he is accusing our party for helping them. Do they not form part of the judiciary ? Does he think that only those Judges who are pro his party are upholding the Constitution (*Interruptions*)

**श्री जगपाल सिंह** : इसलिए आज हमारे मुल्क के सामने इस प्रकार की जो समस्यायें हैं उनकी ओर इस सरकार का ध्यान दिलाते हुए गृह मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का विरोध करता हूं ।

**श्री पी० नामग्याल** (लद्दाख) : **माननीय सभापति जी,** होम मिनिस्ट्री की जो ग्राण्ट्स इस ऐवान के सामने पेश हैं उनको सपोर्ट करते हुए मैं अपने कुछ खयालात का इजहार करना चाहता हूं । आज तक यह देखा गया है कि जब भी कभी किसी स्टेट में कोई ला-ऐण्ड आर्डर का मसला पैदा होता है और उसको यहां पर कोई उठाता है तो यह कह दिया जाता है कि यह स्टेट सब्जेक्ट है । ठीक है, यह स्टेट सब्जेक्ट ही है लेकिन कभी अगर मामला हद से ज्यादा गुज़र जाए तो मैं जानना चाहूंगा कि क्या उसमें केन्द्रीय सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है ? मैं इस बारे में बिना दाद दिए भी नहीं रह सकता कि जिन सूबों में कांग्रेसी सरकारें हैं वहां पर जब भी कभी ऐसे वाकयात रूनुमा हुए तो हमारे केन्द्रीय मंत्री खुद मौके पर गए हैं । मैं ऐसे वाकयात बता कर इस सदन का वक्त जाया नहीं करना चाहता जिनके सिलसिले में हमारे केन्द्रीय मंत्री वहां मौके पर गए और जा कर हालात को देखा और वहां की सरकार के काम में अगर कोई कमी पाई (मैं सिर्फ कांग्रेसी सरकारों की ही बात कर रहा हूं) तो उसको दूर करने के सिलसिले में रहनुमाई की और इस तरह से वहां की सिच्युएशन को नार्मल पर लाया गया । लेकिन जहां कोई ऐसा कोई वाकया हो जाए जहां पर नान-कांग्रेसी सरकारें हैं तो कह दिया जाता है कि ला आर्डर स्टेट सब्जेक्ट है । मिसाल के लिए मैं कहना चाहता हूं कि कन्याकुमारी में आज तक क्या हो रहा है ? वहां पर कम्युनल रायट्स हो रहे हैं और कहा जाता है कि उसमें आर०एस०एस०का हाथ है । वहां पर लोगों के घरों को जलाया जा रहा है । अकलियतों को कत्ल किया जा रहा है और आप ला एण्ड आर्डर स्टेट सब्जेक्ट कह कर इस को छोड़ देते हैं । मैं समझता हूं कि इसमें कोई जस्टिफिकेशन नहीं है । आखिर सेण्टर का भी कोई हक बनता है और आपको देखना चाहिए । इसी तरह से वेस्ट बंगाल में देखिए कि कितने पालीटीकल मर्डर हो रहे हैं और स्टेट सब्जेक्ट

**Expunged as ordered by the Chair.

[श्री पी० नामग्याल]

कह कर इस को आप छोड़ दें, यह क्या आर्गूमेंट हुआ। काश्मीर में क्या हो रहा है।

**सभापति महोदय** : आप ने कुछ मेरी बातें तो सुनीं लेकिन कुछ बातें ऐसा मालूम होता है, सुन कर भी आपने अनसुनी कर दीं। मैंने कभी यह नहीं कहा था।

**श्री पी० नामग्याल** : मेरा इशारा आपकी तरफ नहीं था। यह तो मैंने आनरेबिल मिनिस्टर साहब के लिए कहा था।

**सभापति महोदय** : ठीक है, साधारण रूप में आप चर्चा कर सकते हैं लेकिन इसको आप ऐसेम्बली बना लें, यह सही नहीं है।

श्री नन्दी थेल्लैया (सिद्दीपेट ) : गृह मंत्रालय को मांगों पर माननीय सदस्यों ने कई दृष्टियों से अपने अपने विचार प्रकट किए हैं। केरल से लेकर काश्मीर को जो मौजूदा स्थिति है उसकी चर्चा की गई है । करप्शन की भी चर्चा की गई है । हमारे माननीय चन्द्रजीत यादव ने ला एण्ड आर्डर के प्रश्न को ले कर गम्भीर भाषण किया है और उत्तर प्रदेश की घटनाओं का दोहराया है । हरिजनों, आदिवासियों और कम्युनल रायट्स भी चर्चा में आए हैं । हरिजनों और आदिवासियों पर अत्याचार को घटनाओं को ले कर काफी गम्भीर भाषण हुए हैं । विरोधी दलों की ओर से कहा गया है कि प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के आने के बाद ला एण्ड आर्डर की स्थिति खराब हुई है । ला एण्ड आर्डर एक ऐसा विषय है जिस को ठीक रखने के लिए सभी लोग जिम्मेदार हैं सिर्फ कांग्रेस आई ही नहीं । तमाम पोलिटिकल पार्टीज़ को मिल कर इसको टकल करना चाहिए । देश में कभी कम्युनल राइट्स होते हैं, कभी हरिजनों और आदिवासियों पर अत्याचार होते हैं । लेकिन जो इसकी योजना बनाते हैं वे कौन लोग हैं, कौन इसके लिए जिम्मेदार है, कौन से ये समाज के दुश्मन हैं, इसको देखना हम सब का बिना पार्टी के भेदभाव के, कर्त्तव्य है । भेल के अन्दर या किसी और इंडस्ट्रियल यूनिट के अन्दर हड़ताल हो जानी है किसी डिमांड को लेकर, बोनस के सवाल को ले कर तो वहां पर कुछ पोलिटिकल पार्टीज हैं जो घुस जाती हैं और वहां की सरकार के विरुद्ध और इस में इंटक के लोग भी हो सकते हैं, मजदूरों को भड़काने का काम करती हैं , ला एण्ड आर्डर की समस्या खड़ी करती है ला एण्ड आर्डर को डिसटर्ब करने की योजना बनाती हैं । श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ हमारे विरोधी दलों ने अलग अलग चुनाव लड़ा था लेकिन हम देखते हैं कि ये सब इकट्ठे हो कर एक प्लेटफार्म पर आ कर खड़े

[श्री नन्दी थेल्लैया]

**15.44 hrs.**

[SHRI CHANDRAJIT YADAV *in the Chair*.]

हो गए हैं और सरकार को बदनाम कर हैं। योजनाबद्ध तरीके से ये इस प्रकार की एक्टिविटीज़ में संलग्न हैं।

भारत में पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों, हरिजनों के ऊपर गांवों के अन्दर ताल्लुकों के अन्दर आजादी के 35 साल बीत जाने के बाद भी अत्याचार होते हैं, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि दक्षिण में आन्ध्र प्रदेश में, 35 साल तक जब कि हरिजनों को दबाया गया, हमने इमरजेंसी के शासन काल में हरिजनों में पोलिटिकल जागृति पैदा की। हालांकि चुनाव के अन्दर उनको वोट देने का अधिकार था, लेकिन वह पटेल और पटवारी के इशारे पर ही राय देते थे। आज वह परिस्थिति खत्म हो गई है और गांवों में काफ़ी सुधार हुआ है। वह जानते हैं कि उनका सच्चा नेता कौन है।

हालांकि यह गृह मंत्रालय से सम्बन्धित नहीं है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि मकान बनाने के मामले में जो एक किस्म की छुआछात इस माने में जिला परिषद् और ब्लाक लेविल पर चल रही है कि उनके लिए जो मकान डिस्ट्रिक्ट सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट की ओर से बनाये जा रहे हैं वह गांव के बाहर बनाये जाते हैं। क्या इस तरह कास्टिज्म खत्म होगा? हर-गिज नहीं। अगर आपका जातिपांति मिटाना है तो सब के साथ उनके मकान बनाने चाहिए।

आन्ध्र प्रदेश में डा० चेन्ना रेड्डी मुख्य मंत्री थे, उनके बाद श्री अनजैया जी थे, उनके समय में आन्ध्र में चुनाव हुए जिला परिषदों के, मैं कहना चाहता हूं कि भारत में आन्ध्र प्रदेश ही एक ऐसा सूबा है जहां जिला परिषद् में हरिजनों को स्थान दिया गया, पंचायत समिति में स्थान दिया गया, उनके लिए रिज़र्वेशन रखा गया। गृह मंत्री जी अगर आप हरिजनों को ऊंचा स्थान देना चाहते हैं तो उसके लिए जरूरी है कि उनकी आर्थिक प्रगति भी हो तभी वह उन्नति कर सकते हैं। मैं चाहूंगा कि हर सूबे में हरिजनों के लिए पोलिटिकल जागृति होनी चाहिए, विद्या उनमें होनी चाहिए, तभी हम मकाबला कर सकते हैं। इसलिए रिज़र्वेशन का सिस्टम हर राज्य में होना चाहिए तभी वह समझ सकते हैं कि पंचायत समिति में उनके क्या हकूक हैं, मैं अपनी कम्युनिटी के लिए क्या कर सकता हूं। राज्य सरकार द्वारा जो रु० खर्च किया जाता है वह सरपंच द्वारा किया जाय।

इसी तरह से साउथ में टैनिंग इण्डस्ट्री में अधिकतर शेड्यूल्ड कास्ट के लोग ही हैं, लेकिन आज उन गरीबों के हाथ से वह बिज़नेस निकल कर टाटा और बाटा के हाथ में चला गया है। टनरीज़ में काम करने वालों को उचित दाम नहीं मिलता। अगर आप आर्थिक परिस्थिति लाना चाहते हैं तो इस समाज में हरिजन और टैनरी में काम करने वालों के लिए सरकार की ओर से सहायता दी जानी चाहिए जिससे इण्डस्ट्रीज में जो उनका काम करने का तरीका है, उसमें तरक्की होने के इमकानात हैं।

हमारे श्री चन्द्रजीत यादव जी सभापति की चेयर पर विराजमान हैं, मैं उनका स्वागत करता हूं, वह हमारे भूतपूर्व मंत्री भी रहे हैं, लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश में जो सामलात होते हैं, वहां पर हरिजनों पर कई

किस्म की प्राबलम उठाते हैं, इसकी जिम्मेदार कांग्रेस (आई) नहीं है बल्कि वहां ऐसी कुछ पार्टियां हैं जो ज्ञानी ज़ैल सिंह और इंदिरा सरकार को बदनाम करने के लिए कुछ न कुछ रिएक्शन करती रहती है। यू० पी० से कांग्रेस के ही नहीं, विरोधी दल के बड़े-बड़े नेता आते हैं, चन्द्रशेखर जी हैं, चरण सिंह जो लोक दल के नेता के रूप में काम करते हैं। चौधरी चरण सिंह जिस समय लोक दल की बात करते हैं, लेकिन हम सुनते हैं कि चुनाव में वह हरिजनों को वोट देने का अधिकार नहीं देते हैं। लाठी के सहारे कुछ लोगों द्वारा उनको दबाया जाता है। वह लोग अपनी राय देने का हक नहीं रखते हैं। वह अपने आपको सोशलिज्म के नेता कहते हैं लेकिन उनको दबाते रहते हैं। कोई भी पोलिटिकल पार्टी हरिजन के वोट के सिवाय कहीं जीत नहीं सकती है। अगर हरिजनों की किस्मत बदल सकता है तो सिर्फ हमारी इंदिरा गांधी ही बदल सकती है, दूसरा कोई उनका हित नहीं कर सकता है। इतना कह कर मैं अपना स्थान लेता हूं।

SHRI T. R. SHAMANNA (Bangalore) : This time, for the Demands for Grants of the Ministry of Home Affairs I am sorry to say, it is difficult for me to give my vote for the simple reason that, though several crores of rupees are being spent, we are unable to give protection to the poor women, to the poor sections of our people and the law and order situation in the country is going from bad to worse.

I have brought to your kind notice the facts about dacoities and robberies that were taking place in Bangalore City for the last one month. In the eastern side of the city, in the same time and in the same *modus operandi* attacks are going on on women and children and money, jewellery and other things were looted from the people, and our Government, instead of catching the thieves, say that they have sent their officers to Rajasthan, U.P. and other places to find out the culprits. Of course, they say that the people who are attacking them—because they speak pure Hindi—come from north. I think it is on account of drinks, because when a person is drunkard, he becomes merciless and commits murders. I want the hon. Minister to see that the fear and the anxiety created in the minds of the people in the city of Bangalore should be removed, and the Home Minister in consultation with the Chief Minister should take immediate steps to see that the fear which is there in the minds of the people in the Bangalore City is removed and some relief should be given to them.

With regard to law and order, I am sorry to state, either the people must respect law or there should be moral education for them so that they may not commit these atrocities. Our Government has miserably failed to enforce law and order among the people. They have no fear, whatsoever, for these things, they have no respect, whatsoever, as far as law is concerned.

The Government is not taking any trouble to see that the people are educated so that there may not be so much of tension. We do not get adequate return for the money we spend, the tax-payers' money that we spend on law and order situation.

Gandhiji advocated that we should have not only political independence but also economic independence and social jusice and all that.

We are going quite against the wishes of Gandhiji. If Godse

[Shri T. R. Shamanna]

killed Gandhiji once, we are killing Gandhiji everyday by our actions. We are going exactly in the opposite direction but not according to the principles laid down by Gandhiji. Gandhiji attached great importance to moral values. Now, I can asy this is moral banruptcy as far as our country is concerned. There is moral bankruptcy everywhere "*Yatha Raja Tatha Parja*" just as the ruler is, the people also will be like that. So, unless and until the Government sets an example it will be very difficult for he people to follow good ideals. Therefore, I urge upon the Government to do so, to set standards for those people who rule the country so that people can improve themselves.

Everywhere we find that there is corruption. Corruption is there from top to bottom. It is not possible to control it. As long as there is corruption the country cannot be administered properly. At one time we had to find out who was corrupt. Now we have to find out who is not corrupt. In evety walk of life there is corruption in a large scale. Something has to be done for this.

Side by side another evil has appeared, and that is the evil of drinking. For almost all the evils that are done in the country it is the drink that is responsible, to a certain extent. When I was a student, there were hardly five to six wine shops in Bangalore. But now, you may not blieve me, there are more than 350 wine and arrack shops in the city of Bangalore. When prohibition was introduced in Karnataka the excise revenue was about Rs. 3 crores. When prohibition was removed it was Rs. 8 crores. Now it is Rs. 80 crores. If Rs. 80 crores are to be taken from the poor people, I do not know how to make the poor people get rid of this habit. It is a drawback. According to me roughly Rs. 700 to 800 crores is being spent on this drinking. My calculation is like this. In Karnataka Excise revenue is about Rs. 80 crores. It is estimated that four times the excise revenue will be the money that is paid by the person who drinks. That is, 80×4 crores Rs. 320 crores. Revenue from illicit trade will be more than 50 per cent. Rs. 500 will be the money that is being paid by those people who drink in Karnataka. On population basis it will be more than Rs. 7,500 crores in the country. That is the money spent by the people so far as the habit of drinking is concerned. Let the persons who are rich go to hell. But the persons whom you are calling the weaker sections, they are ruined if steps are not taken to do something about this drinking habit. It is impossible for any Government to set right the matter as far as their economic position is concerned. This horrible drinking habit makes a man lose his we lth and health. Further more, his moral standard is broken to pieces and he is pennyless. When he losses his moral values, he cannot exist like a human being, he can exist only as a brute. And therefore all the evils that we are having, namely, dacoity or any other crime, it is only those who have drunk fully instead of being sobre, they are attacking and causing harm. All the crimes are committed mostly on account of this drinking. Therefore, large sums are spent on Police instead of on the welfare of the weaker sections. Therefore, if this drinking habit is reduced we will be doing a very great service to the weaker sections. Unless and until the evil of drinking is removed, it will not be possible to provide a clean administration.

**16.00 hrs.**

In every State, there is a lottery and crores of rupees are collected. A few people get small benefit at the cost of thousands of people. Why is this lottery ? What benefit does it give to society ? At Bangalore, race was conducted only in one

season. But now it is conducted throughout the year and crores of rupees are wasted. Government is carrying on with lottery, gambling and race. May I suggest you take steps to open brothels to earnmoney?

If that is done, there will be gambling on all sides--gambling through lottery, gambling through race, gambling in night clubswhere high stakes are gambled every day. At the same time, there will be other night clubs where cabarat dance will be performed. If such are the moral standarads, I do not know when we will improve the administration of this country. There are vested interests everywhere. Government should take steps to set things right and give a clean administration.

I have to compliment the Government of India that they have given some benefit to those who have participated in the freedom struggle. They have incresed their pension and also removed the income ceiling clause. But I bring to the notice of he Home Minister that there are many undeserving persons who are getting pension and many genuine and deserving persons who are entitled to this pension, are not getting it though their cases have been pending for a long time. Their cases should be settled without further delay. There are a few persons who are Members of Parliament of Assembly and also freedom fighters. They are given only one pension. I plead with the Home Minister that their number is limited and most of them are above 60 or 65. They should be given both the pensions. Let them have some consolation that in old age they are somewhat better off.

With regard to Scheduled Castes so much money is being spent on them. I am fully convinced that to Improve their lot, they must be given education. All effort must be made to see that their children are made to get education. Unless they are educated, it is impossible for you to bring them up. And the benefits that you are giving, are enjoyed by a few families.

You must keep them away from the drink addicts; then only it is possible to say something is done to these people. When you are spending large sums of money on Scheduled Castes and Scheduled Tribes, you must give first priority to the education of these children, whatever it may cost, so that they do not follow the footsteps of their parents In order to enable them to lead honourable lives, like other citizens the Government should take immediate steps to see that they are given proper education.

I was in jail 52 years back, and I know the conditions there. When ever we go to a jail, we say that the conditions inside the jail should be improved. You appointed a Committee to consider this question. I do not know what has happened to that Committee and its report. The conditions of service in the jail are miserable. The inmates of the jail should be educated to remove the mentality of crime from them. At the sam time, they should be provided with work which is productive. The educative approach and corrective method should be adopted while dealing with jail reforms. I am sure you will take steps to see that this pattern is adopted in the matter of jail reform. Whenever we go to jail, we think of these reforms, but when we come out we tend to forget them.

The Karhataka Central Jail is an open jail. There are 120 people working there. They are running sentences for long periods. By their work they are earning lakhs of ruppes every year from agriculture and handicrafts. The inmates are happy, comfortable and engaged in productive work. Jail reform can be brought about to provide a proper atmosphere for correction and improvement of the inmates.

The Chief Minister of Karnataka, Shri Gundu Rao, is a good friend

[Shri T. R. Shamanna]

of mine. I would remind him that our Prime Minister, whenever she goes on tour, always uses one Ambassador car, followed by a security car. But when our Chief Minister goes on tour, even if it is a distance of 30 or 40 miles, he uses helicopter. A car is sent in advance to the place where his helicopter will land. In this way, several lakhs of rupees are spent by the State Government, which is a waste. It is not proper and it sets a bad example to other people. So, I would appeal to my friend to desist from incurring such extra-vagant expenditure and set a good example for others. If it is a long distance, or some very urgent work, he can always use the helicopter, but not for reaching places 30 or 40 miles away. This is criminal waste of scarce Government resources. If the administrator, at the top squanders away money like this, how can he set an example for others to follow him ?

I have moved 37 cut motions, where I have mentioned all the points. I donot want to take the time of the House by repeating them.

Coming to law and order, I would say that it should not be taken as an ordinary routine matter. It is the first duty of the Government to maintain law and order. Then only it will get a good name. It is immaterial whether the problem is in one State or another, in the country as whole the Government must see to it that necessary action is taken to maintain law and order in a proper way.

The honour of women should be the special responsibility of all of us particularly of the State. Almost every day we read in news papers reports about rape, mole-station, dowry death, harassment, suicide and so on. Special attention should be paid to this aspect.

The police also require some reformation. Whenever a culprit is taken to a police station, the most inhuman treatment is meted out to him, whether he has committed the offence or not. They are tortured to get some confession. I would strongly urge upon the Home Minister to see that such practices are put a stop to and the erring policemen are dealt with sternly. Let the policemen not behave like brutes. Let the law take its own course and let them be tried in a court of law.

The torture and killing are not justifiable.

I have got one or two points to make. There is is language problem. Though it was said be very necessary and though it was accredited by Mahatm Gandhi and other leaders, instead of being a born, it has become a curse. Therefore, even though the country is to be divided into 4 or 8 zones, it should be done so that the people may be happy. Some steps have to be taken to see that good thing is done. After all we expect something good out of this language problem. Every day, there is a quarrel; every day there is an attack here or there. Therefore, it should be dealt with strictly according to the rules.

Of course, you honour people for arts, culture and all that. I would request you to honour pensioners also and for that, merit should be the criteria. People who have recommendations should not be given the benefits. Let it be done purely on merits. You must take into consideration all these things.

The relationship between the administration and the Members of Parliament should be cordial helpful and constructive. I donnot know how far it can be done. But, as far as we are concerned, we respect it. They should see that the administration gives all respect to the elected bodies so that the administration is the servant of the people and not the boss. Therefore,

in that direction our attention should be diverted, irrespective of this Party, one belong to.

I appeal to the Government to see that strong aministration is there. You attach more moal value to see that the crime is reduced to the fullest extent and let our country be prosperous and happy instead of sorrowful state of affairs that we are having.

**श्री नरसिंह मकवाना** (टंडूका) : माननीय सभापति महोदय, मैं गृह मंत्री जी जो डिमांड्स ले कर आए हैं, उन का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

पिछले वर्ष जब गृह मंत्री जी इसी तरह की मांगें ले कर आए थे, तो उन्होंने मांग की थी कि पुलिस फोर्स बहुत कम है, इसलिए उन का सी० आर० पी० की 8 बटेलियनें और बनानी हैं और बोर्डर सेक्यूरिटी फोर्स की दो और बटेलियनें बनानी हैं और पिछले वर्ष इस सम्मानित सदन ने गृह मंत्री जी की यह मांग मंजूर की थी और उस के बाद मैं समझता हूं कि 10 बटेलियनों की फोर्स हमारे देश में बढ़ी और कई राज्य सरकारों ने भी अपनी पुलिस फोर्स को बढ़ाया है । इतनी ज्यादा पुलिस फोर्स बढ़ने के बाद भी आज देश में जो हालत हो रही है, उत्तर प्रदेश में तो हो ही रही है, दूसरे राज्यों में भी खराब हालत हो रही है, यह बड़ी चिन्ता की बात है । बहुत से माननीय सदस्यों ने इस बारे में ध्यान आकर्षित किया है और मैं इस पर बहुत ज्यादा बोल कर समय नहीं लेना चाहता लेकिन जिस तरह से डकैत लोग डाके डाल रहे हैं और निर्दोषों और गरीबों को मार रहे हैं, उसको रोकने के लिए कोई उपाय सोचने चाहिए और यह उपाय सोचने की जिम्मेदारी और जवाबदेही सरकार की है ।

मुझे आज बड़ा दुःख इस बात से हुआ कि इस सभागृह में कोई छोटा सा भी सवाल देश में पैदा होता है, तो विपक्ष के माननीय सदस्य खड़े हो कर सरकार और लोगों का ध्यान खींचते हैं लेकिन दो दिन पहले उत्तर प्रदेश की हाई कोर्ट के जज को और उन के छोटे बच्चे को डकैतों ने मार डाला तो इस सभागृह के अन्दर विपक्ष के लोगों ने उनका नाम का जिक्र नहीं किया ।

**सभापति महोदय** : आप उस समय थे नहीं, यह सवाल उठाया गया था ।

**श्री नरसिंह मकवाना** : मैं उस वक्त नहीं था । मैं यह कहना चाहता हूं कि देश में जो हालत बिगड़ती जा रही है, उसके लिए जहां कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है, सरकार की जिम्मेदारी है, वहां विपक्ष की भी जिम्मेदारी है और सारे देश के लोगों की जिम्मेदारी है और आज जो हो रहा है, उस को रोकने के लिए, उस को खत्म करने के लिए, हम सब लोगों को चाहे इस बाजू के हों या उस बाजू के हों, कुछ करना चाहिए । अगर वह नहीं करेंगे तो देश के लिए बहुत बड़ा खतरा मुझे दिखता है ।

माननीय सभापति जी, यहां पर रोज कहते हैं बसें लूटी जाती हैं, बैंक और पोस्ट आफिस लूटे जाते हैं । सामान्य लोग अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं । बहुत से इलाकों में लोग आराम से सो नहीं पाते हैं ।

जातीय, साम्प्रदायिक दंगों के बारे में कहा गया है, उनके बारे में ज्यादा कह कर आपका समय नहीं लेना चाहता हूं । माननीय गृह मंत्री जी ने अपनी रिपोर्ट दी है । अगर उस रिपोर्ट को देखें तो पता लगेगा कि पिछले साल से इस साल दंगे कम हुए हैं । लेकिन मैं यह मानता हूं कि अगर इस साल में एक भी दंगा हुआ है तो भी वह हम लोगों के लिए शर्म की बात है । अगर हम इनके बारे में नहीं सोचेंगे तो यह जहर हमारे मुल्क को

[श्री नरसिंह मकवाना]

बर्बाद कर देगा । गुजरात के 14 शहरों में ये दंगे हुए हैं और बड़ौदा तो आज भी जल रहा है । इस वातावरण को हम सब लोगों ने मिल कर ठीक करना है, इसे केवल सरकार ही ठीक नहीं कर सकती है । जब हम सब मिल कर कोशिश करेंगे तभी ये दंगे खत्म हो सकते हैं ।

माननीय सभापति जी यहां हरिजनों और पिछड़ी जातियां के लिए बहुत कहा गया । मैं इस सभागृह और गृह मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि गृह मंत्री जी ने मार्च, 1980 के अन्दर राज्यों को जो खत लिखा था, और बाद में भी लिखा था, उन दो खतों के लिखने का क्या नतीजा निकला है । उस खत में से मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं । उन्होंने हरिजनों के साथ किये जा रहे अत्याचारों से अत्यधिक चिन्ता व्यक्त की थी । उसके बाद गृह मंत्री जी ने अपने पत्र में लिखा है—

"भारत सरकार अनुसूचित जातियां के व्यक्तियों, जो विशेष रूप से कमजोर और नाजुक स्थिति में हैं, के प्रति किये गये अत्याचारों से अत्यधिक चिन्तित है और उनको समाप्त करने का उसने दृढ़ संकल्प कर रखा है"

उस समय मैं बहुत खुश हुआ था और मेरी तरह के दूसरे लोग भी खुश हुए थे मगर एक साल के बीत जाने के बाद भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ ।

उन्होंने पत्र में यह भी लिखा था—

"मार्च, 1980 के पत्र में अनुसूचित जातियां के विरुद्ध अपराधों से प्रभावशाली ढंग से निपटने के लिए एहतियाती तथा निरोधक दण्डात्मक और पुनर्वास उपायों के सम्बन्ध में व्यापक मार्गदर्शी सिद्धान्त भेजे थे । ये मार्गदर्शी सिद्धान्त सामाजिक आर्थिक तत्वों के विश्लेषण पर आधारित हैं, जो इन अपराधों की जड़ हैं । पत्र में इस तथ्य पर भी बल दिया गया है कि समस्या के हल निकालने के लिए अनुसूचित जातियों का आर्थिक विकास अनिवार्य है । इन मार्गदर्शी सिद्धान्तों के कार्यान्वयन से राज्य सरकारों का प्रशासनिक और कानून प्रवर्तन तंत्र को मजबूत करने के कार्यों में काफी मदद मिलेगी । उक्त पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि शिकायतें शीघ्र दर्ज की जाएं और जांच पड़ताल सफल अभियोजन को प्रभावित करने की कमियों से मुक्त हो ।

गृह मंत्री के पत्र के मार्गदर्शी सिद्धान्त में निहित निरोधक और दण्डात्मक उपाय और कार्मिक नीति उपायों में अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों को शीघ्र आर्थिक विकास, भूमि सुधार, सांविधिक न्यूनतम कृषि मजदूरी का भुगतान, बंधुआ मजदूरों का पता लगाना, उनको मुक्त कराना, तथा पुनर्वास, विशेष न्यायालय गठित करके अत्याचारों के मामलों की शीघ्र जांच पड़ताल तथा अपराधियों को तुरन्त दण्ड देने इत्यादि जैसे विभिन्न पहलू आ जाते हैं । इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति की समस्या से निपटने वाले पुलिस तथा प्रशासनिक कर्मचारियों के दृष्टिकोण को अनुकूल बनाने के लिए भी कार्रवाई की गई ।"

मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो उन्होंने पत्र लिखा था, उसके बाद परिस्थिति में कोई परिवर्तन हुआ है और राज्य सरकारों ने उस पर अमल किया है या नहीं किया है । सरकार जो फैसला करती है उस पर क्या अमल होता है, इसको आपको देखना चाहिए ।

4 अगस्त, 1980 में गृह मंत्री ने अनुसूचित जातियों पर अत्याचारों की समस्याओं और उन के आर्थिक विकास पर विचार विमर्श के लिए अनुसूचित जाति के सभी संसद सदस्यों की एक बैठक बुलाई थी। गृह मंत्री ने सितम्बर, 1980 में सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य मंत्रियों को पुनः पत्र लिखे, जिस में सुझाव दिया गया कि प्रत्येक संवदेनशील जिलों में निम्नलिखित पदों में से एक पद अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अधिकारी का होना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए अभिज्ञात पद हैं—जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी। यह भी सुझाव दिया था कि ऐसे संवेदनशील इलाकों में, जहां तक संभव हो सके, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति के अधिकारी थानाध्यक्ष भी नियुक्त किए जाने चाहियें।

माननीय सभापति जी, मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आप के सुझावों को कितने राज्यों में माना गया। मैं उत्तर प्रदेश के बारे में बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में पर्याप्त हरिजन-अधिकारी, कलेक्टर, पुलिस अधिकारी होते हुए भी उन को यह काम क्यों नहीं सौंपा जाता? क्या वजह है? यह सवाल पिछड़े इलाकों के संबंध में खड़ा होता है। गृह मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाने के बाद मैं कुछ और बातें भी कहना चाहता हूं।

यहां पर देवली और साधोपुर के हत्याकाण्डों के बारे में बहुत से सदस्यों ने कहा है, मैं दोहराना नहीं चाहता हूं, मगर मुझे ऐसा लगता है कि बिना लाइसेंस के हथियार बहुत लोगों के पास हैं। बड़े-बड़े अवैध कारखाने चल रहे हैं और सरकार इन को रोक नहीं पा रही है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह बिना लाइसेंस के हथियारों पर रोक लगाए, इस से बहुत से अवैध धंधे समाप्त होंगे और लोगों के दिल में विश्वास पैदा होगा।

एक बात की तरफ और ध्यान दिलाना चाहता हूं। आज देश के अन्दर कौमी वाता-वरण खड़ा हो रहा है। इस बात को ध्यान में रख कर 12 नवम्बर, 1979 को "कौमी एकता राष्ट्रीय परिषद्" का गठन किया गया था। उस की एक-दो बैठकें भी हुई और उस के द्वारा कुछ सुझाव दिए गए। 24 अप्रैल, 1981 को गृह मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक हुई थी, उस में बहुत से निर्णय लिए गए थे। उस में से एक निणय यह भी था कि—"सांप्रदायिक विवादों को दलगत राजनीति से ऊपर रखने के लिए राजनीतिक दलों के लिए एक आचरण संहिता तैयार की जाए।" मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इस प्रकार की आचरण संहिता तैयार करने से आप को कौन रोकता है? है? कौन से दल के लोग हैं जो इस में अड़ंगा डालते हैं। ऐसे लोगों के नाम जाहिर किए जाने चाहियें। राष्ट्रीय एकता परिषद् में किए गए निर्णयों पर अमल नहीं हो रहा है। इसलिए मैं इस ओर गृह मंत्री जी का ध्यान खींच रहा हूं।

अन्त में एक बात और कहना चाहता हूं। हमारे यहां गुजरात में और देश के अन्य भागों में विश्व हिन्दू परिषद् का आंदोलन चल रहा है। देहातों में लोग जाते हैं और लोगों से पैसा इकट्ठा करते हैं। उन से यह कह कर पैसा लिया जाता है कि हरिजनों को अरब देशों से आया हुआ पैसा देकर मुसलमान बनाया जा रहा है और इस कार्यवाही को रोकने के लिए हरिजनों को पैसा देना पड़ेगा। इस तरह से पैसा इकट्ठा किया जा रहा है और कौमी संगठन बनाया जा रहा है। मैं खुद साउथ में वहां पर गया था जहां पर हरिजनों ने धर्म-परिवर्तन किया है। हरिजनों ने पसा नहीं लिया है और न ही इतनी तादाद

[ श्री नरसिंह मकवाना ]

में धर्म परिवर्तन हुआ है, जितना बताया गया है । हमारे यहां गुजरात में तो कोई धर्म परिवर्तन का मामला नहीं है फिर भी ......... । विश्व हिन्दू परिषद् के सम्मेलन आज हमारे यहां बुलाए जा रहे हैं। उस की वहां कारवाइयां चल रही हैं। जहां जहां विश्व हिन्दू परिषद काम कर रही है ,वहां वहां पर मवाद फैलाने का काम वह कर रही है । उस की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए आप को कदम उठाने चाहियें।

गुजरात में मोचो जाति शैड्यूल्ड कास्ट नहीं मानीं जानी चाहिए, पिछड़ी हुई नहीं गिनी जानी चाहिये । यह अस्पृश्य नहीं है। लोग उन को हरिजन नहीं मानते हैं, अनटचैबल नहीं मानते हैं । इसका नतीजा यह है कि तीन चार साल से उन को हरिजनों के तमाम लाभ मिल रहे हैं । मैडिकल कालेजों में हरिजनों, आदिवासियों की भरती नहीं होती है और सब मोची जाति के लोग भरती कर लिये जाते हैं। गुजरात के 25 एम पीज ने आपको इस के बारे में लिख कर दिया है । इस के बारे में जल्दी फैसला किया जाना चाहिये । तीन साल लिख कर दिए हो गए हैं । इसका नतीजा यह है कि गुजरात में शैड्यूल्ड कास्ट और ट्राइब्ज के लोगों को जो लाभ मिलना चाहिये वह मोचो जाति के लोग जो पढ़े लिखे हैं, पैसे वाले हैं और जो अनटचैबल नहीं हैं, उठा रहे हैं । इसको खत्म करने के लिये आप जल्दी से जल्दी विधेयक लाएं, यही मेरी आप से प्रार्थना है ।

श्री डी० पी० यादव (मुंगेर) : आज हम एक ऐसे विषय पर चर्चा कर रहे हैं जिस का महत्व आज के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में बहुत अधिक है । यह कह कर टाल देना कि विधि व्यवस्था राज्य का विषय है और गृह मंत्रालय अमुक राज्य के मुख्य मंत्री या प्रशासन को कुछ नहीं कह सकता, इस से मैं सहमत नहीं हूं । मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि जब कभी भी देश डूबा है तो वह पैरीफरी से डूबा है । जब कभी भी पैराफरी पर चोट हुई उस का जब सिलसिला चरमराया तो फिर सैंटर अपने आप समाप्त हो गया और देश के टुकड़े टुकड़े हो गए । आज भी स्थिति यही है । आप असम को ले लें, काश्मीर को ले लें, अरुणाचलम प्रदेश को, मेघालय को ले लें । वहां क्या हो रहा है ? ऐसी स्थिति में संजीदगी के साथ काम करने की आवश्यकता है । आप अपने उत्तरदायित्व को दूसरों के माथे मढ़ नहीं सकते हैं । । पैरीफरी का इनफक्शन दूसरे रूपों में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के नाम पर मिड कोर आफ दी बाडी जिस को कहते हैं, उस में भी आ गया है ।

आप ने गृह मंत्रालय से सम्बन्धित छोटी-छोटी तीन पुस्तकें हम को दी हैं। एक डिपार्टमेन्ट आफ पर्सनल की है । उस पर मैं चर्चा नहीं करूंगा । दूसरी शैड्यूल्ड ट्राइब्ज और शैड्यूल्ड कास्ट वैलफेयर पर है । जो प्लान में लिखा हुआ है उसी को उस में आप ने दोहराया है । तीसरी पुस्तक में विधि व्यवस्था और अन्य विषयों का जिक्र है । इस किताब में कुछ बातें इंडो तिब्बत बोर्डर फोर्स, सी आर पी, बी एस एफ का जिक्र किया गया है । फोर्स के बल पर आप देश की समस्या का समाधान नहीं कर सकते हैं । बड़ी गहराई से आपको इस पर सोचना चाहिये । देश में जो सामाजिक उभरन हुआ है और उसके कारण जो स्थिति पैदा हुई है, उसको कैसे साल्व किया जाए, उस का कैसे समाधान किया जाए, उस पर आप को ध्यान देना चाहिये । एक साधारण कार्यकर्ता का मेरे पास

**16.28 hrs.**

MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*

पत्र आया था । उस कार्यकर्ता ने जो कुछ लिखा है वह मैं उद्धृत करता हूं :

समाज में इतने व्यापक रूप से भ्रष्टाचार बढ़ गया है कि आज हर ईमान-

दार व्यक्ति को बागी बनना होगा। साधारण कार्यकर्त्ता ने लिखा है कि आज ईमानदार व्यक्ति को बागी बनने की आवश्यकता आ गई है। आप कहते हैं कि हमारा इससे कोई मतलब नहीं है। आपका इनकम टैक्स आफिसर चोर हो, उसको आप सजा नहीं दे सकते हैं ? सिविल सर्वेंट चोर हो, उसको आप सजा नहीं दे सकते हैं ? मंत्री चोर हो, उसको आप सजा नहीं दे सकते हैं ? हम सभी लोग गलत काम करें हमें सजा नहीं दे सकते हैं ? मैं जानना चाहता हूं कि पिछले तीन चार साल में गृह मंत्रालय ने करप्शन के कितने ऐसे केसिस पकड़े हैं ? कितनों को सजा मिली है ? किसी राज्य में चले जाइए सबसे ज्यादा चोरी हो रही हैं सिंचाई विभाग में कितने इंजीनियर्स को आपने सस्पेंड या डिसमिस किया ? इन्कम टैक्स की चोरी हो रही है कितने इन्कम टैक्स अफसरों को आपने निकाला ? कहीं नहीं। सभी जगह वे स्काट फी हो रहे हैं। सुविधा और भोग आज के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। ऐसे समाज में ला एंड आर्डर नहीं रहेगा माननीय चन्द्रशेखर बाबू ने रिज़र्वेशन के बारे में कहा। बात हम जितनी भी करें, सच्चाई यह है कि भारतीय जीवन में तीन तरह का विभाजन परिलक्षित हो रहा है—एक है आफिशियल क्लाश, अपर क्लाश डामिनेंट पीपुल इन आफिस और ट्रेड जो 20 परसेंट है, शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स 25 परसेंट और अदर बैकवर्ड क्लासेज 55 परसेंट। इस 55 परसेंट लोगों के बारे में आपने अन्त में मात्र एक पैराग्राफ लिखा है पेज 54 पर :

"The Report of the Second Backward Classes Commission headed by Sh. B.P. Mandal which was submitted to Government on 31st December, 1980 is under consideration of the Government".

अन्डर कंसीडरेशन आफ दी गर्वनमेंट 55 परसेंट लोगों के बारे में 3 लाइनें और सुख सुविधा भोगने वालों के लिए हजारों लाइनें आप लिखते हैं। और आप चाहते हैं कि समाज में शान्ति हो। हमारे एक साथी जो यहां डिप्टी मिनिस्टर थे यू० पी० के मुख्य मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, उनके भाई की हत्या हुई, उनके मासूम बच्चे की हत्या हुई। उस लड़के ने क्या बिगाड़ा था ? उसके इतिहास में जाइए। आज अखबार के दो एडीटोरियल मेरे पास हैं। एक का नाम है : POLITICS OF MURDER दूसरे का नाम है "न्यायाधीश की हत्या"। एक हिन्दुस्तान टाइम्स है दूसरा "नवभारत टाइम्स" है।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है

"The law must take its own course when an Anar Singh or a Phoolan Devi plays with the lives of innocent citizens, but is cannot be overlooked that the law is administered by policemen who are not always above prejudices of caste, region or personal animosities. A suspicion is growing that police connivance is available to various groups and powerful personages when they want to settle their personal scores. In fact, many civil rights organisations are beginning to ask whether the anti dacioty drive has not degenerated into a kind of official lawlessness.

The manner in which the UP Police put on public display the bodies of Chhabiram and his gang betrayed a streak of primitive vengeance."

आपने छवि राम को मारा, डकैत था ऐनकाउन्टर में मारा गया या जहर दे कर मारा गया मैं उसमें नहीं जाता, लेकिन जिस तरह से छवि राम की बाडी

[श्री डी० पी० यादव]

को खम्बे पर लटका कर खड़ा करके टांगा गया और लोगों से कहा गया कि इसके मुंह पर थूको, तो किसी एक आदमी ने भी नहीं थूका। बल्कि नेता जी जिन्दा बाद के नारे लगाये इसलिये कि जनता क्रुद्ध हो चुकी है, नौर्मल प्रोसेस आफ लाइफ और ला एंड आर्डर में आम नागरिक की आस्था समाप्त हो गई है। और जिनमें बुद्धि है वह समझते हैं कि छवि राम जैसा आदमी ही हमारे लिए हथियार उठायेगा तो हम कुर्सिधारियों और कलमबाजों से बदला लेंगे। आज उनको इस तरह से दबाया जा रहा है कि वह आर्म्स ले कर सामने आ गये हैं। यह एक चुनौती है, इसको किसी दूसरी दृष्टि से गृह मंत्री जी न देखिये।

"नवभारत टाइम्स" में लिखा है :

छवि राम की मौत के कुछ दिन बाद ही डकैतों ने 5 पुलिस कर्मियों की नृशंस हत्या कर दी।

जिससे यह सन्देह पुष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति से बिखराव को रोकने में सिर्फ पुलिस बल सफल नहीं हो सकेगा।'

जब पुलिस बल सफल नहीं हो सकेगा तो नैतिक और सामाजिक बल ही सफल हो सकेगा। नैतिक बल कर लाने के लिए लिये, ज्ञानी जी मैं निवेदन करूंगा कि आप कोई दूसरा उपाय करें।

एक जगह आप अपनी रिपोर्ट में क्या कहते हैं :—

"In the North East region, Mizoram and Manipur in pert-cular have witnessed ziolent activities of extremist and :ecessionist groups. The Mizo National Front led by Shri Laldenga was declared an "unlawful association" under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967."

और पेज न० 8 पर इसी लालडेंगा के साथ आप क्या करते हैं, यह मैं आपको बताता हूं —

"Since the beginning of 1980 talks have been held with the Mizo National Front (MNF). To create a proper atmosphere for discussion, the cases against Shri Laldenga were withdrawn...

वहां क्या कहते हैं—क्रिमिनल है, आउट-लाज है। यह क्या कह रहे हैं, इस रिपोर्ट में—

"....cases were withdrawn and the MNF on its part agreed to stop all underground activities from August, 1981."

लालडेंगा के साथ जब आपको सुविधा हो तो दोस्ती कर लीजिए, जब दुराव हो तो दुश्मनी।

असम की हालत भी वही है, वहां के आन्दोलन को आप रोक नहीं सके। ऐसी स्थिति में मैं निस्पृह निवेदन करना चहता हूं आप उत्तर प्रदेश, बिहार के उन इलाकों में जहां पर डकैत और क्राइम का इन्फैस्टेशन है, जहां नैक्सलाइट मूवमैंट है, समाज के प्रतिष्ठित लोग और जन प्रतिनिधियों को लीजिए, एक समिति बनाइये उसमें संसद-सदस्यों को लीजिए, सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोगों को ले चलिए उनसे बात करिये, आप चलकर देखिये कि क्या हो रहा है? आज बी०डी०ओ० और दरोगा इस देश के मालिक होकर रह गये हैं।

बी० डी० ओ० और दारोगा जहां उत्पीड़न करेगा, वहां पर क्रांति होगी, वहां सिविल रायट के रूप भी आपको देखने को मिलेंगे। असल में ज्ञानी जी, आप वहां नहीं जाते हैं, वहां बी०डी०ओ० और दारोगा जाता है। उनके मन में जो होगा, उसी का रिफ्लैक्शन होगा समाज पर।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि पढ़े-लिखे बहुत सारे लोग जो यूनिवर्सिटीज और कालेज में हैं, यहां पढ़ाई-लिखाई तो हो गई है बन्द, वहां तिकड़म और ओछी राजनीति हो गई है। प्रमुख प्रोफेसर होगा कोई तो उसका बेटा फर्स्ट करेगा। बेटा जब यूनिवर्सिटि में फर्स्ट करेगा तो वह लैक्चरार होगा, रीडर होगा, प्रोफेसर होगा और वाईस चांसलर होगा। आज यह शृंखला बंधी हुई है।

Patronage to the patronised.

परीक्षा में अंक बढ़ाना और घटाना इन सुविधाभोगियों का पेशा हो गया है। और सुनना चाहेंगे आप ?

अब तो वाइस-चांसलर ने भी लैक्चरार, रीडर के एपाईन्टमेंट में घूस लेनी शुरू कर दी है। यह हालत हो गई है विधि-व्यवस्था की और समाज की। जहां घूस लेकर प्रोफेसर बहाल किया जाएगा, जहां सर्विस कमीशन का मेम्बर पैसा लेगा, वहां आप क्या समझते हैं कि कोई न्याय होने वाला है ?

ऐसी स्थिति में मैं निवेदन करूंगा कि छविराम जैसे डकैतों को साफ करने के साथ-साथ समाज के मैल को भी साफ करने की कोशिश कीजिये। लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि इस सरकार से और इस व्यवस्था से हमारा कुछ होने वाला नहीं है। बदलाव की कोई गुंजाइश नहीं है।

बैकवर्ड क्लासेज कमीशन के बारे में, आप चाहे जितना भी समझ लें, आज 55 परसेंट लोग जागरूक हो गये हैं। समता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझने लगे हैं। 10 कुर्सी आप उनको दीजिये, हिन्दुस्तान इधर से उधर नहीं हो जायेगा, लेकिन 10 कुर्सी न देने से संभव है कि इस देश में एक नई क्रांति, पैदा हो जिसमें भले लोगों को भी शिकार होना पड़ सकता है।

इसलिए निवेदन है कि रिजर्वेशन जो करना हो करिये, डिबेट पर इस विषय को लाइये, सभा पटल पर रखिये इसकी रिपोर्ट, यहां रखने में हर्ज क्या है ? बहुत सारी चीजें समक्ष में आयेंगी। अगर मानने लायक नहीं होंगी तो हम नहीं मानेंगे।

आज देहात में अन-लाइसेन्स्ड आर्म्स बहुत हो गए हैं, उन को कैसे समेटियेगा ? सैल्फ लोडिंग गन 10, 20 50, ही हों लेकिन हर हाथ में जो छोटी-छोटी थ्री नाट थ्री का औजार हो गया है, उस को कैसे रोकने की कोशिश कीजियेगा ?

हमें नए समाज की रचना के बारे में नये सिरे से सोचना होगा।

आज कुर्सी वालों में कोई भय नहीं रह गया है। जो चोर है, कुर्सीधारी है, वह इतना भयहीन और चिन्ता-विहीन हो गया है कि वह जानता है कि लाख चोरी करो, कोई कहने वाला नहीं है, कोई न कोई पैरवीकार मिल जाएगा और वह स्काट-फ्री बच जाएगा।

[श्री डी० पी० यादव]

जजिज कलैक्टरर्ज, ए० डी० एम्ज, मैजिस्ट्रेट्स की संख्या बढ़ गई है और क्राइम्ज की भी संख्या बढ़ गए है । 200 जिलों से बढ़कर 500 जिले हो गई हैं, प्रशासन का ढांचा बढ़ गया है आफिसर्स की संख्या बढ़ गई है, लेकिन ला एण्ड आर्डर के मेनटेनेंस के लिए ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । सरकार की तरफ से हमेशा कहा जाता है कि हमने प्लान फंड्स में पैसा दिया है, उस से इकोनोमिक डेवलपमेंट हो जाएगा । क्या सरकार वाकई समझती है कि गरीब लोगों का इकानोमिक डेवलपमेंट हुआ है, ? डाकिया लोगों का,जो यहां से पैसा ले जाते हैं और बीच में मनी-आर्डर मार लेते हैं । इन डाकियों की संख्या बहुत बढ़ गई है, क्लास वन, स्पेशल आफिसर, सुपर-टाइम स्केल, आफिसर आन स्पेशल ड्यूटी आदि । इन चोर डाकियों से देश को बचाइए ।

अब हम जिला प्रशासन की चर्चा करना चाहेंगे । प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदमी को उत्तरदायी जरूर ठहराया जाना चाहिए, विकास और प्रशासन का उत्तरदायित्व उस पर होना चाहिए । जब तक उसको रेसपांसिबिलिटी, पावर और फंक्शंन्ज नहीं दिए जाएंगे, और जब तक वह किसी के प्रति—समाज के प्रति, प्रशासन के प्रति-उत्तरदायी नहीं होगा हमारा काम नहीं चलेगा । केवल डीसेन्ट्रलाइजेशन कर देने से और टेकनोक्रेट्स को एक्सेसिव पावर्ज देने से काम नहीं चलेगा ।

डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन कैसा हो, इस पर नये सिरे से डीबेट होनी चाहिए । मैं अनुभव करता हूं कि ब्लाक को यूनिट बनाना जाए, जिले को यूनिट बनाया जाए, फिर स्टेट और सेंटर—इतने ही यूनिट रहें, बीच में और यूनिट बनाने की आवश्यकता नहीं है । इस बारे में नए सिरे से डीबेट होने दीजिये । उसमें आई०ए०एस०आई० पी० एस०, स्टेट सर्विस के लोगों, पालिटीशन्ज और गैर-पालिटीशन्ज जो प्लान से फायदा उठाते हैं और जिन पर प्लान का प्रभाव पड़ता है, उन सब के विचार सामने आयें । जहां तक प्लान के प्रभाव का सम्बन्ध है, इर्रिगेशन का उदाहरण लीजिये । जैसा कि मैं ने पहले भी कहा है, सिंचाई का पानी खेतों में नहीं जा रहा है, बल्कि वह सोने के रूप में इंजीनियरों की बीवियों के लिये लाकेट और नई नई साड़ियां खरीदने का एक साधन हो गया है—(व्यवधान)—इस स्थिति में परिवर्तन करना होगा । आप नये समाज की रचना के लिए भ्रष्टाचार को मिटाइए, तभी आपका कल्याण है ।

**श्री शिव प्रसाद साहू** (रांची) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय की मांगों का तहेदिल से समर्थन करता हूं । मैं जिस क्षेत्र से आया हूं, सबसे पहले मैं वहां की कुछ समस्याओं की तरफ आपका ध्यान दिलाऊंगा और उसके पश्चात् अन्य छोटे-मोटे मुद्दों के बारे में कहूंगा ।

आप को मालूम है कि बिहार में छोटा नागपुर का इलाका है, जो आदिवासी-बहुल इलाका है । दुनिया का ऐसा कौन सा मिनरल है, जो हमारे क्षेत्र में नहीं मिलता है । लोहा और कोयला हम सारे मुल्क को ही नहीं, जापान आदि कई देशों को भी सप्लाई करते हैं । हमारे यहां बाक्साईट-तांबा और अभ्रक है । हमारे यहां हटिया, बोकारो और टाटानगर के बड़े-बड़े कारखाने हैं । फिर भी हमारे क्षेत्र के लोगों की स्थिति क्या होती जा रही है, मैं इसके सम्बन्ध में प्रकाश डालूंगा । हमारे देश में आदिवासियों की संख्या तकरीबन 4 करोड़ के लगभग है । अर्थात् देश की कुल आबादी का 6.95 प्रतिशत है । हमारे देश में 150 से अधिक आदिवासी जाति के

लोग बसते हैं। अनुसूचित जनजाति के आयुक्त का 25वीं रिपोर्ट गत वर्ष मार्च में लोक सभा में प्रस्तुत की गई थी। उस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आदिवासियों के शोषण का मुख्य कारण उनका आर्थिक पिछड़ापन है। जब सरकार ही स्वयं महसूस करती है कि आदिवासियों का शोषण हुआ है तब इस पर अवश्य गम्भीरता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

इतना ही नहीं, 4 सितम्बर, 1980 को बिहार के श्रम मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया कि आदिवासी महिलाओं को ले जा कर विभिन्न प्रान्तों में बेचा जा रहा है। मैंने इस सम्बन्ध में 1980 में तथा 1981 में भी गृह विभाग की डिबेट में भाग लेते हुए इस बात को उठाया था। मैं अब पुरानी बातों का दोहराना नहीं चाहता लेकिन शोषण की भी कोई हद होती है। आज आप एक इंक्वायरी कमेटी यहां से रांची तथा पलामु जिले में भेजें, आप देखेंगे कि वहां के आदिवासी गांव छोड़ कर भागे हुए हैं। इसी तरह से आप यहां दिल्ली से लेकर बनारस तक चले जायें, आप देखेंगे कि आदिवासी बहनों के साथ किस प्रकार का व्यभिचार हो रहा है। सरकार को इस पर गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिए। हमारे आवाज़ उठाने पर कानून तो बनाया गया लेकिन उसका सही ढंग से पालन नहीं किया जा रहा है। सरकार को इस ओर विचार करने की ज़रूरत है।

मध्य प्रदेश के बस्तर जिले की भी यही स्थिति है। बिहार, उड़ीसा और मध्य-प्रदेश के आदिवासी भाई बहनों के साथ जो सुलूक किया जा रहा है उसके सम्बन्ध में गम्भीरता के साथ अवश्य विचार किया जाना चाहिए। सरकार कहती है कि उनके उत्थान के लिए अरबों रुपया खर्च किया जा रहा है लेकिन क्या सही रूप में वह रुपया उन लोगों तक पहुंच रहा है? यह एक बहुत ही गम्भीर सवाल है जिस पर आपको विचार करना चाहिए। आज हमारे आदिवासी भाई बहन गुलामों की तरह बिक रहे हैं बाजारों में। हर साल सैकड़ों आदिवासी बहनें पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में बेची जा रही हैं। यह बड़ी शर्मनाक कहानी है। इसको कितनी बार कहा जाए? मैं चलंज के साथ कहता हूं आप एक इंक्वायरी कमेटी बिठाइये कि रांची, पलामू तथा उड़ीसा के क्षेत्रों में आदिवासी भाई-बहिनों के साथ क्या सुलूक किया जा रहा है और किस प्रकार का शोषण किया जा रहा है। आज जो हटिया का कारखाना है वहां पर हमारे सारे आदिवासी जमीन से महरूम हो गए और वहां पर मद्रास के लोग बसने के लिए आ गए तथा दूसरी जगहों से आ गए, उनका वहां पर बड़े-बड़े क्वार्टर्स मिल गए और नौकरियां भी मिल गईं। अगर सैकड़े पीछे दस आदिवासी भाइयों को भी वहां पर नौकरी मिल जाती तो भी संतोष होता। विस्थापित होकर दर-वाज़ा खटखटाते-खटखटाते, अनशन करते-करते,-आन्दोलन करते करते और भीख मांगते मांगते थक गए कि हमको नौकरी दो लेकिन कोई नतीजा नहीं। भाई भतीजावाद ही जोरों से चल रहा है। यही स्थिति कोयलकार एवम् स्वर्णरेखा डैम प्रोजेक्ट की भी है। इस प्रकार से उनका क्या भविष्य बनेगा? उनकी सारी ज़मीनें ली जा रही हैं लेकिन उनको क्या कम्पेन्सेशन मिलेगा? उन लोगों को कहां बसाया जायेगा? इसको कोई भी देखने वाला नहीं है।

काल अटेंशन मोशन के द्वारा भी मैंने यहां पर कहा था कि इनका सबसे बड़ा शोषण कोल-फील्ड्स में हो रहा है।

[श्री शिव प्रसाद साहू]

वहां के लिए एक कानून बना कि जिनकी तीन एकड़ से ज्यादा ज़मीन ली जायेगी सिर्फ उनको ही नौकरी दी जायेगी लेकिन वहां अधिकतर लोगों के पास डेढ़ एकड़ या एक एकड़ ज़मीन ही है। जंगल में जाते हैं, तो कह दिया जाता है कि पांच सूत्री कार्यक्रम के अधीन ज़मीन नहीं मिलेगी। पी० डब्ल्यू० डी० वाले कहते हैं कि ज़मीन नहीं है। गैर मजरुबा ज़मीन पर जाने से सर्किल आफिसर बन्दूक लेकर आता है और कहता है कि तुम्हारे लिए ज़मीन नहीं है। फिर वे कहां जायेंगे, कहां बसेंगे। सिवाय उनके पास क्रान्ति के रास्ते के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचता है। समय रहते, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि उनके हक के लिए गम्भीरता से विचार करना चाहिए। असामाजिक तत्वों द्वारा जमशेदपुर के अगल-बगल और रांची में लोगों को ट्रेनिंग दी जा रही है, क्रान्ति के लिए और उनके अन्दर अलगाव की भावना पैदा की जा रही है। जब तक सरकार उसकी समस्याओं को दूर-करने के लिए नहीं चेतेगी, और सही कदम नहीं उठायेगी, तब तक हम उनके लिए लाखों रुपया खर्च करके भी कुछ नहीं कर सकते हैं।

अब मैं आपका ध्यान अपने क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जब श्री केदार पांडे रेल मंत्री थे, तो उन्होंने वायदा किया था 5 फरवरी को रांची लोहरदगा से टोरी तक की छोटी लाइन को बड़ी लाईन के रूप में शिलान्यास करेंगे, लेकिन वर्तमान रेल मंत्री श्री साठे जी ने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की है। मेरी समझ में यह बात नहीं आती है कि पहले कहा जाता है कि लाइन बनेगी और दूसरे बजट में कोई चर्चा नहीं होती है। मंत्री बदल जाते हैं, लेकिन सरकार तो नहीं बदलती। इस प्रकार कई गम्भीर मसले हैं, जिन पर सरकार को गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिए।

हमारे प्रदेश में बाक्साइट है, ताम्बा है, और भी बहुत सी चीजें हैं, जिनका उपयोग किया जाता है और हमारे प्रदेश की जनता को अधिक लाभ हो सकता है। रांची केनायलकारा योजना के ज़रिये बिजली पैदा करने के बारे में बार-बार कहा जाता है, यदि उसको ही पूरा कर दिया जाए, तो सारा बिहार जगमगाने लगेगा। इन सारी बातों पर गृह मंत्री जी को ध्यान देना चाहिये टाना भगत जैसे लोग जिन्होंने गांधी जी के साथ आन्दोलन में हिस्सा लिया और कई बार जेल भी गए तथा अपना सारा घर बर्बाद कर दिया, जमीन दे दी और जिसके घर में अभी भी तिरंगा लहराता रहता है, वे शराब तक नहीं पीते, कपड़ा भी पहनते हैं तो खुद चरखे पर कात कर पहनते हैं। उनकी जमीन के मसले तो आज तक पड़े हुए हैं, हल नही हुए हैं, उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं तो यहां तक कह सकता हूं कि टाना भगतों की सैंकड़े दस लोगों की भी जमीन नहीं लौटी है। सरकार उनके लिए क्या करती है, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में अपील हो जाती है, लेकिन उनके लिए कुछ नहीं होता है। टाना भगत जसे लोग जो देश के लिए वफादार सिपाही है, जो देश को हमेशा खुशहाली देना चाहते है, उनकी भलाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता है। हमारे पास इनके उद्धार के लिए योजनायें हैं, लेकिन सही रूप में हम उनके लिए कुछ नहीं कर पाते हैं। मैं जोरदार मांग करता हूं कि समय-समय पर सैंटर से कमेटी जानी चाहिए और जांच होनी चाहिए कि जो रुपया बिहार सरकार या सेंट्रल गवर्नमेंट के द्वारा खर्च किया

जाता है, वह सही रूप में उन के बीच खर्च हो रहा है या नहीं हो रहा है ।

मैं आपका ध्यान कुछ मार्जिनल किसानों की तरफ भी दिलाना चाहता हूं । देश के तीन---पांच एकड़ के जो किसी भी जाति के किसान हैं, उनके लिए हम क्या करते हैं, वे बेचारे त्रिशंकु में लटके हुए हैं । उनकी पढ़ाई लिखाई के लिए तो कम से कम मुफ्त सुविधा होनी ही चाहिए । मैट्रिक तक कम से कम लड़कियों की पढ़ाई, जैसा कि हरियाणा सरकार ने किया है कि मैट्रिक तक पढ़ाई फ्री है, उसी तरह अन्य प्रांतों में फ्री करनी चाहिए । इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे सभी सरकारों को आदेश दें कि लड़कियों के लिए मैट्रिक तक की शिक्षा फ्री कर दी जाए । जिस तरह से अनुसूचित जन जातियों के लिए छूट दी जाती है, उसी तरह से मार्जिनल फार्मर्स को भी छूट दी जानी चाहिए ।

एक बात और है । हमारे इलाके में जो बैकवर्ड जाति के लोग हैं, उन के साथ न्याय नहीं हो रहा है । यह सब को मालूम है कि बिहार में जाति-पांति का झगड़ा है और इस में दो राय नहीं हैं लेकिन यह आवाज क्यों उठ रही है, इस पर गंभीरता से सोचना होगा । मैं चाहूंगा कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से उन के साथ न्याय होना चाहिए । जो असंतोष आदिवासियों में है, हरिजनों में, हमारे मुस्लिम भाइयों में है और बैकवर्ड क्लासेज के लोगों में है, उस के लिए वहां के मुख्य मंत्री को बुला कर उन के बारे में विचार करना चाहिए ।

इस के अलावा मैं यह कहूंगा कि कुछ ऐसे स्वतन्त्रता सेनानी हैं, जिन्होंने देश के लिए सब कुछ किया है, बहुत कुर्बानियां दी हैं और सब कुछ अपना लुटा दिया है, उन की फाइलें आप के यहां पैंडिंग पड़ी हुई हैं । मैं चाहूंगा कि उन भाइयों के लिये, जिन्हों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया था और अब वृद्धावस्था में आ गये हैं, कुछ किया जाना चाहिए, और उन की फाइल जो पेंशन आदि के लिए पैंडिंग पड़ी हुई हैं, उन को निकाल कर जल्दी से जल्दी आदेश जारी करने चाहियें ।

एक और बात यह कहूंगा कि आज हर थाने में चोरी और डकतियां बढ़ रही हैं लेकिन जो पिछड़ क्षेत्र में थाने हैं, वहां पर जीप नहीं है । मेरा कहना यह है कि हर थाने में और खास कर पिछड़ क्षत्रों के थानों में एक जीप होनी चाहिए, और वायरलैस सैट की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि वहां की ला एण्ड आर्डर की व्यवस्था को ठीक किया जा सके ।

आज रेलों में जो जिस तरह से असुरक्षा की भावना पैदा हो रहीं है, उस के लिए हर डिब्बे में सशस्त्र पुलिस रहनी चाहिए और महिला डिब्बे में भी महिला पुलिस रहनी चाहिए । इसके साथ ही साथ मैं यह अनुरोध करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा महिला पुलिस फोर्स होमी चाहिए और पुलिस फोर्स की जो बहाली हो, उस में हरिजन और आदिवासी महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा रखा जाना चाहिए ।

मैं आप का बहुत शुक्रगुजार हूं कि आप ने मुझ बोलने का मौका दिया और मैंने जो बातें आप के सामने रखी हूं, मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी उन की तरफ ध्यान देंगे और गरीबों का कल्याण कारेंग । इन शब्दों के साथ मैं गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री दलबीर सिंह (शहडोल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय की जो मांग रखी गई है, उन का समर्थन करता हूं । मैं गृह मंत्रालय के

[श्री दलबीर सिंह]

अन्तर्गत जो हमारे आदिवासियों की स्कीमें हैं, जो इनटैग्रेटेड डवलपमेंट प्रोजेक्टस हैं, उन के सम्बन्ध में कुछ बातें रखना चाहता हूं और पास कुछ आंकड़े हैं, जिन के आधार पर मैं कुछ कहना चाहूंगा मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि न तो भर्तियों के मामले में और न कैरी फारवर्ड के मामलें में जो रौस्टर का नियम लागू है, वह हरिजनों और आदिवासियों के बारे में सही रूप से कार्य रूप में लागू नहीं हो रहा, है, उस का पालन सही रूप से नहीं हो रहा है। केन्द्रीय सरकार की जो भारतीय प्रशासनिक सेवा है और जो पुलिस सेवा है, उस के कुछ आंकड़े मैं जनवरी 1979 के दे रहा हूं। इन के अनुसार पक्कां प्रथम श्रणी में कुल कर्मचारी 43,193 हैं, उन में शेंड्यूल्ड कास्ट के प्रथम श्रणी में 1,940 हैं और 4.50 प्रतिशत है और शेंड्यूल्ड ट्राईब्स के प्रथम श्रणी में 366 हैं और प्रतिशत है 0.85। इसी तरह से जहां द्वितीय श्रणी में कुल कर्मचारी 56,095 हैं, वहां शेंड्यूल्ड कास्ट के 3,618 हैं और प्रतिशत है 6.44 और शेंड्यूल्ड ट्राइब्स के 495 हैं और प्रतिशत है 0.88 और तृतीय श्रेणी में जहां कुल कर्मचारी 17,03,726 हैं, उन में से शेड्यूल्ड कास्ट के 2,08,192 हैं और प्रतिशत है 12.22 और इसी तरह से शेड्यूल्ड ट्राइब्स के 48,731 हैं और इस का प्रतिशत है 2.86 और चतुर्थ श्रेणी में जहां कुल कर्मचारी हैं 12,54,172 वहां शेड्यूल्ड ट्राइब्स के हैं 2,39,963 और प्रतिशत है 19.13 और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के हैं 58,461 और इसका प्रतिशत 4.66 है।

17.cohrs.

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह जो रेशो है, इसके आधार पर अगर देखें तो इसमें भ तो केरी फारवर्ड होता है और न रोस्टर के नियम मिलते हैं।

आपने जो आई० टी० डी० की स्कीम रखी हैं और इसके आधार पर आपने प्रथम पंचवर्षीय योजना से ले कर अब तक जो राशि स्वीकृत की है वह यह है। सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने जो राशि स्टेट गवर्नमेंट को दी, उसका मूल्यांकन किया है या नहीं, इसके बारे में पता नहीं।

प्रथम योजना—1951—56 में एक्सपेंडीचर 30.04 करोड़

द्वितीय योजना—1956—61 में 79.41

तृतीय योजना—1961—66 में 100.40

चतुर्थ योजना में 172.70।

पांचवीं योजना outlay 1974—78 288.88 करोड़

special cenbal Assistance 120.00

इसी तरह से आप स्पेशल सेन्ट्रल असिसटेंश सब प्लान फार ट्राइबल एरियाज को देखिये। 1976 में ट्राइबल एरिया का रेस्ट्रिक्शन हटा है उस में ट्राइबल लोगों की आबादी बढ़ी है। यहां पर जो वर्किंग ग्रुप काम कर रहा है उसने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सेन्ट्रल असिसटेंश में राज्यों को ज्यादा राशि मिलनी चाहिए। आपने 450 करोड़ रुपये की राशि रखने का प्रस्ताव किया है। यह बहुत कम है। हमारी मांग है कि कम से कम एक हजार करोड़ रुपये रखी जानी चाहिये। अगर यह संभव न हो तो कम से कम छठी पंचवर्षीय योजना में 6 सौ करोड़ रुपये तो दें। यह हमारी मांग है क्योंकि सारा आदिवासी एरिया सुनिशिचित होने के बाद वहां की जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

इसके लिए होम मिनिस्ट्री में सिर्फ एक डिविजन काम कर रहा है। वह इतनी बड़ी जनसंख्या के लिए पर्याप्त नहीं है।

इसके साथ-साथ हरिजनों के लिए स्पेशल कम्पोनेंट प्लान बनाये गये। हैं वे बहुत सी स्टेट्स में

इम्पलीमेंट नहीं हुए हैं। बहुत से अधिकारी कहते हैं कि ये क्या हैं, इनकी हमें जानकारी नहीं है ?

हमारा जो फारेस्ट एक्ट है, उसको 1980 में राज्य सूची में से निकाल कर समवर्ती सूची में शामिल किया जाता है। आदिवासियों का फारेस्ट से एक सेन्टीमेंटल अटेचमेंट है । यह जो आप एक्ट बनाने की सोच रहे हैं उसकी वजह से हमारी सारी स्कीमें, आर० ई० सी० और माइनर इरीगेशन स्कीम्स सब रूकी हुई हैं। उन पर कोई काम नहीं हो पा रहा है । आप जो फारेस्ट एक्ट बनाने जा रहे हैं उसके अनुसार आदिवासियों और सामान्य लोगों को भी जंगलों से दूर रखा गया है। यह हमें प्रेस की रिपोर्टस से पता चला है। आप इस बात पर ध्यान देंगे तभी आदिवासियों और ग्रामीण आंचलों के लोगों का भला हो सकता है।

हमारे मध्य प्रदेश में आपकी ट्राइबल एडवायजरी कांउसिल बनी हुई है । राष्ट्रपति और राज्यपालों के अण्डर यह चीज आती है। इनकी रिपोर्ट भी केन्द्रीय शासन को आती है और गृह मंत्रालय उनको देखता है । इसकी मध्यप्रदेश में इन्ट्रोडक्टरी मीटिंग तो हुई लेकिन उसके बाद कोई मीटिंग नहीं बुलायी गयी

मध्य प्रदेश में सारे पांच प्राधिकरण बनाये गये हैं । उनकी भी आज तक मीटिंग नहीं हो रही है । आई०डी०पी० के जो काम हैं वे भी नहीं चल रहे हैं। वहां सारे आई० ए० एस० आफिसर बिठा रखे हैं । न तो उनके पास कोई काम है और न उनके पास इस स्कीम का कोई प्रारूप बना है। वे कहते हैं कि दो-चार साल में सेटअप करेंगे । इसलिए मेरा कहना यह है कि यदि आप सही में आदिवासियों और हरिजनों की भलाई चाहते हैं तो उन को आप स्माल स्केल इंडस्ट्रीज दीजिए, बसों के परमिट दीजिये । उस दिन हमारे पैट्रोलियम एण्ड कमिकल्स मंत्री जी ने एक जवाब में बताया कि 25 परसैंट कुकिंग गैस एजेंसीज और पैट्रोल पम्प ऐजेंसीज और उन से संबंधित उद्योग धंधों में भी 25 प्रतिशत स्थान हरिजन और आदिवासियों के लिए सुरक्षित कर दिए गए हैं। मैं नहीं समझता कि ये सब सुविधाएं उन को मिल पाएंगी । महज खाना-पूर्ति कर दी गई है, क्योंकि इन एजेंसियों को प्राप्त करने के लिए जो औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं, वह पूरी करना एक हरिजन आदिवासी के लिए बहुत मुश्किल होता है । इसलिए मेरा निवेदन है कि कोई इस तरह की योजना बनाई जाए, जिससे इन चीजों का लाभ हरिजन - आदिवासियों को प्राप्त हो सके ।

इसके साथ ही साथ मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं, छात्रवृत्ति के संबंध में । आपने उन बच्चों के लिए जिन्हें इन्कम सर्टिफिकेट देना होता है, इन्कम की राशि 10000 से बढ़ाकर कर 12000 कर दिये हैं, लेकिन मध्यप्रदेश शासन, इन आदेशों का पालन नहीं कर रहा है । मध्यप्रदेश शासन से गृह विभाग द्वारा पूछा गया है कि आने वाले वित्तीय वर्ष के लिए एडहाक राशि स्कालरशिप के लिए और स्टायफण्ड के लिए कितनी राशि चाहिए, लेकिन मध्यप्रदेश शासन ने इस ओर अभी कोई ध्यान नहीं दिया है। इससे वर्ष 1981–82 और 1982–83 में बहुत से बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित रह जाएंगे। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस समस्या का समाधान भी किया जाना चाहिए ।

इसके अलावा मैं मध्यप्रदेश के जिला बस्तर के बारे में एक बात कहना चाहता हूं । पिछली बार भी यह बात आई थी,

[श्री दलबीर सिंह]

वहां के जिला कलेक्टर की रीति-नितियों के बारे में तो आप अवगत हैं बी०बी०सी० के बारे में पहले भी कहा जा चुका है । "घोटुल" वहां की एक सामाजिक व्यवस्था है, लेकिन वहां पर जाकर उन्होंने ब्लू-फिल्म लिए और बाहर जाकर उनको प्रकाशित प्रदर्शित किया । यह बस्तर के लिए ही नहीं , बल्कि पूरे देश के लिए आपत्तिजनक बात है, इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए । वहां के बारे में एक बात और बताना चाहता हूं, वहां के जो जिला कलेक्टर हैं, उनके यहां एक कमला देवी नाम की आदिवासी लड़की थी, वहां की मैगज़ीन्स में उसका फोटो भी छपा है, उसको नौकर की हैसियत से बंगले में रखा था । जब लोगों ने आवाज उठाई तो उन्होंने उसको बंबई में अपनी ससुराल भेज दिया । इसका पता लगाया जाए और लड़की को वापस किया जाए । आदिवासी नारेबाजी नहीं चाहता आंदोलन नहीं चाहता, बल्कि हर समस्या का शांति पूर्ण ढंग से हल चाहता है और यह आपका और हमारा नैतिक दायित्व है कि आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक विकास की ओर पूरा-पूरा ध्यान दें । जहां हरिजनों का, अनटचेबिलिटी का प्रश्न है वही आदिवासियों का सोश्यो इकनामिक का सवाल है, पिछड़े वर्गों की उन्नति का सवाल है, उन पर आप ध्यान दें । यही हम लोग चाहते हैं ।

एक चीज की ओर और मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । भारत शासन के अंतर्गत और राज्य शासन के अंतर्गत जितने हरिजन और आदिवासी कर्मचारी हैं, मेरी विनम्र प्रार्थना है कि उनकी लिस्ट आप बुलवाएं और देखें कि इनकी उचित भर्ती की गई है या नहीं की गई है । यदि आप आदिवासियों का रोस्टर कैरी-फारवर्ड का नियम निकालकर देखें तो उसके बैकलाग के लिए आप स्पेशल रिक्रूटमेंट कर सकते हैं ।

इसके साथ-साथ मैं निवेदन करना चाहूंगा कि 1976 में एशिया रिस्ट्रिक्शन हटा और वहां की आदिवासी संख्या बढ़ी है 1981 की जनगणना के आधार पर आदिवासियों की जनसंख्या भी बढ़ी है । 1957 से जो डीलिमिटेशन कमीशन एडहाक बनाए थे, उसी तरह से असेंबलीज में और पार्लियामेंट में हमारी और सीटें बढ़ सकती हैं। इसके साथ-साथ पार्लियामेंट में पार्लियामेंट्री कमेटीज बनीं—1968 में, 1971 में, लेकिन इनकी रिपोर्ट सभा पटल पर आती है, उन पर बहस नहीं हो पाती । आखिर इन चीजों पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता ? आपका कालेलकर कमीशन बना था, देबरभाई कमीशन बना, उनकी रिपोर्टस भी हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । इसलिए मेरा विनम्र निवेदन है कि यदि आप सही में आदिवासियों और हरिजनों का उत्थान चाहते हैं तो इन चीजों को गंभीरता से देखें और राज्य शासन को भी कड़े निर्देश दें ।

आई०टी०डी०पी० के अन्तर्गत जो स्कीम्ज चलती हैं उनके तहत विभागों को फंड एलोकेट किए जाते हैं । मार्च में ये फंड लैप्स हो जाते हैं । इनको खर्च नहीं किया जाता है । मैं समझता हूं कि इसके लिए जो दोषी व्यक्ति हैं उनको दंड मिलना चाहिए । ऐसी योजना आप बनाएं ताकि दोषी व्यक्तियों के करेक्टर रोल में एंटरी हो सके, एफिशेंसी बार पर रोक लग सके या इस तरह की कोई दूसरी सजा उनको हो सके । जो आदिवासियों और हरिजनों के पैसे का उनके हित में सदुपयोग न करे, उनको पनिशमेंट मिलनी चाहिए ।

इतना ही मैं निवेदन करना चाहता हूं। मैं आशा करता हूं कि मेरी इन बातों पर जरुर गौर किया जाएगा ।

श्री जमीलूर्रहमान (किशनगंज) : मोहतीराम डिप्टी स्पीकर साहिब आपने मुझे मौका इनायत फरमाया इसके लिए मैं आपका शुक्रगुजार हूं। होम मिनिस्ट्री की मांगों का मैं पुरजोर समर्थन करता हूं, ताईद करता हूं। ज्ञानी जी काफी ज्ञान रखते हैं। मुल्क के मामलों में उनका काफी दखल है। वह चाहते हैं कि मुल्क में अमन बना रहे, दंगे फसाद न हों। काफी कोशिश उनकी तरफ से इसके लिए हो भी रही है। यह भी सही है कि होम मिनिस्ट्री मुल्क की ला एंड आर्डर, कानून और व्यवस्था की जामिन है। यह कहा जाता है कि यह स्टेट सबजैक्ट है। यह ठीक है कि कांस्टीट्यूशन में यही कहा गया है। लेकिन इसको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि जिन लोगों ने मैंडेंट (वोट) दे कर हम को यहां भेजा है, हमारी पार्टी की सरकार बनवाई है, वे यही चाहते हैं कि मुल्क में कौमी एकता बनी रहे, शान्ति रहे, लोग तरक्की करें, चैन से सोएं। कौन ऐसा नहीं चाहता है ? लेकिन कुछ लोग हैं जिस का आंकड़ा मैं देने जा रहा हूं, यह अमन व तरक्की नहीं चाहते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि मेरी इस बात का जवाब दिया जाएगा ।

सबसे पहले मैं ऐसे अनासर का जिक्र करना चाहता हूं जो मुल्क में दंगे फसांद, हो हल्ला, शरारत और मुल्क की तरक्की की राह में रुकावट डालते हैं। मुझे अफसोस है कि इन की जो होम मिनिस्ट्री की रिपोर्ट है उस में इस बात का जिकरा नहीं किया गया है। मुझे उम्मीद है कि इस वास्ते भी मेरी इस बात का जवाब वजीर साहब जब वह जवाब देंगे, जरूर देंगे। आप देखें कि 1979 में आर एस. एस. की तादाद 6.33 लाख थी। 1980 में वह बढ़ कर 10 लाख हो गई। 1981 में वह करीब 15 लाख हो गई। 1979 में उनकी 16000 शाखाएं थी, 1980 में उनकी तादाद बढ़ कर 18000 हो गई इतना ही नहीं। उनकी शाखाय इंटरनैशनल स्फीयर में भी आगे बढ़ी है यू एस ए, यू के, मारिशस, केनिया वगैरह वगैरह। मेरी खबर यह है कि आर एस एस के 600 प्राइमरी स्कूल चलते हैं। हो सकता है कि इनकी तादाद और भी ज्यादा हो। सब से बड़ी बात यह है कि 1981 में आर एस एस को गुरु दक्षिणा में एक करोड़ के करीब मिला। यह रकम उस रकम को छोड़ कर है जो बाहर से या दर पर्दा आई होी। मुल्क में इनके नौ फ्रंटल आर्गेनाइजशंज हैं। ये तमाम बातें रिपोर्ट में होनी चाहिये थीं। आपकी इंटलीजस सोती रहे यह आपको शोभा नहीं देता है। उसको खबर होनी चाहिये। उसका यही काम है है। ऐसे मुल्क दुश्मन अनसर का उसको पता लगाना चाहिये और इनको कानून की जद में ला कर खड़ा करना चाहिये। ये ऐसे लोग हैं जो मुल्क के अमन चैन को बरकरार नहीं रखना चाहते, दगा फसाद करना चाहते हैं। यह दरपर्दा कहां-कहां काम कर रहे हैं ? स्टूडेंट्स विंग में तो हैं ही, हरिजनों में भी आ गये हैं, किसानों में भी आ गये हैं, आदिवासियों में भी घुस गय हैं और हमारे अन्दर भी घुस रहे हैं, यही नहीं, मुसलमानों में भी। कौन देखगा इसको ? होम मिनिस्ट्री अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकती। जिस दिन हो मिनिस्ट्री बरी हो जायगी तो देश तबाह हो जायगा। इसलिये गृह मंत्री जो इस पर ध्यान दे, गौर करें।

असम की बात आयी है, आप कोशिश कर रहे हैं, प्रधान मंत्री बहुत कोशिश कर रही हैं कि वहां शांति और अमन कायम हो, उत्पादन बढ़ें, पैदावार बढ़ें लोग शान्ति

[ श्री जमीलुर्रहमान ]

से रहे। उसके लिये स्पेशल फंड्स रखे गये हैं। लेकिन इतने से ही काम नहीं चलेगा। आपको मालूम होगा कि पूर्वान्चल में हिन्दू सम्मेलन गौहाटी में हुआ जिसकी रिपोर्ट 20-3-82 के अखबारों में आयी है। इतना जानते हुए भी (N.S.Act) एन० एस० ए० का उपयोग और इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया या जाता है जब जान रहे है कि मुल्क का पूर्वी हिस्सा जल रहा है, लोगों की हालत बुरी हो गई है, दंगा फसाद हुए हैं और वहां पर सम्मेलन हो रहा है। क्या आप उसको नहीं रोक सकते ? क्या उसके लिय आपको पास कानून नहीं है ? आखिर कानून इसीलिये पास किया है ताकि मुल्क की एकता कायम रहे। अमन चैन बरकरार रखने के लिय ही कानून बनाये हैं। आप उसका इस्तेमाल करें। इसको अलमारियों में बन्द न रखें।

माननीय अटल जी चले गये मैं उनके सामने कहना चाहता था...

MR. DEPUTY SPEAKER : The Act is always kept in the bureau only.

SHRI JAMILUR RAHMAN : That should not be. That is what I say, That is my grievance.

MR. DEPUTY-SPEAKER : If it is in the form of a book it will be in the bureau only.

**श्री जमीलुर्रहमान** : उनके पीछे मैं नहीं बोलना चाहता हूं लेकिन बोलने के लिए मजबूर हूं। अभी यह गांधीज्म की बात करते हैं लेकिन आपको सुनकर हैरत होगी कि बटुकेश्वर दत्त एपीसोड़ के बारे में किसकों नहीं मालूम कि 1942 मे सरकारी गवाह बन कर हमारे फ्रीडम फाइटर्स को फंसा रहे थे। और हमारी इंटलीजस खामीश है। इस पर गृह मंत्री जी को ध्यान देना चाहिये।

मुल्क में जरायम बढ़ रहे हैं और तादाद भी काफी बढ़ गई है, और पुलिस की तादाद भी बढ़ गई है। लेकिन पुलिस की तादाद बढ़ा देने से जरायम में कमी हो जाय यह एक अच्छी बात होगी। पुलिस को क्या-क्या सुविधाएं और सहूलियतें आप ने दे रखी हैं इस को देखिये? आप के पूरे खर्चे का पुलिस के ऊपर सिर्फ 1 परसेंट है। पुलिस को अच्छी तालीम दीजिये, रिसर्च विंग को मजबूत कीजिये, उन के रहने का अच्छा इंतजाम कीजिये, उन को अच्छे हथियार दीजिये, पुलिस के पास अच्छे हथियार हों तभी पुलिस लोगों की जानमाल की हिफाजत कर सकती है और अपने को भी बचा सकती हैं। 1951 से 1961 में जुर्मों में कमी हुई थी 3.71 परसेंट। लेकिन यह बरकरार नहीं रही। 1961 से 1971 तक जुर्म की तादाद 52 परसेंट बढ़ गई और 1971 से 1978 के दरमियान 41.9 परसेंट बढ़ी। तो इस का नतीजा बड़ा खौफनाक है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप मंझे हुए सियासद दां हैं, गौर कीजिये। क्या तुक है इसका, क्या आर० एस० एस० को इस बात की छूट है कि जहां चाहे मुसलमानों को कत्ल करे, चाहे बिहार शरीफ, मुरादाबाद हो, अलीगढ़, कन्याकुमारी, अखूड़ी, पूना, जमशेदपुर या हैदराबाद हो ? आखिर कोई नियंत्रण तो होना चाहिये। एक तरफ आप खुली छूट दे रहे हैं, कुछ कर नहीं रहे हैं। जब आप के पास सबूत हैं, तो आप क्यों नहीं इस को (Ban) बैन करते हैं, ? क्यों इस तरह से मुसलमानों क्रिश्चियनों, हरिजनों और आदिवासियों की जिन्दगी से वे खेलते हैं इस बात की आजादी उन को हरगिज नहीं दी जायेगी, किसी कीमत पर भी कि मुसलमानों की जान व माल से खेलें।

हमारी सरकार सक्षम है, लोगों ने हम को मैनडेट दिया है, लोगों ने विश्वास

कर के हम को बिठाया है। हम को जिम्मेदारी व हक पूरा करना होगा, लोगों की जान-माल की हिफाजत करनी होगी। इतना ही नहीं, अगर 1951 से 1978 तक के सालों को देखा जाय तो इसमें जुर्म, क्राइम, जरायम की तादाद 4.12 परसेंट टोटल में बढ़ गई है जब कि आबादी 2.5 परसेंट ही बढ़ी है।

पुलिस के खर्चे को अगर मिला कर देखेंगे तो उस में पिछले 30 सालों में 1300 परसेंट खर्चा बढ़ गया है। सैन्ट्रल गवर्नमेंट पिछले 30 सालों में जो खर्चा कर चुकी है वह 61 88 परसेंठ है और सूबाई सरकार ने जो पुलिस पर खर्च किया है, वह करीब-करीब 1000 परसेंट है।

हमारे ज्ञानी जी शायर भी हैं और उर्दू के बहुत बड़े हामी भी हैं। तो क्या यह बात तो नहीं है साहब—कि मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की ?

अब बी० एस० एफ० और सी० आर० पी० में मुल्क का करीब करीब 70 परसेंट खर्का हो रहा है। वह अच्छा काम कर रहे हैं। इस में कोई शुबाह नहीं है कि मुल्क के अमनो-अमान को बहाल कर रहे हैं, लेकिन जब भी फिरकेदाराना फसादात हुए हैं ज्ञानी जैल सिंह जी ने और हमारी सरकार ने कहा है कि हम पीस फोर्स और बनायेंगे और उस में मुसलमानों, हरिजनों, आदिवासियों को ड्यू रिप्रेजेन्टेशन देंगे। मैं नहीं जानता कि इस में क्या काम हुआ है ? हमारी लीडर श्रीमती इंदिरा गांधी और हमारी पार्टी इस बात के लिये पाबंद-जबान (वचनबद्ध) है कि हम को लोगों की खिदमत करनी है और हम करते रहेंगे और इसीलिये लोगों ने हम को मैन्डेट दिया है, किसी दूसरी पार्टी को नहीं दियाडे है। लेकिन इस बात की भी इजाजत हमारी नेता किसी को नहीं देंगी कि कोई अकलियतों, हरिजनों और आदिवासियों व क्रिश्चियनों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ करे।

आप स्कूलों की किताबों को देखिये, हिस्टरी बदली जा रही है। हम क्या कर रहे हैं और क्टेया स्टेप लेने जा रहे हैं ? छोटे बच्चों के दिमाग में जो बात शुरू से प्राइमरी एजूकेशन से पढ़ाई जा रही है, वह घर कर रही है। जसा मैं ने कहा कि 650 आर० एस० एस० के स्कूल इस देश में चल रहे हैं। आगे चलकर उन बच्चों का दिमाग वैसा ही बनेगा। इस को रोकने का काम किस का है ? यह सरकार का काम है। होम मिनिस्ट्री इसकी ओर पूरा ध्यान दे।

आपने अपनी रिपोर्ट के पेज नं0 5 आइटम न06 पर लिखा है कि सब-कमेटी औन ऐजूकेशन की मीटिंग हुई है। मीटिंग होना और बात है, और उस पर अमल करना और बात है। मीटिंग जरूर कीजिये, मसलों को हल जरूर कीजिये लेकिन साथ ही साथ इम्पलीमेंटेशन भी होना चाहिये। ज्ञानी जी ऐसा न हो जाये कि—

"हम खाक हो जायेंगे, तेरे जुल्फ के सर होने तक।" मुल्क की सालिमयत को खतरा है, इस में कोई दो राय मैं नहीं रखता हूं। हमारी लीडर कह चुकीं हैं, आप भी कह चुके हैं, हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता भी कह चुके हैं कि बहुत खतरा है। मैं अपोजीशन से एक बात की गुजारशि करूंगा कि भाई, मुल्क रहेगा तो तुम भी रहोगे, लोग रहेंगे तो तुम भी रहोगे। जब मुल्क ही नहीं रहेगा तो तुम भी नहीं रहोगे। इस बात को सोच कर चलो, कोई फायदा नहीं है मुल्क को खतरे में डालने से एक्सट्रीमिट्स एजीटेशन असम, मणिपुर और मिजोरम में करायें। आप गांधी जी की बात भी कर रहे हैं और कौमी फसादात भी करा रहे हैं। अब इस की कोई गुंजाइश नहीं है।

[श्री जमीलुर्रहमान]

आखिर में एक बात कह कर मैं बैठूंगा कि अकलियत की तालीमी, माशी, जानो-माल की हिफाजत होगी मिनिस्ट्री के जिम्मा है, मुल्क की तरक्की उस वक्त होगी जब किसी मुल्क की अकलियत खुशहाल हो क्योंकि अकलियत मुल्क (कंट्री) की और डैमोक्रेसी की बैकवीन होती है। सरकार ने माइनारिटीज के बारे में एक हाई पावर पनल बनाया हुआ है। इस रिपोर्ट में बी० पी० मंडल कमीशन की रिपोर्ट का तजकिरा है लेकिन माइनारिटीज़ कमीशन के चैयर मैन, डा० गोपाल सिंह जो निहायत बाहिम्मत और सैकुलर आदमी हैं, की रिपोर्ट का इसमें कोई तज़किरा नहीं है। मुझे मालूम हुआ है वह रिपोर्ट आपके पास साल भर से पैंडिंग है। उन्होंने उसमें लिखा है कि मुसलमानों के साथ इम्तियाज बरता जा रहा है। डा० गोपाल सिंह ने रीकमेंडेशन दिया है कि मुस्लिम अकलियत को लाइसेंसिज कोटा, परमिट, तालिम और सैंट्रल और सूबाई सरकारों की नौकरियों में बढ़ावा मिलना चाहिए, उनको उनका ड्यू हिस्सा मिलना चाहिए।

पूर्णिया जिला एक इम्पोर्टेंट जिला है। जिला है। उसके पूर्व की तरफ वैस्ट बंगाल है, उससे पूर्व बंगला देश है और उत्तर में नैपाल है। मेरी कांस्टीट्यूएन्सी किशनगंज, में लोकल कालेज के कुछ लैक्चरर और प्रोफेसर आर० एस० एस० के कमिटिड आदमी हैं। वे उस की शाखा चलाते हैं, आनंद मार्ग की शाखा चलाते हैं। मैंने खुद इस बात को एजीटेट किया है, लेकिन अभी तक मेरी बात अनसुनी हुई है। वे लोग दंगा-फसाद कराना चाहते हैं। किशनगंज की सब दीवारों पर लिखा है : मारवाड़ी भगाओ, मुसलमान भगाओ "बंगलादेशी भगाओ"। उन्होंने बंगला देशिय की बोगी खड़ी की है। मिनिस्टर साहब एक कमेटी बनाएं। मैं उस कांस्टीट्युएन्सी का रिप्रेजन्टेटिव हूं, मैं तो साथ रहूंगा ही, आपोजीशन के लोगों और दूसरे लोगों को भी साथ लीजिए। सिर्फ छः ब्लाक की बात है। एक महीने का समय दीजिए। हम चलकर देखें कि कहां बंगादेशी हैं। अगर वहां पर बंगादेशी होंगे तो मैं उनका कान पकड़कर निकाल दूंगा यह एक कोमी (नैशनल) मसला है। अगर उस कालेज के प्रोफेसर्ज का यही रवैया रहा —— गवर्नमेंट ने उसको टेक ओवर कर लिया है——, तो वहां पर खतरनाक हालत पैदा हो जाएगी। मेरी कान्टीट्यूएन्सी के सब लोग इन्दिरा जी के सिपाही हैं। इस लिए आर० एस० एस० के लोग जान-बूझ कर उन्हें तंग कर रहे हैं। लेकिन वे हम इस तरह खौफज़दा और डीमारलाइज DEMORALISE नहीं कर सकते। मैं ज्ञानी जी से हाथ जोड़कर पुरजोर गुज़ारिश करूंगा कि वह खुद चलें और पता करें, वर्ना वह एक कमेटी बनाएं, जो पता लगाए कि क्या मामला है।

आपका बहुत बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे समय दिया। मैं इन डिमांड्स की पुरजोर ताईद करता हूं। साथ साथ मैं यह जरूर कहूंगा कि जो अनासिर मिजोरम के नाम पर खालिस्तान के नाम पर या किसी और नाम पर मुल्क के टुकड़े टुकड़े करना चाहते हैं, हमारी नेता और हम लोग उनसे निपटने के लिए सक्षम हैं और हम किसी भी कीमत पर उन्हें ऐसी गैर मुल्की हरकत व कार्यवाहियां जारी रखने की इजाज़त नहीं देंगे।

میں امید کرتا ہوں کہ میری اس کا جواب دیا جائے گا -

**شری جمیل الرحمن (کشن گنج) :**

محترم ڈپٹی سپیکر صاحب - آپنے مجھے موقع عنایت فرمایا اسکے لئے میں آپکا شکر گزار ہوں - ہوم منسٹری کی مانگوں کا میں پرزور سمرتھن کرتا ہوں تائید کرتا ہوں - گیانی جی کافی گیان رکھتے ہیں - ملک کے معاملوں میں انکا کافی دخل ہے - وہ چاہتے ہیں کہ ملک میں امن بنا رہے دنگے فساد نہ ہوں - کافی کوشش انکی طرف سے اسکے لئے ہو رہی ہے - یہ بھی صحیح ہے کہ ہوم منسٹری ملک کے لا اینڈ آرڈر قانون اور ویاوستھا کے ضامن ہے - یہ کہا جاتا ہے کہ یہ اسٹیٹ سبجیکٹ ہے - یہ ٹھیک ہے کہ کانسٹی ٹیوشن میں یہی کہا گیا ہے - لیکن اسکو ہم نظر انداز نہیں کر سکتے ہیں کہ جن لوگوں نے (ووٹ) میجارٹی دیکر ہم کو یہاں بھیجا ہے ہماری پارٹی کی سرکار بنوائی ہے وہ یہی چاہتے ہیں کہ ملک میں قومی ایکتا بنی رہے شانتی رہے - لوگ ترقی کریں - چین سے سوئیں - کون ایسا نہیں چاہتا ہے - لیکن کچھ لوگ ہیں جنکا آنکڑا میں دینے جا رہا ہوں - یہ امن اور ترقی نہیں چاہتے ہیں -

سب سے پہلے میں ایسے عناصر کا ذکر کرنا چاہتا ہوں جو ملک میں دنگا فساد ہو - ہلہ شرارت اور ملک کی ترقی کی راہ میں روکاوٹ ڈالتے ہیں - مجھے افسوس ہے کہ انکی جو ہوم منسٹری کی رپورٹ ہے اس میں اس بات کا تذکرہ نہیں کیا گیا ہے - مجھے امید ہے کہ اس واسطے بھی میری اس بات کا جواب وزیر صاحب جب وہ جواب دیں گے - ضرور دیں گے - آپ دیکھیں کہ ۱۸۷۹ع میں آر ایس ایس کی تعداد (6.33) ۶ء۳۳ لاکھ تھی - ۱۹۸۰ع میں وہ بڑھ کر ۱۰ لاکھ ہو گئی - ۱۹۸۱ع قریب ۱۵ لاکھ ہو گئی - ۱۹۷۹ع میں انکی ۱۶۰۰۰ شاخائیں تھیں - ۱۹۸۰ع انکی تعداد بڑھ کر ۱۸۰۰۰ ہو گئی - اتنا ہی نہیں - انکی شاخائیں انٹرنیشنل اسفیئر (sphere) میں بھی آگے بڑھے ہیں - یو ایس اے - یو کے ماریشس کینیا وغیرہ وغیرہ - میری خبر یہ ہے کہ آر ایس ایس کے ۶۰۰ پرائمری اسکول چلتے ہیں - ہو سکتا ہے کہ انکی تعداد اور بھی

[شری جمیل الرحمان]

زیادہ ہو - سب سے بڑی بات یہ بھی ہے کہ ۱۹۸۱ء میں آر ایس ایس کو گرو دکشنا میں ایک کروڑ کے قریب ملا - یہ رقم اس رقم کو چھوڑ کر ہے جو باہر سے یا در پردا آئی ہوگی - ملک میں انکو نو فرنٹل آرگنائزیشنس ہیں - یہ تمام باتیں رپورٹ میں ہونی چاہئیں تھیں - آپکی انٹیلی جینس سوتی رہے یہ آپکو شوبھا نہیں دیتا ہے - اسکو خبر ہونی چاہئیے - اسکا یہی کام ہے - ایسے ملک دشمن عناصر کا اسکو پتا لگانا چاہئیے اور انکو قانون کی ضد میں لاکر کھڑا کرنا چاہئیے - یہ ایسے لوگ ہیں جو ملک کے امن چین کو برقرار نہیں رکھنا چاہتے دنگا فساد کرنا چاہتے ہیں - یہ در پردہ کہاں کہاں کام کر رہے ہیں - اسکوٹنگ ونگ میں تو ہیں ہی - ہریجنوں میں بھی آ گئے ہیں - کسانوں میں بھی آ گئے ہیں - آدی واسیوں میں بھی گھس گئے ہیں اور ہمارے اندر بھی گھس رہے ہیں - یہی نہیں مسلمانوں میں بھی - کون دیکھے گا اسکو ہوم منسٹری اپنی ذمہ داری سے بری نہیں ہو سکتی - جس میں ہوم منسٹی بری ہو جائے گی تو میں تباہ ہو جائے گا - اسلئے گرہ منتری جی اس پر دھیان دیں غور کریں -

آسام کی بات آئی ہے - آپ کوشش کر رہے ہیں - پردھان منتری بہت کوشش کر رہے ہیں - کہ وہاں شانتی اور امن قائم ہو اتپادن بڑھے - پیداوار بڑھے - لوگ شانتی سے رہیں - انکے لئے اسپیشل فنڈس رکھے گئے ہیں - لیکن اتنے سے ہی کام نہیں چلے گا - آپکو معلوم ہوگا کہ پورو انچل میں ہندو مسلم گوہاٹی میں ہوا - جسکی رپورٹ ۲۰ مارچ ۱۹۸۲ء کے اخباروں میں آئی ہے - اتنا جانتے ہوئے بھی این ایس ایکٹ (N. S. Act) کا اپیوگ اور استعمال کیوں نہیں کیا گیا یا کیا جاتا ہے - جب جان رہے ہیں کہ ملک کا پوروی حصہ جل رہا ہے لوگوں کی حالت بری ہو گئی ہے دنگے فساد ہوئے ہیں اور وہاں پر سمبلن ہو رہا ہے کیا آپ اسکو روک نہیں سکتے ہیں - کیا اسکے لئے آپکے پاس قانون نہیں ہے - آخر قانون اس لئے پاس کیا ہے تاکہ ملک کی ایکتا قائم رہے - امن چین برقرار رکھنے کے لئے ہی

قانون بنائے ہیں - آپ اسکا استعمال کریں - اسکو الماریوں میں بند نہ کریں -

مانیہ اٹل جی چلے گئے ہیں انکے سامنے کہنا چاہتا تھا -

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Act is always kept in the Bureau only.

SHRI JAMILUR RAHMAN: That should not be, That is what I say That is my grievance.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If it is in the form of a book it will be in the bureau obly.

شری جمیل الرحمن : ان کے پیچھے میں نہیں بولنا چاہتا ہوں لیکن بولنے کے لئے مجبور ہوں یہ گاندھی ازم کی بات کرتے ہیں لیکن آپ کو سن کر حیرت ہوگی کہ بٹ کیشور دت ایپیسوڈ کے بارے میں کس کو نہیں معلوم کہ ۱۹۴۲ میں سرکاری گواہ بن کر ہمارے فریڈم فائٹرس کو پھنسا رہے تھے - اور ہماری انٹلی جنس خاموش ہے - اس پر گرہ منتری جی کو دھیان دینا چاہئیے -

ملک میں جرائم بڑھ رہے ہیں اور تعداد بھی کافی بڑھ گئی ہے - اور پولیس کی تعداد بھی بڑھ گئی ہے - لیکن پولیس کی تعداد بڑھا دینے سے جرائم میں کمی ہو جائے یہ ایک اچھی بات ہوگی - پولیس کو کیا کیا سودھا اور سہولتیں آپ نے دے رکھی ہیں اس کو دیکھئے - آپ کے پورے خرچ کا پولیس کے اوپر صرف ایک پرسنٹ ہے - پولیس کو اچھی تعلیم دی جائے ریسرچ ونگ کو مضبوط کیجئے ان کے رہنے کا اچھا انتظام کیجئے - ان کو اچھے ہتھیار دیجئے - پولیس کے پاس اچھے ہتھیار ہوں تبھی پولیس لوگوں کی جان و مال کی حفاظت کر سکتی ہے اور اپنے کو بھی بچا سکتی ہے - ۱۹۵۱ع سے ۱۹۶۱ع میں جرموں میں کمی ہوئی تھی ۳٫۷۱ پرسینٹ لیکن یہ برقرار نہیں رہی - ۱۹۶۰ع سے ۱۹۷۱ع تک جرم کی تعداد ۵۲ پرسینٹ بڑھ گئی اور ۱۹۷۰ع سے ۱۹۷۸ع کے درمیان ۴۱٫۹ پرسینٹ بڑھی - تو اس کا نتیجہ بڑا خوفناک ہے - ڈپٹی اسپیکر صاحب آپ منجھے ہوئے سیاستدان ہیں غور کیجئے - کہا تک ہے اس کا کہا آر - ایس - ایس - کو اس بات کی چھوٹ ہے کہ جہاں چاہے مسلمانوں کو قتل کرے چاہے بہار شریف مراد آباد ہو - علی گڑھ کنیا کماری اکھروقی پونا جمشید پور یا حیدر آباد ہو - آخر کوئی نمائندن تو ہونا چاہئے - ایک طرف آپ کھلی چھوٹ دے رہے ہیں کچھ کر نہیں رہے ہیں - جب آپ کے پاس ثبوت ہیں تو آپ کیوں نہیں اس کو بین (*Ban*) کرتے ہیں - کیوں

[ شری جمیل الرحمن ]

اس طرح سے مسلمانوں کرسچنوں
ہریجنوں اور آدی واسیوں کی زندگی
سے وہ کھیلتے ہیں - اس بات کی
آزادی ان کو ہرگز نہیں دی جائے گی
کسی قیمت پر بھی کہ مسلمانوں
کی جان و مال سے کھیلیں -

ہماری سرکار سکشم ہے لوگوں نے
ہم کو مینڈیٹ دیا ہے - لوگوں نے
وشواس کر کے ہم کو بٹھایا ہے ہم کو
ذمہ داری و حق پورا کرنا ہو گا -
لوگوں کی جان مال کی حفاظت
کرنی ہوگی - اتنا ہی نہیں اگر
۱۹۵۱ع سے ۱۹۷۸ع کے سالوں کو
دیکھا جائے تو اس میں کرائم جرائم
کی تعداد ۱۲۰۳ پرسینٹ تک میں
بڑھ گئی ہے - جب کہ آبادی ۰۵ء۲
پرسینٹ ہی بڑھی ہے -

پولیس کے خرچے کو اگر ملا کر
دیکھیں گے تو اس میں پچھلے تین
سالوں میں ۱۳۰۰ سو پرسینٹ خرچہ
بڑھ گیا ہے - سینٹرل گورنمینٹ
پچھلے تیس سالوں میں جو خرچہ
کر چکی ہے وہ ۸۸۰۹۱ پرسینٹ ہے -
اور صوبائی سرکار نے جو پولیس پر
خرچ کیا ہے وہ قریب قریب ایک
ہزار پرسینٹ ہے ہمارے گیانی جی
شاعر بھی ہیں - اور اردو کے بہت
بڑے حامی بھی ہیں - تو کیا یہ
بات تو نہیں ہے صاحب کہ "مرض
بڑھتا گیا جوں جوں دوا کی" -

آپ بی - ایس - ایف - اور
سی - آر - پی - میں ملک کا
قریب قریب ۷۰ پرسینٹ خرچہ ہو
رہا ہے وہ اچھا کام کر رہے ہیں -
اس میں کوئی شبہ نہیں ہے - کہ
ملک کے امن و امان کو بحال کر رہے
ہیں - لیکن جب بھی فرقہ وارانہ
فسادات ہوئے ہیں - گیانی ذیل سنگھ
جی نے اور ہماری سرکار نے کہا ہے
کہ ہم پیس فورس بنائیں گے اور
اس میں مسلمانوں ہریجنوں آدی
واسیوں کو ریپریزینٹیشن دیں گے -
میں نہیں جانتا کہ اس میں کیا
کام ہوا ہے - ہماری لیڈر شریمتی
اندرا گاندھی اور ہماری پارٹی اس
بات کے لئے وچن بد پابند زبان ہے
کہ ہم لوگوں کی خدمت کرنی ہے -
اور ہم کرتے رہیں گے - اور اس لئے
لوگوں میں ہم کو مینڈیٹ دیا ہے
- کسی دوسری پارٹی کو نہیں دیا ہے -
لیکن اس بات کی بھی اجازت ہماری
نیتا کسی کو نہیں دے گی - کہ
کوئی اقلیتوں ہریجنوں اور آدی واسیوں
و کرسچنوں کی زندگی کے ساتھ
کھلواڑ کریں -

آپ اسکول کی کتابوں کو دیکھئے -
ہسٹری بدلی جا رہی ہے - ہم کیا
کر رہے ہیں اور کیا اسٹیپ لئے جا
رہے ہیں چھوٹے بچوں کے دماغ میں
جو بات شروع سے پرائمری ایجوکیشن
سے پڑھائی جا رہی ہے - وہ گھر کر

رہی ہے - جیسا میں نے کہا کہ چھ سو پچاس آر - ایس - ایس - کے اسکول اس دیش میں چل رہے ہیں آگے چل کر ان بچوں کا دماغ ویسا ہی بنے گا - اس کو روکنے کا کام کس کا ہے - یہ سرکار کا کام ہے - ہوم منسٹری اس کی اور پورا دھیان دے -

آپ نے اپنی رپورٹ کے پیج نمبر پانچ آئٹم نمبر چھ پر لکھا ہے کہ سب کمیٹی ان ایجوکیشن کی میٹنگ ہوئی ہے - میٹنگ ہونا اور بات ہے - اور اس پر عمل کرنا اور بات ہے لیکن میٹنگ ضرور کیجئے - مسئلوں کو حل ضرور کیجئے - اور ساتھ ہی ساتھ امپلیمینٹیشن بھی ہونا چاہئے - کہانی جی ایسا نہ ہو جائے کہ

"ہم خاک ہو جائیں گے
تیرے زلف کے سر ہونے تک"

ملک کی سالمیت کو خطرہ ہے اس میں کوئی دو رائے میں نہیں رکھتا ہوں ہماری لیڈر کہہ چکی ہیں آپ بھی کہہ چکے ہیں ہماری پارٹی کے ورکنگ نیتا بھی کہہ چکے ہیں کہ بہت خطرہ ہے - میں اپوزیشن سے ایک بات کی گذارش کروں گا کہ بھائی ملک رہے گا تو تم بھی رہو گے - لوگ رہیں گے تو تم بھی رہو گے - جب ملک ہی نہیں رہے گا تو تم بھی نہیں رہو گے - اس بات کو سوچ کر چلو کوئی فائدہ نہیں ہے ملک کو خطرہ میں ڈالنے سے ایکسٹریمسٹس ابھی تین آسام منی پور اور میزورم میں کرائیں - آپ گاندھی ازم کی بات بھی کر رہے ہیں اور قومی فسادات بھی کرا رہے ہیں - اب اس کی کوئی گنجائش نہیں ہے -

آخر میں ایک بات کہہ کر میں بیٹھوں گا کہ جو اقلیت کی تعلیمی معاشی جان و مال کی حفاظت ہوم منسٹری کے ذمہ ہے ملک کی ترقی اس وقت ہوگی جب کسی ملک کی اقلیت خوش حال ہو کیونکہ اقلیت ملک (کنٹری) کی اور ڈیموکریسی کی بیک بون ہوتی ہے - سرکار نے مائنوریٹیز کے بارے میں ایک ہائی پاور پینل بنایا ہوا ہے - اس رپورٹ میں وی - پی ز منڈل کمیشن کی رپورٹ کا تذکرہ ہے - لیکن مائنوریٹیز کمیشن کے چیئرمین ڈاکٹر گوپال سنگھ جو نہایت با ہمت اور سیکولر آدمی ہیں کی رپورٹ کا اس میں کوئی تذکرہ نہیں ہے - مجھے معلوم ہوا ہے کہ وہ رپورٹ آپ کے پاس سال بھر سے پینڈنگ ہے - انہوں نے اس میں لکھا ہے کہ مسلمانوں کے ساتھ امتیاز برتا جا رہا ہے - ڈاکٹر گوپال سنگھ نے ریکمینڈیشن دیا ہے - کہ مسلم

[شری جمیل الرحمن]

اقلیت لائسینسز کوٹا پرمٹ تعلیم اور سینٹرل اور صوبائی سرکاروں کی نوکریوں میں بڑھاوا ملنا چاہئے - ان کو ان کا ٹھیک حصہ ملنا چاہئے -

پورنیا ضلع ایک امپورٹینٹ ضلع ہے اس کے پورب کی طرف ویسٹ بنگال ہے - اس سے پورو بنگلہ دیش ہے اور اتر میں نیپال ہے - میری کانسٹی چیونسی کشن گنج میں لوکل کالج کے کچھ لیکچرر اور پروفیسر آر - ایس - ایس - کے کمیٹڈ آدمی ہیں - وہ آر - ایس - ایس - کی شاکھا چلاتے ہیں آنند مارگ کی شاکھا چلاتے ہیں - میں نے خود اس بات کو ایجیٹیٹ کیا ہے - لیکن ابھی تک میری بات ان سنی ہوئی ہے - وہ لوگ دنگا فساد کرانا چاہتے ہیں - کشن گنج کی سب دیواروں پر لکھا - "ماروازی بھگاو" "مسلمان بھگاو" "بنگلہ دیشی بھگاو" انہوں نے بنگلہ دیشیوں کی ہوگی کھڑی کی ہے - منسٹر صاحب ایک کمیٹی بٹھائیں - میں اس کانسٹی چیونسی کا ریپریزنٹیٹو ہوں میں تو ساتھ رہوں گا ہی اپوزیشن کے لوگوں اور دوسرے لوگوں کو بھی ساتھ لیجئے - صرف چوہے بلاک کی بات ہے آپ ایک میٹنگ کا سیٹ دیجئے - ہم چل کر دیکھیں گے کہ کہاں بنگلہ دیشی ہیں - اگر وہاں پر بنگلہ دیشی ہوں گے تو میں ان کو کان پکڑ کر نکال دوں گا -

یہ ایک قومی مسئلہ - نیشنل مسئلہ ہے - اگر اس کالج کے پروفیسرس کا یہی رویہ رہا اگرچہ گورنمنٹ نے اس کو ٹھیک اور کر لیا ہے تو وہاں پر خطرناک حالت پیدا ہو جائے گی - میری کانسٹی چیونسی کے سب لوگ اندرا جی کے سپاہی ہیں - اس لئے آر - ایس- ایس- کے لوگ جان بوجھ کر انہیں تنگ کر رہے ہیں - لیکن وہ ہمیں اس طرح خوف زدہ اور ڈی مورالائز (Demoralise) نہیں کر سکتے میں گیانی جی سے ہاتھ جوڑ کر پر زور گذارش کروں گا کہ وہ خود چلیں - اور پتا کریں ورنہ وہ ایک کمیٹی بٹھائیں جو پتا لگائیں کہ کیا معاملہ ہے -

آپ کا بہت بہت شکریہ کہ آپ نے مجھے سمے دیا - میں ان ڈیمانڈس کی پر زور تائید کرتا ہوں - ساتھ ساتھ میں یہ ضرور کہوں گا کہ جو عناصر میزورم کے نام پر خالصتان کے نام پر یا کسی اور نام پر ملک کے ٹکڑے ٹکڑے کرنا چاہتے ہیں - ہماری نیتا اور ہم لوگ ان سے نپٹنے کے لئے سکشم ہیں - اور ہم کسی بڑی قیمت پر انہیں ایسی غیر ملکی حرکت و کاروائیاں جاری رکھنے کی اجازت نہیں دیں گے -

**आचार्य भगवान देव** (अजमेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। गृह मंत्रालय एक बहुत बड़ा मंत्रालय है, उसकी आवश्यकताएं भी बहुत हैं। इस सदन में कई ऐसे ब्रह्मचारी हैं, जो इस डर के मारे गृहस्थ में प्रवेश नहीं करते कि वे उसको चला नहीं पाते, इसमें असमर्थ हैं।

**श्री एम राम गोपाल रेड्डी** (निज़ामाबाद): मिसाल के तौर पर ?

**आचार्य भगवान देव** : आप जानते हैं कि ब्रह्मचारी कौन है यहां पर।

इस बात को देखते हुए गृह मंत्रालय के लिए जो राशि निर्धारित की गई है, मैं समझता हूं कि वह बहुत कम है। भारत सरकार को इस बारे में गम्भीरता से सोचना चाहिए और गृह मंत्रालय की राशि को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस देश में गद्दारों का मजमा बढ़ता जा रहा है : अभी विरोधी दल के जो लोग यहां पर बोले उनकी शिकायत थी कि देश में तोड़-फोड़ हो रही है, चोरी-डकैती हो रही है, लूट-खसोट हो रही है, औरतें उठाई जाती हैं और ला एण्ड आर्डर की स्थिति ठीक नहीं है। अभी चन्द रोज़ पहले मैं मद्रास गया था। मेरे जाने से कुछ दिन पूर्व वहां पर भारतीय जनता पार्टी के श्री अटल बिहारी वाजपेयी गए थे। मैंने वहां पर पांच मीटिंग्ज़ अटेण्ड कीं। उसके बाद एक बुद्धिजीवियों की बैठक हुई जिसमें कई लोगों ने कई प्रकार के सवाल मुझ से पूछे। जैसे कि यहां पर विरोधी दल के लोग बातें करते हैं उसी तरह से उस टोली में भी एक खाकी निकर वाला आर एस एस का एक आदमी था जो कि बार बार उठ जाता था क्योंकि उसे लग रहा था कि उसकी दूकानदारी बन्द हो रही है और यह व्यक्ति प्रभाव जमाता जा रहा है। अन्त में चिड़चिड़ा कर वह खड़ा हो गया और कहने लगा कि लूट-खसोट हो रही है, महंगाई बढ़ रही है, चोरियां और डकैतियां हो रही हैं फिर राम राज्य कब आयेगा ? मैंने उससे पूछा कि तुमने रामायण भी पढ़ी है ? उसने कहा पढ़ी है। मैंने कहा कि राम की पत्नी सीता को रावण उठा कर ले गया था लेकिन यहां पर जो इस समय तीन-चार सौ बुद्धिजीवी बैठे हैं उन सभी को पत्नियां अभी सुरक्षित हैं। मैंने कहा कि यह तो आदि काल से होता चला आ रहा है, देवताओं और राक्षसों की लड़ाई चलती रही है। इसी प्रकार से बदमाश और सज्जन की पहचान होती है, अच्छे और बुरे की पहचान होती है।

इस सदन में देहरादून की बात को लेकर ये लोग इस सदन को सब्जी मण्डी बना कर बैठ गए थे, एक बावेला खड़ा कर दिया था जब कि इनको पता है कि संसद् के एक एक मिनट की क्या वल्यू है। जब राम का राजतिलक होने वाला था और 14 साल के लिए उनका वनवास हो गया था तब किसी ने भी घेराव नहीं किया था, कोई वावेला नहीं खड़ा किया था। फिर आप राम राज्य की क्या बात करते हैं ? कौन चाहता है कि देश में अराजकता फैले ? कौन चाहता है कि देश में चोरियां हों और डाके पड़ें ? कौन चाहता है कि किसी महिला के साथ बलात्कार हो ? क्या ज्ञानी जैल सिंह जी ऐसा चाहते हैं या श्री वेंकटसुब्बया ऐसा चाहते हैं ? क्या हम ऐसा चाहते हैं या विरोधी दल के लोग ऐसा चाहते हैं ? कोई नहीं चाहता है। किसी भी गांव में या किसी जगह किसी व्यक्ति के दिमाग

पर शैतानी सवार होती है और वह कोई कुकृत्य करता है तो उसके बाद सरकार उस ऊपर कार्यवाही कर सकती है । ज्ञानी जो को क्या पता किस कस्बे में किस स्थान पर कोई क्या कर रहा है । सरकार को पता होने के बाद उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाती है । लेकिन आज जो डकैतियां हो रही हैं और लूट-खसोट हो रही है उसकी जवाबदेही विरोधी-दलों के लोगों के ऊपर है । इमर्जेन्सी में स्मगलर्स, बदमाशों और चम्बल के डाकुओं को—1977 से पूर्व—हमारी प्रधान मंत्री जी ने बन्द करके जेलों में डाल दिया था । उसके बाद जयप्रकाश नारायण के सामने डाकुओं को देवता बना कर खड़ा करके कहा गया कि वे गांधी वादी बन गए हैं । जिन्होंने हमेशा डाके डाले, लूट-खसोट की, जीवन भर खून किए और औरतों के साथ बलात्कार किए उनको एक दिन में साधू बना दिया गया । वही लोग उनसे आशीर्वाद पाकर आज शैतानियत के काम कर रहे हैं । मेरा आक्षेप है कि यही लोग उनको प्रोत्साहन देते हैं । वही लोग साधु के वेष में शैतानियत के काम कर रहे हैं, राष्ट्रवाद का चोगा पहन कर देश द्रोह के काम कर रहे हैं । मैंने पिछली संसद् में भी कहा था कि गरीब बंगलादेश से असम में आर्थिक समस्या के कारण या किसी भी समस्या के कारण लोग इधर से उधर जाते हैं । दिल्ली में रहने वाले भी बाहर जाते हैं । बाहर वाले दिल्ली में आते हैं । उन साधारण नागरिकों के बारे में जब सरकार ने यह कह दिया कि आप बता दो कि कौन विदेशी है, हम उस पर कार्यवाही करेंगे, फिर भी हमारे खाकी निकर वाले, उनके नेता, कबड्डी खेलने वाले कहते हैं कि इस साल को मानिए या उस साल को मानिए । उन साधारण गरीबों के बारे में बात करते हैं, आपत्ति उठाते हैं, परन्तु भारतीय जनता पार्टी के लीडर ने इसी दिल्ली के अन्दर दो-तीन महीने पहले यहां रली का प्रोग्राम रखा था, तो उन के उपाध्यक्ष श्री राम जेठमलानी पाकिस्तान के सैनिक तानाशाह जनरल ज़िया, उन के राजदूत रहे हुए मि0 बरोही को ले कर उस रली में उन को मंच तक गये और वाजपेयी जी ने खड़े हो कर उन का स्वागत किया । संसद् में मेरी उन से झड़प हुई थी और उन्होंने स्वीकार किया था कि वे इन्टरनेशनल रोटेरी क्लब के प्रोग्राम में आये थे । तो भारतीय जनता पार्टी की रली में मंचों तक तुम्हारे उपाध्यक्ष क्या ले कर गये ? ये राष्ट्रवाद का चोगा पहन कर ** ** का काम कर रहे हैं । यहां पर गढ़वाल की बात करते हैं लेकिन उस सैनिक तानाशाह के पास मिलने जाते हैं । भारतीय जनता पार्टी का उपाध्यक्ष राम जेठमलानी, लोक दल का उपाध्यक्ष—जार्ज फर्नाण्डीस और जनता पार्टी का लीडर सुब्रह्मण्यम स्वामी—ये तीनों पार्टियों के तीन जवाबदेह व्यक्ति क्या आप और हम को पता नहीं है कि उस सैनिक तानाशाह के विशेष निमन्त्रण पर पाकिस्तान गये, उन की रोटियां खाईं और अमरीका के इशारे पर उन से सांठगांठ कर के देश के अन्दर ** ** का काम कर रहे हैं तथा उन को प्रोत्साहन दे रहे हैं और यहां अराजकता लाने का प्रयास कर रहे हैं ।

किसी शायर ने ठीक ही कहा है —
दिल के फफोले जल उठे सीने के दाग से,
इस घर को आग लग गई घर के चिराग से ।

इन **** ने कभी सोचा नहीं कि इस देश की कभी भी सीमाओं पर किसी ने गुलाम

**** Expunged as ordered by the Chair.

नहीं बनाया। इस देश को मुहम्मद मीर कासिम से लेकर अंग्रेजों के शासन काल तक यदि किसी ने गुलाम बनाने का प्रयास किया तो हमारे बहादुर लोगों ने, पूर्वजों ने उन के छक्के छुड़ा दिये। वे तभी कामयाब हो सके जब उन को देश के गद्दारों का सहयोग मिला। जयचन्द ने गौरी को सहयोग दिया। कान खोल कर सुनिए—उस ने पहला काम यह किया कि उस ने जयचन्द की गर्दन काट दी। क्यों? उसने कहा कि जयचन्द जब तुम अपने भाई पृथ्वीराज के साथ वफ़ादार नहीं रह सके तो मेरे साथ कहां तक वफ़ादार रह सकते हो। आज हिन्दुवाद की बात करने वाले, पाकिस्तान के खिलाफ़ रहने वाले, राष्ट्रवाद को बात करने वाले, आज इस तानाशाह के साथ सांठगांठ कर के दीवारों पर लिखाते हैं, जैसा कि मेरे भाई ने कहा है। इस देश के अन्दर विदेशी ताकतों का सहारा लेकर

हिन्दुस्तान समाचार समिति, जिस हिन्दुस्तान समाचार समिति को हमारा वित्त मंत्रालय, ब्राडकास्टिंग मंत्री, सहयोग देते हैं, आर्थिक मदद देते हैं, आज यहां पर इस प्रकार का समाचार फैलाने की कोशिश कर रही है जिससे आग भड़के, अराजकता आये, जाति-जाति के अन्दर नफरत हो, एक दूसरे के खून के प्यासे रहें। मैं चाहता हूं कि भारत सरकार इस के बारे में एक जांच कमीशन बैठाये। ज्ञानी जी, आप को पता वहीं है कि हिन्दुस्तान समाचार का जनरल मैनेजर **** है जो कि आर० एस० एस० का हैड है, आर० एस० एस० का मुख्य व्यक्ति है। सारी-की-सारी-कमेटी आर० एस० एस० वालों की है और उन को आप पैसा दे रहे हैं। मैं न्यूयार्क हो कर आया हूं। वहां इण्टरनेशनल दीनदयाल उपाध्याय केन्द्र बना हुआ है उस के मंत्री ** जिन को आप ने हिन्दुस्तान समाचार में मैनेजर बना रखा है। उन **** को आप अपने हाथ से सहयोग दे रहे हैं जो देश का बरबाद करने पर तुले हुए हैं। ये छोटी-छोटी बातें, छोटी-छोटी घटनायें किस जमाने में नहीं हुई हैं, किस काल में नहीं हुई हैं। हर काल में राक्षस और देवताओं की लड़ाई होती रही है। जब व्यक्ति एक घर को नहीं सम्भालता, व्यक्ति से अपनी पार्टी नहीं सम्भलती तो वे देश को क्या संभाल सकते हैं। ढाई साल के अन्दर जनता ने उन को देख लिया पंचर हो कर मेण्डकी टोल बिखर गया और आज फिर यह मेण्डकी टोली इक्ट्ठा होने का प्रयास कर रहा है। एक तराजू में तुलना चाहता है, लेकिन, उपाध्यक्ष महोदय, एक वैज्ञानिक सत्य है कि मेंढक कभी भी तराजू में नहीं तोले जा सकते। दो

मेंडक तराजू में हों, चार मेंढक तराजू में हों, तो क्या उन को आप तोल लेंगे, नहीं तोल सकते। छः मेंढक अगर तराजू में हैं, तो उन में से दो उछल जायेंगे। संसार में आज तक कोई उन को तोल नहीं सका। चार में से दो मेंढक छलांग मार कर तराजू में से नीचे चले जाएंगे। इसी तरह से इन के क्या सिद्धान्त हैं, इनकी क्या पालिसी है? कहां बाबू जगजीवन राम और कहां चौधरी चरण सिंह और कहां

ये खाकी नीकर वाले नागपुरी संतरे, आर० एस० एस० वाले और जनता पार्टी वाले और कहां पर ये मार्कसिस्ट? इन का कोई मेल है, इन का कोई सिद्धान्त मिलता है? कभी ये एक हो सकते हैं और क्या जनता इन पर विश्वास कर सकती है। ये शिकायत व शिकवा करते हैं और मैंने जैसा पहले कहा था कि कई लोग इसलिए शादी नहीं करते क्योंकि घर चलाने की उन में सामर्थ्य नहीं है। इसलिए वे ब्रह्मचारी रहना चाहते हैं। इतना बड़ा घर संभालना कोई आसान

****Expunged as ordered by the Chair.

[आचार्य भगवान देव]

बात नहीं। घर में कुछ वर्तन गिर भी जाते हैं, टूट भी जाते हैं। खिड़की टूटती है, हवा आती है, झोंका आता है, बरसात होती है, छत टूट जाती है, दीवार गिरती है, खिड़की टूटती है और इस तरह की बातें होती रहती हैं। इतने बड़े राष्ट्र के अन्दर छोटे-छोटे ये लोग इस तरह की शिकायत करें, तो उससे क्या होता है। आप मिल कर सरकार के साथ सहयोग करें और यह बताएं कि ये गुंडे हैं और इसको साबित करें, तो उन के खिलाफ कार्यवाही होगी। हमारे ज्ञानी जैल सिंह जाते हैं माया त्यागी के बारे में जानकारी लेने के लिए, तो वहां पर राज नारायण आ कर खड़े हो जाते हैं। अभी यहां पर बागड़ी जी थे और अब वे चले गये। उन से कहा कि अगर मिलना हो, तो डेपूटेशन ले कर आओ 5—10 आदमी आ जाएं और मिल लें लेकिन उन्होंने कहा, नहीं, हम तो 500 के 500 आदमी आएंगे। यह कोई भेड़ बकरी का टोला है यह संसद् है। यह कोई सब्जी मार्केट नहीं है और न ही कोई रेलवे प्लेटफार्म है। यहां के समय को समझो, यहां की प्रतिष्ठा का समझो, यहां के समय के गौरव को समझो। अब ये नियम और कानून की बात करते हैं। शून्यकाल में उपाध्यक्ष महोदय आप भी देखते हैं और हम भी देखते हैं। ये जो नियमों की बात कहते हैं, यह कितना कहना मानते हैं। रोज तमाशा इसलिए करते हैं कि पेपर वाले सुन लें और पेपर में आ जाए।

**Mr. Deputy Speaker** : They have always obeyed the Chair.

**Shri Satyasadhan Chakraborty** : This is the quality of his speech.

**आचार्य भगवान देव** : कभी चेयर की बात को नहीं मानते हैं। उस को मान नहीं देते हैं। इन का तो यही है कि हमारा नाम अखबारों में आ जाए। और हमारे पत्रकारों का क्या कहना? विरोधी पार्टी वाले बोलते हैं, तो यहां लोबी में आ जाते हैं और पता नहीं, वे इन को क्या दे आते हैं और रूलिंग पार्टी का कोई बोलता है, तो पता नहीं उस समय वे कहां चले जाते हैं चाय पीने के लिए। उनके नाम का उल्लेख ब्रोडकास्टिंग मिनिस्ट्री द्वारा रेडियो पर भी होता है और इस बारे में मुझे शिकायत है जैसा साठे जी ने भी उस दिन कहा था कि रूलिंग पार्टी वालों को कम समय रेडियो पर दिया जाता है। यह बिल्कुल हकीकत है। मैं यहां पर दो-तीन बार बोला लेकिन मेरे नाम का कोई उल्लेख आकाशवाणी से नहीं हुआ। मुझे शिकायत नहीं है, उस की इंक्वायरी हम कर लेंगे, उस की जांच हम कर लेंगे परन्तु इस प्रकार की गतिविधि चलती है कि यहां पर नाच गाना कर दिया और पेपर में वह आ गया। उपाध्यक्ष महोदय, एक सज्जन आदमी सड़क पर चला जाए, तो कोई ध्यान नहीं देता लेकिन अगर कोई कपड़े उतार कर चलने लगे, तो भीड़ इकट्ठी हो जाएगी। कोई नंगा हो कर चला जाए, तो हो-हल्ला होता है और पेपर में वह आ जाता है कि वह नंगा आदमी सड़क पर जा रहा था, इसी तरह से ये लोग ****। ये सभ्यता से, निष्ठा से देश में चलना नहीं जानते। देश में मिल कर गुंडागर्दी को दूर करने के लिए, अराजकता को दूर करने के लिए, इन को सहयोगी बनना चाहिए। ये सहयोग न कर के तोड़फोड़ की कार्यवाही की गति लाने की कोशिश करते हैं। आज ये चाहते हैं कि रेलें जो चलती हैं, वे रुकें। ये कहते हैं कि हम रेलों को रोकेंगे और भारतीय जनता पार्टी वाले कहते हैं कि चक्का जाम करेंगे। अगर ये

****Expunged as orderd by the Chair.

कानून तोड़ेंगे, तो इन के खिलाफ़ कार्यवाही होनी चाहिए। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इस देश में अगर कोई अराजकता लाना चाहता है, तो उस के खिलाफ़ कार्यवाही की जाए। 19 तारीख को किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। विरोधी दलों के लोगों ने मिल कर यहां पर हड़ताल की और यह एक अलग बात है कि वे पंक्चर हो गये। इस देश के अन्दर उन की कुछ नहीं चल सकी और मजदूरों और किसानों ने उन को सहयोग नहीं दिया परन्तु मैं यह कहना चाहता हूं कि ये जो कानून तोड़ने वाले हैं, उन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही आप को करनी पड़ेगी। ऐसे लोगों को फांसी पर लटकाना होगा और गोली से शूट करना होगा और जनता के बीच उनकी गद्दारी को समाप्त कीजिए ताकि कोई गुंडागर्दी करने का प्रयास न कर सके और किसी को फिर ऐसा करने की हिम्मत न हो।

इन शब्दों के साथ मैं गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करते हुए, यह कहूंगा कि इस मंत्रालय को अधिक से अधिक धनराशि देने की व्यवस्था की जाए क्योंकि इस देश में गद्दारों और बेकार के आदमियों पर नियंत्रण रखने के लिए साधन और सुविधाओं, दोनों की आवश्यकता है। मैं गृह मंत्री जी और उन के दोनों साथियों को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि वे बड़ी योग्यता के साथ, सूझबूझ के साथ और शान के साथ अपने डिपार्टमेंट को संभाल रहे हैं।

MR. DEPUTY SPEAKER : Shri N.E. Horo.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Are you appreciating his speech?

**(*Interruptions*)

ऐसा अपोजीशन वालों के लिए कहते हैं। .... (व्यवधान) ....

आचार्य भगवान देव : ** आप कानून तोड़ते हैं, आप अराजकता लाते हैं और विदेशी ताकतों के साथ मिले हुए हैं। .... (व्यवधान) ....

MR. DEPUTY SPEAKER : If you want to raise a point, please do it.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : You must control. What is he saying about the Opposition?

What is he saying?

(*Interruptions*)

If I tell the same about the Prime Minister, how would you like it ? Most uncivilized.....

MR. DEPUTY SPEAKER: You can raise that point. I will go through the record. That is the parliamentary procedure.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Sir, he has made a very unseemly sort of statement while finding fault with the hon. Member. The hon. Member was only giving a sort of example. It is not as though literally he is wanting them to go.** It was only a sort of parallel, example. Taking advantage of that, he has passed some derogatory remarks and I would request you to get them expunged.

MR. DEPUTY SPEAKER: I will go through the record.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: If the Minister defends like this what he has said about the Opposition, should I hurl the same

**Expunged as ordered by the Chair.

[Shri Satya Sadhan Chakraborty]

thing against the Minister, against the ruling Party, against the Prime Minister? (*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER: It is for me to take a decision.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Again you are saying...... (*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: He has every right to say what he wants, but what is this uncivilized way of saying?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: When you accuse him of using uncivilized language, you should not also indulge the most uncivilized and derogatory remarks. One mistake cannot justify committing another mistake. (*Interruptions*)

**आचार्य भगवान देव** : मैंने किसी विरोधी पार्टी का नाम नहीं लिया है ।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: I am only requesting you, Sir, to go through the entire proceeding, what has been said by the hon. Member and what has been said by him.

MR. DEPUTY SPEAKER: I will go through the entire proceedings.

Mr. Horo.

**श्री एन० ई० होरो** (खूंटी) : मिस्टर डिप्टी स्पीकर, अभी हमारे पहले जिस सदस्य ने जैसी बात कही मुझे माफ करेंगे, अगर उनकी बात मान ली जाए और होम मिनिस्टर पुलिस जैसा यह काम करें तो आज हिन्दुस्तान में बहुत जगहों पर जहां लोग अपने अधिकार के लिए लड़ रहे हैं, उनको सीधे गोली से मार देना होगा । यह आज की परिस्थिति है, इसको हम लोगों को गंभीरतापूर्वक जानना चाहिए ।

आज हिन्दुस्तान में, विशेष कर उन क्षेत्रों में जिन क्षेत्रों में आदिवासी बसते हैं, कई प्रकार के आन्दोलन चल रहे हैं । सरकार उनकी मौलिक मांग या मुद्दे को नहीं समझ पा रही है । होम मिनिस्ट्री की तरफ से यह समझा जा रहा है कि जहां पर कोई आन्दोलन हो, कोई आवाज हो तो यह करने वाले असामाजिक तत्व हैं और उनको गोली का शिकार कर देना चाहिए ।

इस मिनिस्ट्री की जो रिपोर्ट 1981-82 की है, उसमें नेशनल यूनिटी के बारे में कहा गया है :—

> "National unity, integrity and a feeling of oneness among various castes, communities, religious and other groups being the necessary pre-requisite for orderly progress, the Home Minisry keeps under continuing watch the factors which threaten this unity."

यह सरकार स्थिति पर बराबर से नजर रख रही है । बात ठीक है । मगर यह तो एक निगेटिव एटीच्यूड हुआ कि हमारी कण्ट्री की पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख रही है । राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए यह काफ़ी नहीं है । किस तरह से हर वर्ग के लोगों को नेशनल फीलिंग को स्ट्रैंथन किया जाए, इसके लिए कोई पोजिटिव काम किया जा रहा है या नहीं, इसकी कोई चर्चा इसमें नहीं है ।

आज जो इंडिया में हो रहा है, विशेष कर आदिवासी क्षेत्र में चाहे मध्य प्रदेश हो, गुजरात हो, महाराष्ट्र हो, उनको उदासीनता से नहीं लिया जाना चाहिए । यह ला एण्ड आर्डर का मामला नहीं है । यह लोगों का एक बुनियादी मामला है ये लोग अपने राजनीतिक अधिकारों, डेमोक्रेटिक आकांक्षाओं को देश की जनता

के सामने रखना चाहते हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए हमें गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उन क्षेत्रों के लोगों से जानें, पता करें। अभी तक क्या होता आया है। आदिवासी-हरिजन कल्याण सम्बन्धी जितने काम किए गए, जितनी योजनाएं बनाई गई, जितनी नीतियां निर्धारित की गई, उनके बारे में इन लोगों से नहीं पूछा गया। अब तक ऐसा रूप रखा गया है कि हम शासन करने वाले हैं और तुम आदिवासी लोग कुछ नहीं जानते हो, तुम कुछ नहीं सोच सकते हो, इसलिए तुम्हारा कल्याण कैसे होगा, विकास कैसे होगा, यह हम देखेंगे। इस विचार से काम चल रहा है। आज तक आदिवासियों से नहीं पूछा गया कि तुम क्या चाहते हो, तुम्हारा विकास कैसे होना चाहिए, किस ढंग से होना चाहिए, किस ढंग से काम किया जाए ताकि तुम आगे बढ़ सको। आज आदिवासियों को पार्टीसिपेंट बना कर काम नहीं हो रहा है। ऐसा लगता है जैसे ये लोग नाबालिग हैं, कुछ नहीं जानते हैं, निम्न दर्जे के नागरिक हैं और यही विचार होम मिनिस्ट्री और केन्द्र सरकार में भी दिखता है। इसलिए मेरा कहना है कि होम-मिनिस्ट्री को नया दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। अगर आदिवासियों का कल्याण करना है, उन्हें नागरिक के रूप में आगे बढ़ाना है तो इनके साथ बात करके, इनके विचारों को समझकर नीति निर्धारण का काम करें, इनको पार्टिसिपेंट बनाएं।

इसी प्रकार इनकी समस्याओं के बारे में कई बार बात उठाई जाती है। जहां-जहां भी पिछड़े इलाके हैं, इनकी समस्याएं उठाई जाती हैं, लेकिन सरकार इनकी समस्याओं की ओर पूरा ध्यान नहीं दे पाती। इसलिए मैं मांग करता हूं कि पूरे हिन्दुस्तान में जहां-जहां ऐसे इलाके हैं, उन इलाकों की समस्याओं को ठीक से देखने के लिए उनकी जांच करने के लिये और स्थिति का समाधान निकालने के लिए एक—"स्टेट रीआर्गनाइजेशन कमीशन" बनाया जाए। इसके माध्यम से इन सारी समस्याओं का, जो विस्फोटक ढंग से दबी पड़ी हैं, विस्फोट होने से पहले समाधान हो सकता है।

आदिवासियों और हरिजनों के रिजर्वेशन के सम्बन्ध में बहुत चर्चा हुई है। इसके लिए छटी पंचवर्षीय योजना में काफी प्रावधान रखा गया है, लेकिन मेरा कहना है कि काम नहीं हो रहा है। इस वक्त जो लोग काम करने वाले हैं, जिनको अधिकार दिया गया है, उनके अन्दर पोलिटिकल विल नहीं है। मसलन आपकी होंम-मिनिस्ट्री नही शड्यूल-कास्ट और शड्यूल ट्राइब्स के प्रमोशन का मामला लटका हुआ है। हमने कई बार पत्र लिखे हैं। सन् 1979 में जो सेक्शन आफिसर अण्डर सेक्रटरी के पद पर प्रमोट करने थे, उनको प्रमोशन नहीं दिया गया है। जिस प्रकार डिफेंस मिनिस्ट्री में क्वालिफाइंग एयर 10 साल से घट कर 5 साल कर दिए गए हैं इसी प्रकार यदि होम मिनिस्ट्री में भी इस अवधि को 5 साल कर दिया जाए तो इनको प्रमोशन मिल सकता है। सभी जगह आपकी ओर से सर्कुलर जाते हैं, राज्य सरकारों को, पब्लिक अण्डरटेकिंग्स को जाते हैं, लेकिन आपके यहां ही काम नहीं हो रहा है।

इसी प्रकार बिहार ज्यूडिशियल आफिसर्स एसोसिएशन के लोगों का मामला है, हमें बताया जाए कि पटना हाई कोर्ट शेड्यूल-कास्ट और शेड्यूल-ट्राइब्स के

[श्री एन० ई० होरो]

जूडिशियल आफीसर्स के लिए कोई प्रमोशन का चैनल ही नहीं है, उनके लिए कोई रिजवेशन नहीं है। पटना हाई कोर्ट उनकी बात का विरोध कर रहा है और 1975 साल से यह बात चल रही है। ला मिनिस्ट्री से हाईकोर्ट और राज्य सरकार को पत्र लिखा गया मगर हाई कोर्ट ने नहीं माना। स्टेट गवर्नमेंट पंगु बनी हुई है। आज उन लोगों को प्रमोशन न देने की वजह से उनका करीब एक अरब रुपये का फाइनेंशियल लास हुआ है।

आज हालत यह है कि रिजर्वेशन के अनुसार शड्यूल्ड ट्राइब्ज का ज्यूडिशल सर्विसिस में जितना कोटा होना चाहिए वह भर नहीं पाया है और इस कारण से उन में उत्तेजना बढ़ रही है। ऐसी अवस्था में सरकार को नीति पर विश्वास करना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिजर्वेशन और बैनिफिट्स के सम्बन्ध में सैंट्रल गवर्नमेंट अच्छी तरह से कामों को सम्भाल सके, इस वास्ते मेरी मांग यह है कि सैंट्रल लेवल पर शड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड ट्राइबल एफेयर्ज के लिए एक अलग से मंत्रालय बने। यह मेरी मांग है और मैं चाहता हूं कि इसको पूरा किया जाए।

भारत की जो प्रगति हो रही है उस में पिछड़ी, दबी जातियां और कमजोर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय भी हो रहा है। हमारे क्षेत्र बिहार में मिनरल्ज बहुत ज्यादा इस मामले में वह धनी है, कोयले की खदानें, अभ्रक की खदानें हैं और इन सब पर आधारित फैक्ट्रीज बनी हैं, आजादी के बाद सार्वजनिक क्षेत्र में औद्योगिक विकास के प्रतिष्ठान बने हैं और बन रहे हैं। 34 साल तक विकास के नाम पर वहां के लोग उपरूट हुए हैं, विस्थापित हुए हैं और उनका रिसैटलमेंट आज तक नहीं हो पाया है। रिसैटलमेंट की रिस्पांसिबिलिटी स्टेट गवर्नमेंट की है। स्टेट गवर्नमेंट उनका रिसटलमेंट करती नहीं है। सैंट्रल गवर्नमेंट सिर्फ कह देती है कि लेकिन स्टेट गवर्नमेंट करती नहीं है। नतीजा यह है कि पचास हजार के करीब परिवार आज भी विस्थापित हैं, उखड़े हुए हैं। उन के पास न कोई नौकरी है और न ही बढ़िया रहने को जगह है। उन क्षेत्रों के लिए जहां हरिजन और आदिवासी लोग अधिक संख्या में बसते हैं और जहां इंडस्ट्रियल प्रोजक्ट्स निकल रहे हैं। यह पहला चार्ज होना चाहिए गवर्नमेंट का जो लोग अपरूट हों उनकी इकानोमीकली (economically) रिहैबिलिटेट करने का इंतजाम करे। स्कीम बना कर उनको जीविका के साधनों को सरकार को पहले ठीक करना चाहिए और उसके बाद ही उनकी जमीन को अर्जित किया जाना चाहिए। इसके बारे में कई सालों से कहा जा रहा है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मेरी मांग है कि इस ओर विशेष ध्यान दिया जाए।

18.00 hrs.

कम्युनल रायट्स की आवाज बराबर उठती रहती है। कुछ पार्टियां हैं, संस्थायें हैं जिन के माध्यम से उत्तेजना फैलाई जाती है। उन के साथ जैसा जमीलर्रहमान साहब ने कहा है कि कड़ाई से पेश आया जाना चाहिए। जो इस प्रकार के लोग हैं, जो अमन चैन को खतरे में डालने की कोशिश करते हैं गवर्नमेंट उन पर कड़ी नजर रखे सरकार का यह फ़र्ज है कि उनके बारे में वह प्रिवैंटिव मैसर्ज पहले से ले। गड़बड़ी हो चुके फिर एक्शन ले, ऐसी इन्तजार सरकार को नहीं करना चाहिए। रायट हो चुका हो और फिर एक्शन लिया जाए और कमिशन बहाल किया जाए, यह बात नहीं होनी चाहिए। पहले

से ही कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि रायट होने ही न पाए। ऐसा काम करे ताकि घटना ही न घटे। सरकार का भी इस में कुछ दोष है। अल्प संख्यकों के बारे में कहा जाता है कि उनको नेशनल मेन स्ट्रीम में लाया जाना चाहिए। नैशनल मेन स्ट्रीम का आम अर्थ तो हिन्दू वे आफ लाइफ। इसी में सब को ले आया जाना चाहिए। सरकार भी इसके बारे में चुप है। वह भी इसको बढ़ावा दे रही है। इसका नतीजा यह है कि जो संस्थायें इस प्रकार के नारे देती हैं उनको शह मिल जाती है। सरकार को एस्टैबलिशमेंट में सैकड़ों हजारों लोग ऐसे हैं जो एंटीनेशनल है, जो एंटी माइनोरिटी फीलिंग्ज के हैं। ऐसी अवस्था में कैसे आप आशा कर सकते हैं कि सरकारी यन्त्र या व्यवस्था के माध्यम से आप कम्युनल रायट्स को एवायड कर सकते हैं। इस तरफ आपका ध्यान जाना चाहिए और गम्भीरतापूर्वक आपको इस चीज को लेना चाहिए और ला एण्ड आर्डर को सख्ती से आपका बनाए रखना चाहिए।

MR. DEPUTY SPEAKER: All right The House stands adjourned to reassemble at 11.00 a.m. tomorrow.

**18.01 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, March 23, 1982/Chaitra 2, 1903 (Saka)*

GMGPIND—L—13 LS—16-6-82—890